e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 207
रविवार
30.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जब आपको लोग पूछे कि आप क्या काम करते हैं तो वो लोग वास्तव में आपको इतनी इज्जत देनी है, इसका अन्दाजा लगाते है।

ताजा खबरों के लिए देखें

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बरामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

अधिकतम 28°
न्युनतम 23°

## मातम में बदला मुहर्रम का जुलूस, हाईटेंशन तार की चपेट में आया ताजिया

# 4 की मौत, 7 गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेरमो-कथारा (बोकारो) :** मोहर्रम जुलूस के दौरान ताजिया के हाईटेंशन तार की चपेट मे आने के बाद बेरमो अनुमंडल के कथारा खेतको गाँव के चार लोगो की मौत हो गई,जबकि 7 लोग झुलस गए। जिनका इलाज बोकारो जनरल अस्पताल मे चल रहा है। घटना में एनामुल रब, साजिद आलम, आसिफ रजा व गुलाम हुसैन की मौत हो गई। घटना की सूचना होने के बाद मंत्री बेबी देवी मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाने और घायलों का हालचाल लेने बोकारो जेनरल अस्पताल पहुंची। इस दौरान उनके साथ डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक तथा बेरमो विधायक कुमार जयमंगल भी मौजूद रहे। विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने कहा कि इस घटना के बाद सरकार के स्तर से मृतक के परिजनों को बिजली विभाग दो - दो लाख मुआवजा देने का काम करेगी। वहीं घायलों को एक एक-एक लाख मुआवजा दिया जाएगा। घायलों के इलाज की व्यवस्था बिजली विभाग के द्वारा कराई जाएगी। जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी और पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। बोकारो बीजीएच के चिकित्सकों के अनुसार उनमें से भी कई लोगों कि स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों एवं घायलों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पर्व को देखते हुए विद्युत आपूर्ति नहीं काटने की वजह से उक्त घटना घटी है।


### बोकारो की घटना पर सीएम ने जताया दुख

बोकारो जिले के खेतको में मुहर्रम जुलूस के दौरान दुर्घटना से 4 लोगों की मृत्यु और 10 लोगों के घायल होने का दुःखद समाचार मिला। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी जीवी सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन की देखरेख में घायलों का इलाज चल रहा है। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।



### भीषण सड़क हादसा, 6 की मौत

**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में शनिवार की सुबह दो निजी बसों की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई और 21 घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं। यह दुर्घटना मलकापुर शहर में एक फ्लाईओवर पर हुई। हादसे का शिकार हुई बसों में से एक बस अमरनाथ यात्रा के बाद हिंगोली जा रही थी, जबकि दूसरी निजी बस नासिक की ओर जा रही थी। नासिक की ओर जा रही बस ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और दूसरी बस के सामने आ गई, जिससे टक्कर हो




गई। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद सड़क पर यातायात बाधित हो गया।

### तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 लोगों की मौत

चेन्नई - तमिलनाडु के कृष्णागिरि में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए.शनिवार की सुबह हुए इस विस्फोट का प्रभाव इतना तेज था कि पास के एक होटल की इमारत ढह गई और चार अन्य इमारतें भी डैमेज हो गई.इन इमारतें के डैमेज होने से कई लोग इन इमारतों में ही फंस गये. सुचना पर पहुंचे दमकल विभाग ने सबसे पहले इन इमारतों में लगी आग को बुझाते हुए यहां फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया. रेस्क्यू ऑपरेशन में निकाले गये लोगों को अस्पताल लेकर जाया गया है.

## 22 भाषाओं में होगी सीबीएसई की पढ़ाई : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति मैदान के भारत मंडप में शनिवार को अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023 का उद्घाटन किया. नई शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर इस समागम का आयोजन किया गया, जो दो दिन चलेगा. पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में उद्घाटन भाषण देते हुए शिक्षा जगत में होने वाले बड़े बदलावों पर चर्चा की. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तीन साल पूरे होने पर उन्होंने देशभर के बुद्धिजीवियों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने इसे एक मिशन की रूप में लिया और आगे भी बढ़ाया. पीएम मोदी ने पीएम श्री योजना पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया के तहत राशि की पहली किस्त भी जारी की. पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि अब शिक्षा क्षेत्रीय भाषाओं में दी जानी है इसलिए पुस्तकें 22 भारतीय भाषाओं में भी होंगी. इसका एक और लाभ देश को होगा, भाषा की राजनीति करके अपनी नफरत की दुकान चलाने वालों का भी शटर डाउन हो जाएगा. एनईपी से देश की हर भाषा को सम्मान और बढ़ावा मिलेगा. पीएम मोदी ने अपने भाषण में नई शिक्षा नीति के तीन साल पूरे होने पर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को अनुसंधान और नवाचार का केंद्र बनाना है. पीएम मोदी ने कहा, ये शिक्षा ही है जिसमें देश को सफल बनाने, देश का भाग्य बदलने की सर्वाधिक ताकत है. आज 21वीं सदी का भारत जिन लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ रहा है, उसमें हमारी शिक्षा व्यवस्था का भी बहुत ज्यादा महत्व है. आप सभी इस व्यवस्था के प्रतिनिधि है, ध्वज वाहक हैं, इसलिए अखिल भारतीय शिक्षा समागम का हिस्सा बनना मेरे लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है. उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं विद्या के लिए विमर्श जरूरी होता है, शिक्षा के लिए संवाद जरूरी होता है. मुझे खुशी है, अखिल भारतीय समागम के इस सत्र के जरिए हम विमर्श और विचार की अपनी परंपरा को और आगे बढ़ा रहे हैं. इसके पहले ऐसा आयोजन काशी के नवनिर्मित रुद्राक्ष सभाग्रह में हुआ था. इस बार यह समागम दिल्ली के इस नवनिर्मित भारत मंडपम में हो रहा है. खुशी की बात यह है कि विधिवत रूप से भारत मंडपम के लोकार्पण के बाद यह पहला कार्यक्रम है और खुशी इसलिए बढ़ जाती है कि पहला कार्यक्रम शिक्षा से जुड़ा कार्यक्रम हो रहा है.

## क्विक न्यूज

### प्रतापगढ़ : राजा भैया के पिता किए गए हाउस अरेस्ट

**प्रतापगढ़ः** प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में शनिवार को ताजिया का जुलूस निकलने के पहले पूर्व मंत्री और कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के पिता राजा उदय प्रताप सिंह को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। उनके महल के चारों तरफ कई थानों की पुलिस और फोर्स लगा दी गई है। उदय प्रताप सिंह हर साल मुहर्रम के दिन प्रयागराज अयोध्या-हाईवे पर स्थित शेखपुर में बंदर की बरसी मनाने व भंडारा करने पर अड़ जाते हैं।

### खूंटी में पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी :** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के सुरूंदा गांव के पास चल रहे पुल निर्माण कार्य के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने और जेसीबी और स्कूटी तथा एक मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने दो वॉकी-टॉकी हैंडसेट और रिवाल्वर के साथ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएएफआई के सक्रिय उग्रवादियों वीर सिंह पूर्ति और जॉर्ज सांडी पूर्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से लोडेड रिवाल्वर, दो जिंदा कारतूस पीएलएफआइ का पर्चा, चंदा रसीद, पिट्ठू सहित अन्य सामान बरामद किये हैं।


### ग्रामीण विकास विभाग के सभी कार्यालय रविवार को भी खुलें रहेंगे

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र को देखते हुए ग्रामीण विकास विभाग ने रविवार के दिन भी कार्यालय खोलने का फैसला लिया है। शनिवार को कार्यालय बंद ही रहेंगे लेकिन रविवार को कार्यालय खोला जाएगा।ग्रामीण विकास विभाग ने सभी पदाधिकारियों कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि वह रविवार के दिन कार्यालय पहुंचे और विधानसभा से जुड़े कार्य करें। विभाग से जुड़े सभी जिलों के कार्यालय रविवार को खुले रहेंगे, जहां विधानसभा से जुड़े कार्य होंगे। विधायकों के सवालों के जवाब इत्यादि तैयार किए जाएंगे।सोमवार को झारखंड विधानसभा का अनुपूरक बजट भी है, ऐसे में इसकी भी तैयारी विभागों द्वारा की जा रही है।

### मणिपुर हिंसाः विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसद राहत शिविरों में पीड़ितों से मिले

**नई दिल्ली :** जातीय संघर्षग्रस्त मणिपुर में जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए विपक्षी गुट इंडिया के 21 सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को नई दिल्ली से मणिपुर पहुंचा. विपक्षी सांसदों की टीम 3 मई को पूर्वोत्तर राज्य में हुई जातीय झड़प के पीड़ितों से मिलने के लिए कई राहत शिविरों का दौरा करेगी. सांसद रविवार को मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से भी मुलाकात करेंगे. सांसद दिल्ली से व्यावसायिक उड़ान से इंफाल पहुंचे. यहां पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल चुराचांदपुर जाएगा, जहां ताजा हिंसा हुई है और वहां राहत शिविरों में कुकी समुदाय के पीड़ितों से मुलाकात करेगा. एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, सुरक्षा कारणों से इंफाल से वे एक हेलिकॉप्टर से चुराचांदपुर जाएंगे. दो दिवसीय दौरे पर गए सांसद जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे. इस प्रतिनिधिमंडल में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हैं. यह प्रतिनिधिमंडल अपने आकलन के अनुसार मणिपुर की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और संसद को सुझाव देगा. प्रतिनिधिमंडल में चौधरी और गोगोई के अलावा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुष्मिता देव, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की महुआ माजी, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोई, राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के जयंत चौधरी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन, जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं अनिल प्रसाद हेगड़े, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के संदोश कुमार और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के ए ए रहीम भी शामिल हैं.

## वाराणसी : ताजिया का जुलूस निकालने पर विवाद, पथराव



*** पथराव में दर्जनों लोग घायल, 40 से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त**

एजेंसी

**वाराणसी :** मोहर्रम पर शनिवार को ताजिया का जुलूस निकालने के दौरान जैतपुरा थाना क्षेत्र के दोषीपुरा में शिया और सुन्नी समुदाय के युवा अचानक आमने-सामने हो गए। देखते ही देखते उग्र नारेबाजी के साथ पथराव से अफरा-तफरी मच गई। उपद्रवियों के पथराव की वजह से दर्जनों मोटरसाइकिल और चारपहिया वाहनों के साथ पुलिस के वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए। पथराव में दर्जनों लोग घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी एस. राजलिंगम भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। फोर्स ने उपद्रव कर रहे युवकों को दौड़ा-दौड़ाकर गलियों में खदेड़ा। पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी खुद मौके पर स्थिति सामान्य होने तक डटे रहे। सुरक्षा की घेरेबंदी के बीच ताजियों को इमामबाड़े में ठंडा करने के लिए भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अति संवेदनशील क्षेत्र दोषीपुरा में अपरान्ह में ताजिया का जुलूस निकल रहा था। इसी दौरान शिया और सुन्नी वर्ग के कुछ युवकों में विवाद हो गया। दोनों पक्ष नारेबाजी करते हुए एक दूसरे पर पथराव करने लगे। यह देख मौके पर मौजूद पुलिस अफसरों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उपद्रवी युवकों ने पुलिस बल और उनके वाहनों पर भी पथराव शुरू कर दिया। बवाल की जानकारी मिलते ही पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन पुलिस अफसरों और कई थानों की पुलिस फोर्स, एआरएफ और पीएसी जवानों को लेकर वहां पहुंच गए। अफसरों के सामने ही उपद्रवी पथराव कर रहे थे। यह देख पुलिस अफसरों ने जवानों के साथ मिलकर लाठियां भाजते हुए उन्हें खदेड़ा तो दोनों पक्ष पुलिस बल पर ही भड़क गए। भीड़ के उग्र तेवर देख फोर्स ने उपद्रवियों को गलियों में दौड़ाकर खदेड़ स्थिति पर नियंत्रण किया। इसके बाद पथराव में घायल लोगों को इलाज के लिए पुलिस अफसरों ने कबीरचौरा स्थित मंडलीय चिकित्सालय और अन्य अस्पतालों में भेजा।

## मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग की स्थापना हेतु बढ़ाया कदम

*** 354.28 करोड़ रुपए का होगा निवेश**
*** जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग की होगी स्थापना**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री के इस पहल के बाद अब देश में पेट्रोल, डीजल और बैटरी साथ जल्द हाइड्रोजन ईंधन से भी वाहन चलेंगे। सीएम में निर्माण व उत्पादन के लिए ईकाई की स्थापना हेतु सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमिटि एवं हाई पावर कमिटी की स्वीकृति की प्रत्याशा में उक्त निवेश के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। एमओयू के उपरांत जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग के स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इस कार्य में हाइड्रोजन इंजन बनने की नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिसका लाभ आने वाले समय में पूरे देश को होगा।

झारखण्ड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2021 के वर्गीकृत सेक्टर वाइज मेगा प्रोजेक्ट्स के अनुसार उपर्युक्त परियोजना निर्माण से संबंध रखती है। ईकाई से प्राप्त निवेश तथा प्रत्यक्ष नियोजन के आधार पर ईकाई का वर्गीकरण मेगा श्रेणी के अंतर्गत किया गया है। इसके लिए प्रस्तावित निवेश 354.28 करोड़ रुपए है। एक अनुमान के अनुसार ईकाई 310 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लोगों का नियोजन सुनिश्चित हो सकेगा। हाइड्रोजन ऐसा ईंधन है, जिसकी क्षमता अन्य ईंधनों के अपेक्षा अधिक होती है।

इसका एनर्जी लेबल अधिक होता है। यह सस्ता और हल्का होता है। ऐसे में पेट्रोल और डीजल के बीच इसे एक बेहतर विकल्प माना जा सकता है। हाइड्रोजन ईंधन से प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। भारतीय बाजार और विश्व स्तर पर हाइड्रोजन इंजन की जरूरतों को पूरा करने के लिए 4000+ हाइड्रोजन आईसी इंजन/ईंधन एग्नोस्टिक इंजन और 10,000+ बैटरी सिस्टम की उत्पादन क्षमता के निर्माण आवश्यक जरूरतों की आपूर्ति और नई सहायक इकाइयों की स्थापना के लिए स्थानीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा।

## मिशन 2024: बीजेपी चीफ जेपी नड्डा ने बनाई नई टीम

*** एएमयू के पूर्व वीसी तारिक मंसूर बने उपाध्यक्ष**
*** कांग्रेस से आए एंटनी के बेटे को बड़ी जिम्मेदारी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी मिशन 2024 की तैयारियों में जुट गई है. इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी टीम का चुनाव भी कर लिया है. जेपी नड्डा की नई टीम में वसुंधरा राजे, रमन सिंह और कैलाश विजयवर्गीय सहित 38 नेताओं को जगह मिली है. इस लिस्ट में खास बात यह है कि हाल ही में कांग्रेस से बीजेपी में आए अनिल एंटनी को भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. अनिल पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे हैं.

**इन्हें बनाया गया राष्ट्रीय उपाध्यक्षः** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम और वर्तमान विधायक रमन सिंह, सांसद सरोज पांडेय और लता उसेंडी, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधायक वसुंधरा राजे, झारखंड से रघुवर दास, मध्य प्रदेश से सौदान सिंह, उत्तर प्रदेश से सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी, सांसद रेखा वर्मा और विधान परिषद सदस्य तारिक मंसूर, ओडिशा से बैजयंत पांडा, तेलंगाना से डीके अरुणा, नगालैंड से एम चौबा एओ और केरल से अब्दुल्ला कुट्टी. बता दें कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए प्रोफेसर तारिक मंसूर एएमयू के वाइस चांसलर रह चुके हैं.



**इन्हें बनाया राष्ट्रीय महामंत्री :** उत्तर प्रदेश से सांसद अरुण सिंह, सांसद राधामोहन अग्रवाल, मध्य प्रदेश से कैलाश विजयवर्गीय, दिल्ली से दुष्यंत कुमार गौतम, राजस्थान से सुनील बंसल, महाराष्ट्र से विनोद तावड़े, पंजाब से तरुण चुग, तेलंगाना से सांसद संजय बंदी. वहीं, बीएल संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री संगठन और शिवप्रकाश को राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री बनाया गया है.

**इन्हें बनाया गया राष्ट्रीय सचिवः** महाराष्ट्र से विजया राहटकर, आंध्र प्रदेश से सत्या कुमार, दिल्ली से अरविंद मेनन, महाराष्ट्र से पंकजा मुंडे, पंजाब से नरेंद्र सिंह रैना, राजस्थान से डॉ. अल्का गुर्जर, पश्चिम बंगाल से अनुपम हाजरा, मध्य प्रदेश से ओमप्रकाश धुर्वे, बिहार से ऋतुराज सिन्हा, झारखंड से आशा लाकड़ा, असम से सांसद कामख्या प्रसाद तासा, उत्तर प्रदेश से सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, केरल से अनिल एंटनी को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है. जबकि, उत्तर प्रदेश से राजेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष और उत्तराखंड से नरेश बंसल को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है.

**नड्डा ने जिन चेहरों को टीम से हाटायाः** राष्ट्रीय महासचिव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से दो-दो नेताओं की छुट्टी कर दी गई है. कर्नाटक में अपना ही चुनाव हारने वाली सीटी रवि की महासचिव पद से छुट्टी कर दी गई है.

## मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 6 राज्यों से मांगा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने देश में मुसलमानों के खिलाफ गोरक्षकों की हिंसा की बढ़ती घटनाओं और मॉब लिंचिंग को लेकर केंद्र और छह राज्यों के पुलिस प्रमुखों को नोटिस जारी किया है. शीर्ष अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान ये नोटिस जारी किया. याचिका में पिछले छह महीने में सामने आए मामलों को लेकर मुआवजे की मांग की गई है.भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े संगठन नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वीमेन की तरफ से दायर याचिका पर शुक्रवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने सुनवाई की. याचिका में तहसीन पूनावाला मामले में 2018 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के उल्लंघन को लेकर चिंता जताई गई है. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट से सभी राज्यों को 2018 के सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई करने का आदेश देने की मांग की गई है.

याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के साथ ही 6 राज्यों हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, ओडिशा और महाराष्ट्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा. बेंच ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि हम नोटिस जारी करेंगे. महिला संगठन ने मॉब लिंचिंग में पुरुषों की हत्या के बाद उनके पीछे छूट गई परिवार की महिलाओं का मुद्दा उठाया है. याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने शीर्ष अदालत से मामले को हाई कोर्ट में न भेजने का अनुरोध किया.

## संक्षिप्त खबरें

### हाईटेंशन तार के ताजिया के आने से तीन घायल

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुहर्रम पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के सरहस्ताल ग्राम में निकाले गये ताजिया का गुंबद 1लाख 33 हजार वोल्ट के विद्युत तार में सटने से ताजिया जलकर खाक हो गया वहीं इसके चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये.स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनो जख्मी लोगो को इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सक ने स्थिति खतरे से बाहर बताया. घटना शनिवार को दोपहर 12 बजे का बताया जाता है.जख्मी सभी सरहस्ताल गांव निवासी आलम अंसारी, हकीक अंसारी तथा अली बास अंसारी का नाम शामिल है.घटना के बारे में बताया जाता है कि सरहसताल ग्राम से ताजिया निकालकर लोग भ्रमण करते हुए ठरकिया गांव गये वापस लौटने के दौरान सरहसताल गांव जैसे ही पहुंचा सड़क के ऊपर 1लाख 33हजार वोल्ट का विद्युत तार में ताजिया का गुंबद सट गया. गुंबद के हटने के साथ ही ताजिया में आग पकड़ लिया.ताजिया को लेकर चल रहे तीन लोग जख्मी हो गये वही कई लोगों को हल्की झटके लगे. इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम सहित अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचकर घटना में जख्मी हुए लोगों की स्थिति की जानकारी लिया.

### काँस से बना 285 किलोग्राम का भव्य प्रतिमा अनावरण आज

**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य बाजार के पुरानी बस स्टैंड में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 285 किलोग्राम काँस से निर्मित भव्य प्रतिमा का अनावरण 30 जुलाई आज ही के दिन किया जायेगा। इसको लेकर अनावरण समिति के द्वारा उनके अनुयायियों ने महीनों से जी तोड़ मेहनत कर शानदार तैयारी कीया है। अनावरण समिति के संयोजक अजय वर्मा ने बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के साढ़े छह फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, प्रो. लक्ष्मण यादव, अर्जक संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा, सुषमा बौद्ध आदि की उपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही प्रतिमा अनावरण के पश्चात लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में मिशन सिंगर ओमप्रकाश दीवाना का शानदार कार्यक्रम होगा। जिसे लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में डीजे वाहन द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया है। वही अनावरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए केतार प्रखंड के सक्रिय संगठन जागृति युवा सेना परिषद के कार्यकर्ताओं ने अपना अहम योगदान समय देकर किया है।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर उंटारी- विशुनपुरा मार्ग पर कधवन ग्राम के समीप हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग घायल हो गये. स्थानीय लोगो की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया.जहा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मंसूर अंसारी को चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढवा रेफर कर दिया.वही घायल जसमीर अंसारी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है.

### कुएं में गिरी नीलगाय, ग्रामीण व वन कर्मियों की सहयोग से बचाया जा सका जान

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के बरिगावां गांव में पानी की तलाश में भटककर बस्ती में आई एक नीलगाय रात कुएं में गिर गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से नीलगाय को बाहर निकालकर छोड़ा। क्षेत्र के अधिसंख्य जल स्रोत सहित कुआं आदि बरसात के मौसम में भी सूखे पड़े हैं। प्यास से भटक रहे वन्यजीव पानी की खोज में रिहायशी इलाके में पहुंच रहे हैं। जहां जहां दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बरिगावां गांव सहित आसपास से पहुंचे ग्रामीणों के द्वारा उसे बाहर निकालने का हर संभव प्रयास किया गया। लेकिन सफलता नहीं मिली। तत्काल ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को इसकी सूचना दी। इसे गंभीरता से लेते हुए वन विभाग के अभिषेक कुमार पांडेय सहित वनकर्मी मुकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, गौरव कुमार के साथ स्थल पर पहुंचे। जहां वन कर्मियों व ग्रामीणों के सहयोग से नीलगाय को बाहर निकला गया। कुएं की गहराई कम होने के कारण नीलगाय को सही सलामत बचने से ग्रामीणों के साथ वनकर्मियों ने भी राहत की सांस ली।

### पेड़ से लटका मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के तुरिया टोला गांव निवासी चंदन भूईहर की पत्नी रजंती देवी 22 वर्ष के रूप में पहचान हुई मृतिका के पिता ने बताया कि 2 वर्ष पहले नावाडीह पंचायत के तुरिया टोला गांव निवासी पिता स्वर्गीय राम किशन भूईहर के बेटे चंदन भूईहर के साथ बड़े ही धूमधाम से शादी किए थे। मृतिका के पिता ने बताया कि हमें फोन के माध्यम से आज सुबह सूचना दिया गया कि आपकी बेटी रात 9:00 बजे ही घर से गायब है जिसके बाद हम लोग यहां से सुबह पहुंचे तो देखें कि घर से 500 मीटर दूरी पर रोड़ी के पेड़ के पास शव पड़ा हुआ है। जिसके गले में लाल कलर का दुपट्टा बंधा हुआ था जिससे प्रतीत पाया गया कि यह आत्महत्या नहीं हमारी बेटी को हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को दुपट्टा से लटका दिया गया है। उन्होंने बताया कि शादी के कुछ ही दिनों के बाद से अपाची गाड़ी का मांग करता रहता था नही देने पर जान मारने की धमकी देता रहता था। हमेशा हमारे बेटी के साथ उसके पति के द्वारा हमेशा मारपीट करते रहता था। जिससे कई बार पंचायती भी किया गया जिससे दोनों को समझा-बुझाकर पंचायत के द्वारा भेजा गया था जिसकी सूचना हम रामगढ़ थाना में भी दिए थे उन्होंने बताया कि गांव के ही चचेरी भाभी के साथ चंदन भूईहर का बहुत दिनों से अवैध संबंध चल रहा था। जिसके चलते हमारी बेटी को हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेज दिया गया है। मृतिका के पिता के द्वारा अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है आवेदन प्राप्त होते ही जांच पड़ताल कर दोषियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा ।

### असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है मोहर्रम पर्व : मंदीप मल्लाह

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के डंडा प्रखंड के छपरदागा पंचायत में शनिवार को हर्षोल्लास उल्लास के साथ मोहर्रम पर मनाया गया। इस दौरान गढ़वा रंका विस क्षेत्र के भावी प्रत्याशी पर भावी विधायक मंदीप मल्लाह ने अखाड़े में आए प्रखंड आगंतुकों , प्रशासन अधिकारियों और मोहर्रम कमेटी के सदस्यों और ग्रामीणों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही ताजिया बनाने वाले मुहर्रम इंतेजामिया के दोनों कमेटी को भी पुरस्कृत किया । मौके पर भावी विस प्रत्याशी श्री मल्लाह ने कहा कि मुहर्रम पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक का पर्व है।हम सबों को इमाम हुसैन के दिखाए हुए रास्ते पर हमें हमेशा चलना चाहिए, उनकी शहादत इंसानियत , समाज कल्याण को लेकर हुई थी। छपरदागा पंचायत में हिंदू -मुस्लिम एकता, प्रेम का जीता जागता मिसाल है। यहां दोनों संप्रदायों के बीच आपसी भाईचारा प्रेम और मधुर संबंध वर्षों पुराना है जो आज भी बरकरार है। मौके पर तौकीर अंसारी ,सदर मरखताब अंसारी ,यदू चौधरी ,सुषमा मेहता, रहीना बेबी ,अजय चौधरी ,प्रेम चौरसिया, लालमणि चौधरी दशरथ चौधरी, रामनाथ मल्लाह, सकुर अंसारी, पार्वती देवी, बहादुर चौधरी, शकूर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, कमलेश चौरसिया के साथ दोनों समुदायों के हजारों लोग मौजूद थे।

## धूमधाम से निकला दशमी मोहर्रम का जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पलामू :** उंटारी रोड प्रखंड में शनिवार को मोहर्रम की दशमी का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। मुस्लिम समुदाय के द्वारा मोहर्रम के जुलूस में या अली या हुसैन के नारों से गूंजमय हुआ क्षेत्र। इस मौके पर औरत मर्द, नौजवान, बच्चे ,व बूढ़े सभी अपने अपने क्षेत्र के जुलूस में शामिल हुए। जुलूस में लोग लाठी डंडा तलवार से अपने अपने हुनर व करतब प्रस्तुत किये प्रखंड के गाँव बिंदुआ , शेखडीहा, व टिटही में जुलूस निकाला गया। जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर प्रशासन भी अपनी ओर से सभी प्रकार की तैयारियों में लगी रही। प्रशासन सभी चौक चौराहों पर यातायात एवं जाम से निपटने के लिए तैयारियों में जुटी रही। ताकि जुलूस में किसी प्रकार की कठिनाइयॉ ना हो। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ने मोहर्रम को आपसी भाईचारगी एकता एवं सौहार्द के साथ मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा देश में सभी धर्मों का सम्मान अधिकार है और पूर्व से लोग एक दूसरे के धर्मों में मिलजुल कर सहयोग कर मनाते आए हैं और आगे भी हमें ऐसे ही मनाते रहना है अपने बुजुर्गों के बताए हुए मार्ग पर चलना है।

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मोहर्रम का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पलामू :** पांडू प्रखंड में शनिवार के दिन मुहर्रम का पर्वत शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया. इमाम हुसैन के शहादत दिवस के रूप में यह पर्व मनाया गया. इस अवसर पर ताजिया अखाड़ा एवं झंडा के साथ-साथ भव्य जुलूस भी निकाला गया. विभिन्न अखाड़ा कमेटी की ओर से निकाले गए ताजिया जुलूस में एक से बढ़कर एक तरकीब को दिखाया गया. लाठी तलवार के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के खेल दिखाकर लोगों का दिल जीत लिया. मुसीखाप, कुसहा, मुरुमातु, झरीवा, कजरुकला, आजाद नगर, हिसरा, के साथ-साथ अन्य गांव के लोगों ने कजरू कला मुख्य बाजार में इकट्ठा होकर एक दूसरे से मिले एवं करतब को दिखाया. कजरुकला के बाद मुसीखाप के लोंगो ने जुलुस के शक्ल में धुरिया नदी किनारे कर्बला के पास पहुंचे जहां या अली या हुसैन के नारों के साथ अली एंव हुसैन के सहादत की याद को ताजा किया.

## ताजिये के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस, सैंकड़ों लोग हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहादत और गम का पर्व मुहर्रम के अवसर पर शनिवार को ताजियों के साथ जुलूस निकाला गया। जहां इलाके के अररूआ खुर्द, बेलौदर, बंजारी, सतगांवा, सियरभूंका, अंसारी बिघा,कटैया, आदि गांवों से दर्जनों छोटी बड़ी ताजिये के साथ सैंकड़ों लोग शामिल हुए। जुलूस में पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ बासुदेव राय, थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एसआई निर्भय, कुमार शिवशंकर उरांव, प्रकाश गुप्ता, रंजीत कुमार झामुमो जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, मो0 असलम, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, राजकुमार पासवान आदि लोग भी शामिल होकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया ।

## शांति सौहार्दपूर्ण के साथ संपन्न हुआ मोहर्रम का त्यौहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** मुस्लिम धर्मावलम्बियों का त्यौहार मोहर्रम शनिवार को दसवीं पहलाम मनाने के साथ प्रखंड के बेलाबार,नावाडीह, केतार, पचाडुमर गाँव मे दो समुदायों के बीच आपसी भाईचारे के साथ शांति सौहार्द पूर्ण संपन्न हुआ। यह मोहर्रम का त्यौहार 19 जुलाई की शाम से शुरुआत होकर 29 जुलाई की शाम संपन्न किया गया। मुस्लिमों की माने तो यह त्यौहार गम का त्यौहार है। इसी माहे मोहर्रम में इमामे हसन हुसैन और उनके घर वालों की ईमान बचाने के एवज में बीमार बुजुर्ग जैनुल आबेदीन को छोड़कर उनके तमाम घरवालों को यजीदीयो के द्वारा सर कलम कर शहीद किया गया था। उसी त्याग, बलिदान एवं शहादत को याद कर ताजिया, शिपड, दुलदुल, इस्लामिया झंडा के साथ या हसन, या हुसैन कह कर मातम मनाया जाता है। उक्त त्यौहार की जुलूस में शांति व्यवस्था कायम रखने में केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि एवं बीडीओ सह अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ का अहम योगदान रहने की बात बताई गई साथ ही युवा समाजसेवी पंकज सिंह सभी चौकों का भ्रमण कर आर्थिक सहयोग किया इस अवसर पर मुखिया मूंगा साह, मुखिया प्रमोद कुमार का भी योगदान रहा। मौके पर पत्रकार सह बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, सदर शमीम अंसारी, अल्ताफ अंसारी, जसमुदिन अंसारी, सहित गांव के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सगमा व नगर उंटारी के बीडीओ द्वारा किया गया है भारी भष्ट्राचार : रामचंद्र केशरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिले के सगमा प्रखंड के बीडीओ सत्यम कुमार व नगर उंटारी प्रखंड के बीडीओ श्रवण राम द्वारा भारी भष्टाचार, लूट व दोनों के क्रिया कलाप बराबर उजागर होते रहता है.उक्त दोनों बीडीओ द्वारा जनता के साथ किये गये अभद्र व्यवहार, भारी भष्टाचार आदि के अनेकों दास्तान है.इसके बाद भी कुछ अधिकारी इन दोनों को बचाना चाहते हैं. उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने शनिवार को चेचरिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता में कही.उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के पत्र संख्या 492 दिनांक17 अप्रैल 2023 व पत्र संख्या 555 दिनांक 16 मई 2023 द्वारा अलग अलग गठित जांच टीम के बाद भी स्थल जांच नही हुआ,जबकि ये दोनों बीडीओ जिन जिन प्रखंडों में पहले थे वहां वहां के जिलाधिकारियों ने निलंबित कर कार्रवाई किया.

## बिजली की लचर व्यवस्था व भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व विधायक बैठेंगे आमरण अनशन पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** विधानसभा क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता हरिहरगंज में 5 अगस्त को धरना प्रदर्शन करेंगे । वहीं 6 अगस्त से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे । इसकी जानकारी उन्होंने शनिवार को हरिहरगंज स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी । इस दौरान उन्होंने कहा कि हरिहरगंज, पिपरा सहित पूरे हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में बामुश्किल 5 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रहा है । यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं । जबकि उनके कार्यकाल में बिजली की अच्छी व्यवस्था थी । उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के लिए अलग से फीडर का निर्माण किया जाए । वहीं उन्होंने कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है । हरिहरगंज में 2 वर्ष पहले 842 शहरी पीएम आवास के लिए लाभुकों को चयन किया गया था । जिसमें कई लाभुकों को प्रथम किस्त का राशि दिया गया है । परंतु पक्का का मकान बता कर दूसरा किस्त अभी तक नहीं दिया गया है । उन्होंने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है । इससे आम आवाम को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त मामले को लेकर राज्यपाल से मिलेंगे । मौके पर आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, जिला सचिव रामजी पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, मुखिया जितेंद्र पासवान, इश्तेखार आलम आदि मौजूद थे ।

## जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करने का पैगाम है मुहर्रम : केएन त्रिपाठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 शहीदों की शहादत में मोहर्रम की दसवीं तारीख को मनाया जाने वाले मातम का दृश्य रामगढ़ में देखने को मिला। उनकी याद में ताजिया जुलूस निकाला गया। जिसमें हुसैन की शहादत को नमन आंखों से सलाम किया गया। रामगढ़ प्रखंड के ,बेड़मा,बभनडी, रामगढ़ समेत अनेकों जगह से जुलुस निकाला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी शामिल हुए। जहां उन्हें पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया गया, वहीं गोल में गदका खेलकर एक दूसरे के पर्व में शामिल होकर भाईचारा का संदेश दिया। मौके पर रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत को सलाम कर लोग अच्छाई को अपनाने एवं बुराई को मिटाने की प्रेरणा देता है। जिसे निभाया जाना चाहिए। साथ ही शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए रामगढ़ पुलिस मुस्तैद है, पर्व-त्योहार को सहयोगी बन कर मनाना चाहिए। इस दौरान रामगढ़ प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी ने बताया कि हुसैन साहब का कत्ल करने के बाद भी यजीद का अंत होना उनकी शहादत के मर्म को दर्शाता है। हजरत इमाम हुसैन साहब एवं उनके 72 शहीदों की शहादत जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। जिनकी याद में संकल्प लेने का दिन है कि बुराई कितनी भी मजबूती से पैर पसारे अच्छाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में पदस्थापित,सुनील कुमार यादव , रवि शंकर कुमार यादव, एएसआई ,भूपेंद्र कुमार सिंह , एएसआई ,संजय कुमार ,मुखिया पति डॉक्टर फारूक अंसारी , पूर्व मुखिया मोहम्मद समीद अंसारी , मोहम्मद अयूब अंसारी, कलाम अंसारी,अजीमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी,समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## हाईवा की चपेट में आकर युवक की मौत ग्रामीणों ने सड़क को किया जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में शुक्रवार की देर रात बालू लदे हाइवा ने सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक को कुचल दिया. जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई. घटना पलामू जिला स्थित छतरपुर थाना क्षेत्र के काला पहाड़ पंचायत गोठा गांव के समीप ही हुई. युवक की पहचान गोठा गांव निवासी मुन्ना यादव (28 वर्ष) के रूप में की गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि एक हाइवा दूसरे हाइवा को ओवरटेक कर रहा था. इसी क्रम में घटना घटी. दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने छतरपुर हुसैनाबाद पथ को जाम कर दिया है. बताया जा रहा कि बाइक में हाइवा ट्रक की टक्कर से ये हादसा हुआ हैं. वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची छतरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है।देर रात हुई सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद शनिवार सुबह हुसैनाबाद छतरपुर मार्ग को जाम कर दिया है. जाम से दोनों तरफ वाहनों का लंबी कतारें लग गई है. पलामू में रोड एक्सीडेंट को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि बालू लदा हाइवा हुसैनाबाद की ओर से आ रहा था. जबकि बाइक पर सवार होकर युवक अपने मामा सुशीगंज के घर से अपने घर गोठा गांव जा रहा था।इसी बीच हुसैनाबाद छतरपुर पथ पर हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई. इस घटना से आक्रोशित लोगों ने हुसैनाबाद छतरपुर मार्ग को जाम कर दिया. साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का और हाइवा की रफ्तार पर लगाम लगाने की मांग की. मामले में छतरपुर पुलिस ने बताया कि इस घटना में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है. पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## आपसी सौहार्द के साथ मुहर्रम शांति पूर्ण तरीका से संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार :** नौडीहा बाजार प्रखंड के शाहपुर ,नामुदाग ,तेलियाडी, करकटा, सरईडीह, बारा, कटौतियां और विशुनपुर समेत अन्य गाँव का ताजिया व अखाडा अलम के साथ , या हुसैन या अली के साथ मातम करते हुए सरईडीह बाजार पंहुचा । जुलुस मे जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान, पूर्व जीप सदस्य सीता राम,शाहपुर पूर्व मुखिया, सरईडीह के मुखिया रेखा देवी, करकटा के मुखिया के मुखिया मंजू देवी, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री रौशन कुमार सिंह,विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती,पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव सहित अन्य लोग जुलुस मे शिरकत किया।

वहीं मौके पर जीप सदस्य ने कहा कि मोहम्मद पैगम्बर मे शहादत दिवस के रूप इन्हें याद किया जाता है, मोहम्मद पैगम्बर के बताया हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है। वहीं पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे हिन्दु -मुस्लिम एकता एवं शांति व भाईचारे के साथ मुहर्रम का पर्व मनाया गया ।ताजिया कमिटी के द्वारा जुलुस मे उपस्थित गणमान्य और जनप्रतिनिधि का पगड़ीपोश देकर सम्मानित किया ।वही प्रति नियुक्त दंडाधिकारी कृष्णकांत दिवेदी,चित्रागत कुमार, कुमार,थाना सब इंस्पेक्टर सहदेव उरांव,पुलिस अवर निरीक्षक सीता राम मुर्मू ने सहित कड़ी सुरक्षा मुहैया कराया गया। इस मौके पर मुस्लिम कमिटी के सदर मोहम्मद फारूक अंसारी,सचिव नौसाद अंसारी,ताजिया के अध्यक्ष हाफिज जन्नत हुसैन,डॉ मो मुस्लिम अंसारी,हाफिज मुनीर आलम, बसपा के प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी,मुखिया प्रतिनिधि धन्नजय प्रसाद,मोबीन अंसारी, अनवर हुसैन,जैनुल उलादीन,मुखिया प्रतिनिधि रामबली पासवान,आजाद अंसारी ,इस्लाम खलीफा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा कि बेटी की नेक जज्बे को मेरा सलाम : शौकत खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा की प्रतिष्ठित परिवार कि बेटी रांची में पढ़ रही बीटेक कि छात्रा मानवी सिंह ने घर वापसी में रांची से ही ढ़ेर सारे कपड़े अपने और अपने दोस्तों से कलेक्टर कर के निशुल्क कपड़ा बैंक गढ़वा को डोनेट करने के लिए लेकर लाई। जिसकी जानकारी निशुल्क कपड़ा बैंक के संस्थापक शौकत खान को गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव सह जिले में प्रतिष्ठित व्यवसाई समाजसेवी राघवेन्द्र नारायण सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने फोन पर दिया। उन्होंने शौकत ख़ान को बताया कि मेरी बेटी मानवी सिंह ने आपके सेवा कार्य से प्रभावित होकर गरीबो में निशुल्क बाटने के लिए रांची से कपड़ा लेकर आई है। वह आपको कपड़ा डोनेट करना चाहतीं हैं।इस पर शौकत ख़ान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिनियां रोड़ में उनके आवास पर पहुंचकर मानवी सिंह एवं गुड्डू सिंह के हाथों कपड़े को हर्ष के साथ स्वीकार किया।मानवी सिंह के जज्बे को सलाम करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे गढ़वा कि मिट्टी कि कण कण में सेवा भाव बसा हुआ है,तभी तो गढ़वा कि बेटी घर से बहुत दुर रहकर शिक्षा ग्रहण करते हुए गढ़वा के गरीबों के बारे में नेक सोच के साथ गरीबों की मदद करने की पवित्र सोच रखती है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि मुहर्रम पर्व के व्यस्तता में भी उन्होंने मानवी सिंह के जज्बे का आदर करते हुए कपड़ा लेने पहुच गए। इसके बाद शौकत खान ने मानवी सिंह को गरीबों का अनोखा बैंक मैगज़ीन भेट किया। मानवी सिंह ने शौकत ख़ान के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि इनके मार्गदर्शन और मेरे आदर्श पिता गुड्डू सिंह के सहयोग से मैं भी अब ज्यादा से ज्यादा गरीबों की सेवा करुंगी।

संक्षिप्त खबरें

## सांसद संजय सेठ ने दी बधाई

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रीय टीम में झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं रांची की पूर्व मेयर डॉ आशा लकडा को राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी है सांसद सेठ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड से दो कर्मठ नेताओं को राष्ट्रीय टीम में रखा गया है यह झारखंड के लिए गौरव का पल है इन दो नेताओं को राष्ट्रीय टीम में जगह मिलने से झारखंड और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा।

## पीयूष भट्ट को जेआरजी बैंक के समारोह में भावभीनी विदाई दी गई

**रांची।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष पीयूष भट्ट को जेआरजी बैंक प्रधान कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी। पीयूष भट्ट ने जुलाई 2021 से जून 2023 तक अध्यक्ष के रुप में कार्य किया। विदाई समारोह में बैंक के स्टॉफ सदस्यों ने भट्ट के 2 सालों के कार्यकाल के दौरान उनके विभिन्न उपलब्धियों को याद किया। उनके कार्यकाल में सभी क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया और बैंक ने नयी ऊंचाइयों को छुआ। झारखंड राज्य के ही मूल निवासी श्री मदन मोहन बरियार ने JRG Bank के अध्यक्ष पद का कार्यभार दिनांक 28.06.2023 को निवर्तमान अध्यक्ष पीयूष भट्ट से ग्रहण किया। बरियार भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के तौर पर नियुक्त हुये थे। भारतीय स्टेट बैंक में अपने 23 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई राज्यों में महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित किया7 इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक एस के पाणि, जसबीर सिंह एवं सहायक महाप्रबंधक आर के सिन्हा तथा मुकेश कुमार वर्मा के अलावा प्रधान कार्यालय तथा राँची क्षेत्रीय कार्यालय के सभी स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

# प्यासों को पानी पिलाया जाता है छीना नही जाता : तहजीबुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दसवीं मोहर्रम के मौका पर रांची शहर में शिया मुसलमानों ने मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी की अगुवाई में मातमी जुलूस कर्बला की याद में निकाला गया। बाद नमाज़ जोहर मस्जिद मजलिस जिक्रे शहिदाने कर्बला इमाम हुसैन का आयोजन किया गया।

मजलिस में मरसिया खानी अशरफ हुसैन ने किया। मजलिस को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया के इमाम व खतीब हजरत मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने कर्बला के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहां के कर्बला वालों की याद से इंसानियत को जिंदगी मिलती है। प्यासो को पानी पिलाया जाता है, पानी छिना नहीं जाता। तारीख ए कर्बला दुनिया ए इसलाम का सबसे गमनाक, अफसोसनाक तारीख है। जिसे सुनकर बड़े-बड़े दिलेरो के दिल कांप जाता है। मैदान ए कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की जगह दुनिया का बड़े से बड़ा बहादुर होता तो कर्बला में हो रहे जुल्म को बर्दाश्त ना करता। लेकिन हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 की कुर्बानी देकर इसलाम की रक्षा की और इसलाम को हमेशा हमेशा के लिए बचा लिया। सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी, महासचिव अकील उर रहमान, उपसचिव आदिल रशीद, उपाध्यक्ष आफताब आलम, डॉ एम हसनैन, सोहेल सईद, हाजी साहब अली आदि ने जुलूस का स्वागत किया। जुलूस या हुसैन या अली के सदाओं के साथ आगे बढ़ा।



जहां हनुमान मंदिर पर सद्भावना समिति, महानगर दुर्गा पूजा समिति, श्री महावीर मंडल के पदाधिकारियों ने जुलूस का स्वागत किया। जय सिंह यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, महावीर मण्डल के अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, अंजुमन के महासचिव डॉक्टर तारिक, समेत कई लोगों ने जुलूस का स्वागत किया।

जुलूस का संरक्षक अंजुमन जाफरिया के अध्यक्ष डॉक्टर शमीम हैदर, सचिव अशरफ हुसैन कर रहे थे। नोहा खूवानी अमीर गोपालपुरी, कासीम अली, अली रजा ने किया। मुहर्रम के कार्यक्रम को कामियाब बनाने वालों में सैयद फराज अब्बास, शारूख हसन रिजवी, हाशिम अली, यावर हुसैन, हैदर अली, नदीम रिजवी, कासिम अली, एस एच फातमी, अशरफ हुसैन हैं। इस मौके पर सैयद शारूख हसन रिजवी, एस जसीम रिज़वी, डॉ मुबारक अब्बास अली नवाब अली हसन फातमी, सैयद फराज अब्बास, इकबाल फातमी, अली नवाब, जावेद हैदर, अनीस हैदर, यादगार नकवी, एस एच फातमी, नासिर हुसैन, शमीमुल हसन, समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

**नौहा खानी अमीर गोपालपुरी ने नौहा खानी की तो पूरा जुलूस हाय हुसैन से गूंज उठा। जब पढ़ा कि**

रो कर जैनब ने कहा ऐ मेरे शेर अब्बास
छिन गई मेरी रिदा ऐ मेरे शेर अब्बास
मेरे गाज़ी मेरे हाथो जब बांधी रस्सी
सर झुका करके बहुत देर तलक मैं रोई
कहा रसूल ने पहचान लो मुसलमानों
अमीने इल्म नबी मान लो मुसलमानों
दरे हुसैन से ईमान लो मुसलमानों
ये मेरी जान है इसे जान लो मुसलमानों
हुसैन जिंदा है दस्तूर जिंदगी की तरह
शहीद मरता नहीं आम आदमी की तरह

## मरांडी ने पार्टी के नव नियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को दी बधाई

**रांची :** प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी संगठन है। नई राष्ट्रीय टीम के नेतृत्व में पार्टी 2024 में जनता के स्नेह और आशीर्वाद से तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सफल होगी। मरांडी ने कहा कि झारखंड से दो राष्ट्रीय पदाधिकारी को पुनः स्थान देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि झारखंड का सौभाग्य है कि प्रदेश प्रभारी एवम राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व दिया है। उन्होंने नव नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई एवम राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा सहित सभी को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, अभय कांत प्रसाद, यदुनाथ पांडेय, प्रणव वर्मा, विनोद शर्मा, गंगोत्री कुजूर, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू सहित अन्य शामिल हैं।

# यातायात एसपी को मिला ग्रामीण एसपी का प्रभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यातायात एसपी हारिस बिन जमॉ को रांची ग्रामीण एसपी के पद का अतिरिक्त प्रभार मिला है। इसको लेकर एसएसपी किशोर कौशल ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बीते 28 जुलाई को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम साहेबगंज एसपी बनाए गए हैं, इनके स्थानांतरण से ग्रामीण एसपी रांची का पद रिक्त हो गया है। ग्रामीण एसपी रांची के पदस्थापन तक यातायात एसपी हारिस बिन जमॉ अपने कार्यो के अतिरिक्त ग्रामीण एसपी के प्रभार में रहेंगे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच राजधानी रांची में निकला मुहर्रम का जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची में मुहर्रम का जुलूस अलग-अलग क्षेत्रों से निकाला गया। मेन रोड, डोरंडा सहित अन्य कई स्थानों में कड़ी सुरक्षा के बीच जुलूस निकाला गया। एहतियातन जुलूस के गुजरने वाले सभी इलाकों के बिजली भी काट दी गई है ताकि कोई अप्रिय घटना नहीं हो सके। मेन रोड में निकाले गए जुलूस और झांकियां देखते ही बन रही है। इसके लिए जगह-जगह स्टॉल लगाकर जुलूस निकालने वाले लोगों को शरबत से स्वागत किया जा रहा है। झांकी में युवा अपनी खेल कौशल के कलाओं का भी प्रदर्शन भी कर रहे हैं।



खिलाड़ियों ने गर्मजोशी के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया। कई इलाकों में ताजिया का जुलूस भी निकला। इसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। अलग-अलग हिस्से से खिलाड़ियों की टोली निकली। डंके और तासे की आवाज के बीच कई जुनून भरे खेलों का भी प्रदर्शन किया। मातमी नारों के साथ निकले जुलूस की सुरक्षा में जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी तैनात थे। जुलूस में आकर्षक ताजिया भी बनाया गया है। झारखंड विधानसभा के प्रारूप के साथ-साथ चंद्रयान-3 के प्रारूप भी शामिल हैं।

# कमला एकादशी महापर्व धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आज को श्रावण अधिमास शुक्ल पक्ष की कमला एकादशी महापर्व अत्यन्त श्रद्धा एवम भक्ति भाव से आयोजित किया गया । अधिमास शुक्ल पक्ष की एकादशी का विषेश महत्व होने के कारण प्रातः से मन्दिर में श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ हो गई थी । इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को प्रातः नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न रंगों के खुशबूदार फूलों गुलाब , रजनीगंधा , बेला , चमेली व तुलसी दल से मनमोहक श्रृंगार किया गया , साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी विषेश श्रृंगार किया गया । रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु की पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा संगीतमय संकीर्तन का गणेश वन्दना के साथ प्रारंभ किया गया । देता हरदम सांवरे हारे का तू साथ इत्यादि भजनों पर भक्तगण देर रात तक बाबा को रिझाते रहे । इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान , फल , मेवा , केसरिया दूध व मगही पान का भोग अर्पित किया गया । रात्रि 12 महाआरती व प्रसाद वितरण के कार्यक्रम का समापन किया गया । आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत , ओम जोशी , गोपी किशन ढांढनीयां, बालकिशन परसरामपुरिया का सहयोग रहा ।

# मुख्यमंत्री, स्पीकर और मंत्री पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने को लेकर थाने में शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बारे में (सोशल मीडिया) यूट्यूब पर आपत्तिजनक और अनर्गल भाषा का प्रयोग करने के आरोप में अरगोड़ा थाना में लिखित शिकायत की गई है। इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने अरगोड़ा थाना में शनिवार को लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि यह वीडियो भोकाल नामक यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया गया था।

मुख्यमंत्री , स्पीकर और मंत्री के बारे में यूट्यूब पर आपत्तिजनक, अनर्गल और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए एक विडियो अपलोड किया गया है, जो किसी टीवी के नाम के चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है। इस वीडियो में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम लेकर काफी आपत्तिजनक एवं अपमानजनक तथ्यों को परोसा जा रहा है। इसकी जानकारी शुक्रवार रात को हुई। आपत्तिजनक तथ्यों से अमन चैन और सौहाद्रपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है। इससे राज्य में अशांति फैलने का खतरा है। चैनल के संचालक, रिपोर्टर और बयानबाजी करने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि मामले को लेकर जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# झारखंड राज खुदरा व्यवसाई संघ की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चुटिया स्थित संघ कार्यालय में झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाई संघ की कार्यसमिति की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें व्यापार से संबंधित कठिनाइयों पर विचार विमर्श किया गया।

संघ के महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार मंत्री संजय पोद्दार ने बताया जल्द ही संघ का एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिलकर ट्रेड लाइसेंस में हो रही कठिनाइयों के समाधान को लेकर बात करेगी संघ ने नगर आयुक्त से मांग करते हुए कहा ट्रेड लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सरल तरीके से अपनाया जाए क्योंकि अधिकांश दुकान किराए पर रहते हैं मकान मालिक द्वारा होल्डिंग नंबर नहीं देने के कारण उन दुकानदारों को नगर निगम लाइसेंस देने में आनाकानी करती है जो दुकानदार समय पर शुल्क जमा कर दिए हैं उसका भी समय पर लाइसेंस नहीं दिया जाता है जिसके कारण जांच पदाधिकारी उनका भय दोहन करते हैं ट्रेड लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए ताकि खुदरा दुकानदार अपना ट्रेड लाइसेंस ले सके इससे निगम को भी राजस्व में वृद्धि होगी। रांची जिला में माप तैल विभाग एवं फूड सेफ्टी( सिविल सर्जन ऑफिस) में कर्मचारी के अभाव में दुकानदार को नवीकरण करके समय पर लाइसेंस नहीं मिल पाता है एवं अधिकांश क्षेत्र में जांच के अभाव में बिना लाइसेंस के काम करते हैं जिससे विभाग को काफी राजस्व की हानि होती है संघ माननीय मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि इन दोनों विभागों में निरीक्षकों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि दुकानदारों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस बैठक में संघ के दीपक अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, नवल किशोर प्रसाद, श्याम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, कृष्ण कुमार गोयल, संजय पोद्दार, सहित संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सुभाष मुंडा की हत्या की जांच सीबीआई को दे सरकार : रघुवर दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में जब से हेमंत सरकार बनी है, तब से आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा है। उभरते युवा आदिवासी नेता सुभाष मुंडा की हत्या किसी दल के नेता की नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की हत्या है। आदिवासी समाज की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। अपराधियों पर लगाम लगाना हेमंत सरकार के बस की बात नहीं है। इस राज्य में खनन माफिया गिरोह और गैंगस्टर के संगठित अपराध गिरोह की एक समानांतर सरकार चला रही है, इस कारण भय का माहौल है। युवा नेता सुभाष मुंडा की हत्या हुए तीन दिन हो गये हैं, लेकिन अब तक मामले का उद्भेदन नहीं हो पाया है। मैं सुभाष मुंडा जी की हत्या की सीबीआई जांच की मांग करता हूं। उक्त बातें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहीं। वे युवा आदिवासी नेता स्व सुभाष मुंडा के परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। सुभाष मुंडा की हत्या पिछले दिनों हो गई थी। उन्होंने कहा कि रांची में मुख्यमंत्री से लेकर चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी जैसे तमाम बड़े अधिकारी बैठे हैं, वहां अपराधियों ने दिनदहाड़े आदिवासी समाज के चमकते हुए दीपक को बुझा दिया।

अपराधियों व गैंगस्टरों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि वे विदेश में बैठकर वीडियो बनाकर वसूली कर रहे हैं और सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है। मौके पर पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बोकारो की घटना पर राजद ने शोक जताया

**रांची :** राजद ने बोकारो में हाइटेंशन तार में तजिया सटने से चार लोगों की हुई मौत को लेकर गहरा शोक व्यक्त किया है। राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने शनिवार को कहा कि इस घटना से पूरा राजद परिवार आहत है। राजद परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों और जो लोग इस घटना में घायल हुए हैं, उनके साथ पूरा राजद परिवार खड़ा है। उन्होंने सरकार से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और घायलों का समुचित इलाज की मांग राज्य सरकार व बोकारो जिला प्रशासन से की है।

# जब रांची में सुरक्षित नहीं आदिवासी तो ग्रामीण क्षेत्रों का क्या होगा : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि जब राजधानी में सुरक्षित नहीं आदिवासी तो ग्रामीण क्षेत्रों का क्या होगा। उन्होंने कहा कि कहने को झारखंड में आदिवासियों के हितों की सरकार है लेकिन धरातल पर सबसे अधिक असुरक्षित इस राज्य में आदिवासी बहन, बेटियां और आदिवासी नेता ही है। विगत एक सप्ताह की गतिविधियों को देखें तो ऐसा लगता है, जैसे इस राज्य के आदिवासियों को जानबूझकर टारगेट किया जा रहा है। विशेष रुप से राजधानी रांची की स्थिति बहुत ही भयावह है। जब राजधानी की स्थिति इतनी भयावह है तो हम सहज कल्पना कर सकते हैं कि पूरे राज्य की स्थिति क्या होगी।



सांसद शनिवार को युवा आदिवासी नेता सुभाष मुंडा के आवास पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बोल रहे थे। सांसद ने कहा कि यह सरकार आदिवासी हितों की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है। सांसद ने बताया कि खलारी में एक आदिवासी महिला के साथ अवैध संबंध बनाकर उसे ब्लैकमेल किया गया। इस ब्लैक मेलिंग से महिला बहुत परेशान रही। अब उक्त महिला की संदेहास्पद मौत हो गई, जो कई प्रकार के सवाल खड़े करती है। सुभाष मुंडा जैसे युवा नेता को सरेशाम उनके दफ्तर में आकर गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। वहीं आजसू के एक आदिवासी नेता पर जानलेवा हमला होता है।

राज्य सरकार से मेरी मांग है कि इन तीनों ही मामले में एसआईटी का गठन किया जाए। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले चलाए जाएं और दोषियों को अविलंब फांसी की सजा दी जाए। सांसद ने यह भी कहा कि बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक तरफ मुख्यमंत्री प्रशासन को कार्रवाई करने की खुली छूट देते हैं और दूसरी तरफ ताबड़तोड़ हत्याएं हो रही हैं।

# सुभाष मुंडा की हत्या लाल झंडा को कमजोर करने की गहरी साजिश : रामचंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य और पूर्व सांसद डॉ. रामचंद्र डोम ने कहा कि सुभाष मुंडा की हत्या लाल झंडा को कमजोर करने की एक गहरी साजिश है। उन्होंने सुभाष हत्याकांड की हर पहलू से जांच कराए जाने और दोषियों को एक समय सीमा के अंदर गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाए जाने की मांग की।

डोम शनिवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुभाष मुंडा केवल जमीन कारोबारी रहते तो उनकी हत्या पर इतना जनाक्रोश नहीं होता और उनकी शव यात्रा में पूरे इलाके से हजारों लोग जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी थी, शामिल नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि सुभाष मुंडा दलादली इलाके में माकपा आंदोलन की तीसरी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते थे। उनके दादा शुक्रा मुंडा सेना से रिटायर होने के बाद वे माकपा से जुड़ गए थे तथा इस इलाके में आदिवासियों और दूसरे गरीबों के शोषण के खिलाफ हमेशा संघर्ष करते रहते थे। उन्हीं से प्रेरणा लेकर रांची के पंचपरगना क्षेत्र में गरीबों और आदिवासियों की भूमि




हड़पने वाले महाजनों के खिलाफ 70 और 80 के दशक में ऐतिहासिक संघर्ष चला था। इस संघर्ष के बाद इलाके के बड़े भू-स्वामियों से आदिवासियों की हड़पी गई जमीन की वापसी करायी गयी। इसमें सुभाष मुंडा का खानदान जिनकी एक बड़ी संख्या है को उनकी पुश्तैनी जमीन वापस मिली। उसी जमीन पर सुभाष मुंडा ने अपनी आजीविका के लिए कुछ दुकानों और भवन का निर्माण कराया। अभी जो धीमी गति से एक बात प्रचारित की जा रही है कि वे जमीन के कारोबारी थे पूरी तरह तथ्यहीन है। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि तीन अगस्त को दलादली चौक पर एक विशाल श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। इसमें वामदलों के राज्य नेतृत्व के अलावा माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात भी संबोधित करेंगी।

# नक्सलियों के शहीद सप्ताह के मद्देनजर रेलवे सतर्क, आरपीएफ और सुरक्षाबलों की चौकसी बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नक्सलियों ने 28 जुलाई की रात से तीन अगस्त तक शहीद सप्ताह मनाने की घोषणा की है। नक्सलियों द्वारा इस घोषणा के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे जोन सतर्क हो गया है। एहतियातन लंबी दूरी की ट्रेनों में आरपीएफ को सतर्क रहने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा मनोहरपुर में पोस्टरबाजी के बाद हावड़ा-मुंबई मार्ग के छोटे-बड़े स्टेशनों पर आरपीएफ की चौकसी बढ़ा दी गई है। इसके साथ हीं लंबी दूरी की ट्रेनों में सुरक्षा के तहत एस्कॉर्ट ड्यूटी जवानों को भी अलर्ट रहने की सलाह दी गई है। नक्सली पहले भी स्टेशनों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देकर ट्रेन परिचालन बाधित कर चुके हैं। इससे पहले भी नक्सलियों ने इस तरह की



घटनाओं को अंजाम दिया था। इसलिए नक्सलियों के शहीद सप्ताह मनाने की घोषणा के बाद मुख्यालय से सभी स्टेशनों पर एक्सीडेंट रिलीफ को तैयार रखने व लाइन की जांच और गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा आरपीएफ और जीआरपी को स्थानीय पुलिस से भी मदद लेने का सुझाव दिया गया है।

## कर्बला दूर है..जाना जरूर है, या हसन-या हुसैन से गूंजा क्षेत्र



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में मुहर्रम का जुलूस शनिवार को निकला। जुलूस में शामिल लोग कर्बला दूर है..जाना जरूर है का नारा लगा रहे थे। मुहर्रम जुलूस के दौरान या हसन- या हुसैन से पूरा क्षेत्र गूंज गया। विश्रामपुर में जुलूस का शुरुआत बस स्टैंड से हुआ। डांक बंगला परिसर में ताजिया-सिपड़ का मिलान हुआ। इसके बाद जुलूस विश्रामपुर गढ़ होते हुये कर्बला चला गया। यहां के जुलूस में कोशियार,डीहरिया,झगरुआ,पांडेपुर,उरसुला,कविलासी, निमिटाड़ी विश्रामपुर दर्जी मुहल्ला सहित कई गांव के जुलूस का मिलान हुआ। जुलूस में शामिल युवको ने हसन-हुसैन की सहादत पर मातम मनाया। जुलूस के दौरान कलाकारों ने कई करतब भी दिखाए। जुलूस के दौरान युवाओं ने शान से तिरंगा झंडा लहराया। जुलूस को भव्य बनाने में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी ने कोई कोर कसर नही छोड़ा था। कमेटी ने जुलूस पूरी तैयारी के साथ परंपरागत तरीके से निकला। प्रखंड मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों ने जुलूस को शांति पूर्ण निकालने में अहम भूमिका अदा की.शांति व्यवस्था कायम रखने में बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,थाना प्रभारी शशि रंजन,मुकेश कुमार,मनोज अंबेडकर सहित कई प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी की अहम भूमिका रही। मौके पर बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी,सलीमुदिम अंसारी,शमशेर आलम,आजम खान,मशीर खलीफा,एकराम अंसारी,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे,विजय कुमार रवि,आगम दास,बबन राम,शिवबंश मिश्रा,संतोष राम,नगर इंतजामिया कमेटी के सदर मुंसफीर आलम कादरी,सेक्रेटरी महबूब आलम ,अनीस अंसारी, मो फिरोज, असमान अंसारी,इदरीस अंसारी,अलाउद्दीन अंसारी,एकरामुदीन अंसारी,मुस्तकिम अंसारी,सकील अहमद,मुनीर आलम,युनुस अंसारी,राहुल जैकब,सोनू खलीफा सहित कई लोग मौजूद थे।

## अरगड्डा में ताजियों के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मोहर्रम का जुलूस निकाला

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा के जामा मस्जिद कर्बला और चेकपोस्ट कर्बला से मोहर्रम का जुलूस शनिवार संध्या निकाला गया। कर्बला के शहीदों और हसन- हुसैन की कुर्बानी को याद करते हुए लोगों ने आगे बढ़ने की बात कहीं। इस दौरान हसन-हुसैन के चाहने वालों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज पारंपरिक हथियारों के साथ करतब दिखाए। सभी ने अमन चैन की दुआएं मांगी। जुलूस अरगड्डा श्रमिक मैदान में जाकर समाप्त हुआ। इधर पुलिस जवान, होमगार्ड की भी व्यवस्था सुरक्षा के लिए की गई थी। मौके पर समाजसेवी संतराज पासवान, समाजसेवी सह भाजपा एससी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी सुरज कुमार पासवान उर्फ सिक्की, मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष एहसान अंसारी, अरगड्डा अंजुमन कमेटी के सदर ताहिर हुसैन , मो शामीम खान , इमरान अंसारी ,हुसैन अंसारी, सजाद अंसारी, ताहिर हुसैन, फिरोज खान, शमीम उर्फ गुल्लू सहित कई समाजसेवी व लोग उपस्थित थे।

## मोहर्रम पर सिरका में लोगों ने निकाला जुलूस

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहर्रम को लेकर शनिवार संध्या सिरका शनिचर बाजार, बुधबाजार, गांव चपरी, मनुवा, फुलसराय आदि के चौक चौराहों से ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हसन- हुसैन व कर्बला के शहीदों को याद किया। जुलूस में काफी संख्या में युवाओं, बुजुर्गों, बच्चों ने भाग लिया। मौके पर सदर मोहम्मद नौशाद, सचिव अख्तर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मुख्तार अंसारी, सोनी, सरफराज, मोहम्मद इम्तियाज समेत कई उपस्थित थे।

## हेसला में अंसारी और खान मोहल्ला में निकला मोहर्रम का जुलूस

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शनिवार संध्या को गम का त्यौहार मोहर्रम का जुलूस निकाला। युवाओं के हाथों में धार्मिक झंडे दिखाई पड़े। जबकि पारंपरिक हथियार के साथ खेल का प्रदर्शन हुआ। सभी ने हसन- हुसैन के कुर्बानी को जाया नहीं होने देने की बात कहीं। मौके पर सदर, सचिव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# सजदे में सर कटा दिया प्यारे हुसैन ने...

## पिपरवार मे तिरंगे के साथ निकाला गया मुहर्रम का मातमी और तजिया जुलुश





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारगी व सादगी के साथ मनाया गया।इस मौके पर कोयलांचल के कई इलाको मे मुहर्रम का ताजिया और मातमी जुलूश निकाला गया।कोयलांचल के राय मदरसा से शनिवार की दोपहर ताजिया के साथ जुलुश निकाला गया,जो पुरे क्षेत्र का भ्रमण किया।जुलुश राय बाजार होते हुए पुरानीराय पहुंचा,जहां राय और पुरानीराय अखाड़ा का मिलान हुआ।जिसके बाद जुलुश राय बाजार पहुंचा, जहां खेल प्रतियोगिता का आगाज किया गया।

जिसके बाद एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का करतब दिखाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि ईमाम हुसैन अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा कर इंसानियत का पैगाम दिया है,उनके शहादत को कभी भी भुलाया नही जा सकता है।आज उनके दिखाये मार्ग पर चलने की जरूरत है।इस मौके पर अब्दाल अंसारी,मनीर अंसारी, जुलफीकार अली, असाबिर अंसारी,राजु खान, शहनावाज आलम, सादिक अंसारी,सोएब आलम, गुडडु अंसारी,पप्पू खान, महताब आलम,नासिर अंसारी, आमिर खान,अब्दुल कुदूस सहित कई लोग मौजुद थे।इधर पिपरवार क्षेत्र के न्युमंगरदाहा और कल्याणपूर मे भी मुहर्रम का मातमी जुलूश निकाला गया।

जुलूश मे शामिल लोगो ने इमाम हुसैन के नारे लगाये।मौके पर इस्लाम अंसारी, मोली अंसारी, बदरूदीन अंसारी, हैदर अली, आशिक अली, हदीस अली, एजाजुल हक,मुस्लिम अंसारी, सफीक अंसारी,रजी अहमद, जावेद इस्लाम,साहिल अंसारी, सलमान अंसारी सहित कई लोग मौजुद थे।

# कल्याणपूर में अनियंत्रित कोल वाहन घुसा घर में, बाल बाल बचे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर चौक के पास बीती रात तेज रफतार अनियंत्रित कोल वाहन एक घर मे घुस गया।इस हादसे मे घर के सभी लोग बाल-बाल बच गया,वही घर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार टंडवा के आम्रपाली कोल परियोजना से पिपरवार के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी तक कोयला ढुलाई के कार्य मे लगा हाईवा डम्पर जेएच 02बीए-8556 सीएचपी कोल वाशरी मे कोयला अनलोड कर वापस जा रहा था,इसी बीच कल्याणपूर चौक के मोड़ के पास तेज रफ्तार होने के कारण चालक ने संतुलन खो दिया और हाईवा डम्पर अनियंत्रित होकर ललिता कुमारी के घर मे घुस गया।घटना के बाद स्थानीय लोगो की काफी भीड़ जुट गई।घटना से आक्रोशित ग्रामीणो ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।इस संबंध मे स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि टंडवा से पिपरवार तक कोल वाहनो का परिचालन काफी तेज गति से होता है।ट्रांसपोर्ट कम्पनी सारे नियमो को ताक पर रखकर घनी आबादी वाले क्षेत्र से कोयला ढुलाई करा रही है,जिससे आये दिन घटना दुर्घटना हो रही है और आम जनता को नुकसान हो रहा है।ग्रामीणो ने कई बार कोयला ढुलाई के लिए अलग रास्ते की मांग की है,लेकिन कोई पहल नही किया गया।इधर सूचना पाकर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली भी मौके पर पहुंच कर भुक्तभोगी को मुआवजा देने की मांग की।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार और अवर निरीक्षक दिलिप बास्की मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली।इस दौरान दो चरण में ग्रामीणों के साथ वार्ता विफल रही।समाचार लिखे जाने तक वार्ता का दौर जारी है।वहीं सड़क जाम होने के कारण आम्रपाली से सीएचपी तक कोयले की ढुलाई बाधित है।सड़क के दोनों और हाईवा डंपरो की लंबी लाइन लगी देखी जा रही है।

## रघुवर दास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर कमलेश राम ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। इसकी सूचना जैसे ही कार्यकर्ताओं को मिली। बधाई देने उनके धुर्वा स्थित आवास पंहुचने लगे।इसी क्रम में कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम मिले और अंगवस्त्र देते हुए शुभकामनाएं व बधाई दी। तथा उनको आगामी कार्यकाल की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से संगठन से जुड़े विभिन्न दायित्वों का निवर्हन करने वाले रघुवर जी निश्चित ही पार्टी को सफलता के नए मुकाम पर लेकर जाएंगे। उनका सहज एवं विनम्र व्यक्तित्व पार्टी से नए एवं ऊर्जावान युवाओं को पार्टी से जोड़ने में सहायक होगा साथ ही उनके कुशल नेतृत्व में संगठन और अधिक सुदृढ़ होगा। और पार्टी नये किर्तिमान स्थापित करेंगी क्योंकि उनकी उनकी कर्मठता अतुलनीय है । हम सब मिलकर 2024 में केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार पुनः लायेंगे। और झारखंड में भी भाजपा का परचम लहराएंगे।

# बुंडू में हुई आजसु पार्टी की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के बाजार टांड़ में आजसू पार्टी पंचायत कमिटी की बैठक दीपक कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई।इस बैठक मे केरेडारी अंचल सह प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध आजसू पार्टी द्वारा 2 अगस्त को प्रस्तावित हल्ला बोल कार्यक्रम में बुंडू पंचायत के सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेने का निर्णय लिया गया।इस बैठक में हल्ला बोल कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी कार्यकर्ताओं ने अपना विचार रखते हुए निर्णय लिया की सैकड़ों की संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल होगें ।हल्ला बोल कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित रहेगें।बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला प्रवक्ता रविशंकर जयसवाल, प्रखड सचिव मोहन कुमार, पंचायत अध्यक्ष दीपक कुमार साहू, महेंद्र कुमार, उपेंद्र यादव, मुकेश प्रसाद साव, रंजीत यादव, विक्की साव शिव शंकर साहू,रंजन साव,अरुण साव सूरज साव,अर्जुन यादव,रुपेश यादव, विक्की यादव, ललन यादव,जुगेश्वर गंझु, जितेंद्र गंझु, लक्की शर्मा ,विकास यादव, हीरालाल यादव, गिरधारी गंझु, केवल गंझु तथा सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर्व में निकला भव्य अखाड़ा जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** त्याग और बलिदान के पर्व मोहर्रम को लेकर मुरी पहाड़ी मोहल्ला में शनिवार को मुरी सिल्ली के युवाओं द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया।इस दौरान सर्वप्रथम ताजिया और उस पर युवाओं का उत्साह से भरपूर जुलूस शेख भिखारी चौक से निकली जहा बड़ा मुरी बाजार होते हुए पहाड़ी मोहल्ला मस्जिद तक पहुंची।जुलूस के दौरान या अली या हुसैन के नारों पूरा इलाका गूंज उठा।वही मुहर्रम जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ साथ विभिन्न धर्म के गणमान्य लोग भी शामिल हुए। जुलूस में युवाओ ने तलवार, भाला,गड़ासा,लाठी सहित आग से कई हैरतअंगेज करतब दिखाए।कहा जाता है कि हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। लेकिन बातील के आगे अपने सिर नहीं झुकाया।इस्लाम को मानने वाले लोग हजरत हुसैन के याद में जुलूस के साथ मैदान-ए-जंग का दृश्य बड़े ही आकर्षक और अनोखे अंदाज में पेश किया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक था इंतजाम जुलूस को निकाले जाने को लेकर कोई अनहोनी या अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर तैनात सिल्ली थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी,राजकिय रेल थाना प्रभारी सहित अतिरिक्त पुलिस बल शांति व्यवस्था बनाने में लगे थे। विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी सभी जगहों का जायजा लेते नजर आए।

# विधायक ने किया बहुप्रतीक्षित सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने प्रखंड अंतर्गत करकट्टा नदी तुन्जू नाला से दशमाइल गुंदू तक बनने वाले सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। लगभग एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाली 9.24 किलोमीटर लंबे सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल खूंटी के द्वारा 24.84 करोड़ की राशि से सड़क के चौड़ीकरण, मरम्मती एवं पुल पुलिया निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास के बाद आयोजित कार्यक्रम में विधायक ग्रामीणों से रुबरु हुए। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में भूमि अधिग्रहण के मुआवजे, प्रखंड अंचल कार्यालय में होने वाली समस्या सहित अन्य परेशानियों को रखा। विधायक ने कहा कि पुल एवं सड़क की मांग के लिए ग्रामीण काफी वर्षों से संघर्षरत थे। मैंने वादा किया था आज पुरा हुआ। बताया भूमि अधिग्रहण के लिए 6.80 करोड़ रुपए आवंटित हो चुका है। कहा हर सुख-दुख में खड़ा हूं। जल्द एकलव्य विद्यालय का शिलान्यास होगा. मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, ज़िप सदस्य रीता होरो, हुडवा मुखिया शिवचरण कच्छप, सोदाग मुखिया पतरस तिर्की, डूंगरी मुखिया जीता कच्छप , विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, माधो कच्छप, करना मुण्डा, गुरुसहाय मुण्डा, मंगल मुण्डा, मोतीलाल मुण्डा, चामरा भोगता, तेलोस्फोर मिंज, मंगरा कच्छप, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, कल्याण लिंडा, मंगल मुंडा आदि उपस्थित थे ।

# कुंदरुकला में मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड के कुंदरुकला गांव में मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकाला गया । साथ ही लाठी का शानदार खेल प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो साथ ही ग्रामीणों से मिलकर मोहर्रम की बधाई और शुभकामनाएं दिए साथ ही बजरंग महतो ने कहा कि यानी मुहर्रम इस्लाम के नए साल या हिजरी सन् का शुरुआती महीना है। मुहर्रम बकरीद के पर्व के 20 दिनों के बाद मनाया जाता है। इस बार 29 जुलाई को मुहर्रम मनाया जा रहा है। इस्लाम धर्म के लोगों के लिए यह महीना बहुत अहम होता है, क्योंकि इसी महीने में हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। मौके पर बीस सूत्री सदस्य हीरालाल महतो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता इनायत अंसारी सज्जाद खान आमरूला इमरान कौसर अंसारी इरफान अंसारी शमीम ताहिर शरीफ सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## मुहर्रम जुलूस में खिलाड़ियों ने दिखाए आकर्षक खेल, ताजिया भी रहा साथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** हजरत इमाम हुसैन की शहादत में शनिवार को कुटे के आस पास क्षेत्र के लोगो ने मुहर्रम बनाया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप,सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, बीडीओ विजय कुमार सोनी, उप प्रमुख रिज़वान अंसारी,पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, सचिव अमाल खान,सरिता देवी उपस्थित थे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मुहर्रम का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है।इसे अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मुहर्रम का पर्व हमें शांति व अमन के साथ साथ त्याग,बलिदान और आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। हमें त्याग सिकिदिरी से लेकर ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही अखाड़े में जुलूस निकाले गए। खिलाड़ियों ने गर्मजोशी के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया। कई इलाकों में ताजिया का जुलूस भी निकाला। जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। अलग-अलग हिस्से से खिलाड़ी की टोली निकली।और डंके की आवाज के बीच कई जुनून भरे खेलों को प्रदर्शन किया। अखाड़ा की सुरक्षा को लेकर सिकिदिरी वा ओरमांझी पुलिस प्रशासन अलर्ट पर रहा। सिकिदिरी के कुटे आस पास क्षेत्र भर में प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारी के साथ जवान तैनात थे। बीडीओ विजय कुमार सोनी के साथ ओरमांझी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह व सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि भी मौके पर उपस्थित रहे।इस दौरान देशभक्ति से जुड़े कई रोमांचक खेलों का प्रदर्शन भी युवा खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ किया। लाठी के खेलों के साथ पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ खिलाड़ियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए दिखे। पिरामिड बना कर ही एक दूसरे के ऊपर चढ़कर हाथों में खूब तिरंगा भी लहराया।और देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित किया। वहीं संचालन पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा ने किया। मौके मुख्य रूप से अमाल खान, आमिर हमजा, खालिक खान, फारूक खान, सफीउल्लाह अंसारी, तौहीद आलम,मुखिया बालमती देवी, कैलेश पाहन, अब्दुल गफ्फार, राजेन्द्र महतो, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## वीरांगना फाउंडेशन सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष बनी रूबी सिंह व रिद्धि सिंह महामंत्री




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन की अंतराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह की अध्यक्षता में आदित्यपुर की कल्पनापुरी में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से कल्पनापुरी निवासी रूबी सिंह को सरायकेला खरसवा का जिलाध्यक्ष और रिद्धि सिंह को महामंत्री मनोनीत किया। भारती सिंह ने रूबी सिंह और रिद्धि सिंह दोनों ही पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर नव मनोनीत रूबी सिंह और रिद्धि सिंह ने कहा कि संगठन और समाज के प्रति हम दोनों ही समर्पित भाव से काम करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रीती सिंह, विभा सिंह, अर्चना सिंह, सुनीता सिंह, मनु माया सिंह, गुड़िया भारद्वाज, अंजली सिंह, राखी, सिंह सुनीता, सिंह संध्या सिंह आदि शामिल हुई।

## ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, टाटानगर ओसवाल संघ, युवा मंच का फ्री हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं श्री टाटानगर ओसवाल जैन संघ, युवा मंच द्वारा आज सोनारी, राजस्थान भवन में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। मंच के अध्यक्ष श्री कौशल मालू, सचिव रतन जैन एवं कोषाध्यक्ष टिकम जैन ने दीप प्रज्वलित करके कैंप का उद्घाटन किया। कैंप में निःशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ब्लड ऑक्सीजन जांच, वजन, इसीजी एवं मेमोग्राफी की जांच की गई। जनरल फिजिशियन डॉ सुभाषीस डे ने करीब 150 से ज्यादा मरीजों की जांच की और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए संदेश दिया। कैम्प को सफल बनाने के लिए, मंच के तरफ से आयुष, कमल, अजय ,नीरज ,सौरभ, तरुण एवं कौशिक जैन ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

## कंजंक्टिवाइटिस बीमारी से बचने के लिए कॉन्टेक्ट लेंस का उपयोग करें : डॉ. संजीव



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर में बढ़ते कंजंक्टिवाइटिस बीमारियों को देखते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजीव कुमार तिरिया (निदेशक संजीव नेत्रालय) ने चिंता जताते हुए शहर वासियों के लिए उपचार और इससे बचने के कुछ परामर्श दिये हैं, उन्होंने बताया कि अभी रोजाना ओपीडी में आने वाले मरिजों में आधे से ज्यादा मरिज कंजंक्टिवाइटिस से ग्रसित हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि इससे घबराने के कोई बात नहीं है ऐसे मौसम में यह बिमारी आते हैं परन्तु लोगों को जागरूकता से ही कंजंक्टिवाइटिस से बचाव किया जा सकता है। इस रोग में आंख लाल होने के साथ ही उसमें सुजन भी आ जाती है। उक्त बीमारी के निदान हेतु संजीव नेत्रालय, सुपर स्पेशियलिटी रेटिना हॉस्पिटल के निदेशक सह डॉक्टर संजीव कुमार तिरिया ने कहा कि इस स्थिति में नेत्र रोग विशेषज्ञ से सम्पर्क करें, बताया कि कंजंक्टिवाइटिस के लक्षण होने से कॉन्टेक्ट लेंस का उपयोग तबतक बंद न करे जब तक आंख पुरी तरह से ठीक न हो जाये।

## जमशेदपुर एफसी ने ब्राजीलियाई खिलाड़ी एल्सिन्हो से किया करार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर एफसी ने 2023-24 सीजन से पहले एक साल के अनुबंध पर ब्राजीलियाई खिलाड़ी एलसन जोस डायस जूनियर के साथ करार किया है, जिन्हें आमतौर पर एल्सिन्हो के नाम से जाना जाता है. एल्सिन्हो ने विशेष रूप से मैक्सिकन टीम एफसी जुआरेज में अपना नाम कमाया, जहां उन्होंने कुल 136 मैच खेले और यहां तक कि अपनी टीम के लिए 10 गोल भी हासिल किए. साथी मैक्सिकन टीम सेलाया एफसी के लिए लोन पर जाने के बाद उन्होंने ला लीगा 2 में स्पेनिश टीम रेसिंग फेरोल में स्थायी ट्रांसफर हासिल कर लिया. जहां उन्होंने 25 बार भाग लिया और चार गोल भी किए. ब्राजीलियाई डिफेंडर मिडफील्डर के साथ-साथ सेंट्रल डिफेंस के रूप में भी काम करने में सक्षम है और यह जमशेदपुर एफसी कॉम्बिनेशन में एक नई मजबूती जोड़ेगा. एल्सिन्हो ने कहा, मैं इसे जमशेदपुर एफसी में शामिल होने के एक बेहतरीन अवसर के रूप में देखता हूं। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने कहा, एल्सिन्हो एक सेंटर बैक और डिफेंसिव मिडफील्ड खिलाड़ी है, जिसके पास ऊंचाई और तकनीकी क्षमता दोनों है. क्लब ने यह भी पुष्टि की है कि एल्सिन्हो आगामी अभियान में 91 नंबर की शर्ट पहनेंगे.

# जमशेदपुर में मोहर्रम पर कई इमामबाड़ा से निकाला गया अखाड़ा जुलूस, लंगर व शरबत के लगे स्टॉल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में मोहर्रम पर कई इमामबाड़ा से अखाड़ा जुलूस निकाला गया। जिसमे काफी संख्या में लोग अखाड़ा देखने उमड़ पड़े। इस दौरान शाम होते ही मुस्लिम बहुल क्षेत्र मानगो, जकीरनगर, कपाली, साकची मोहम्मडन लाइन, धातकीडीह, शास्त्रीनगर, रानीकुदर, जुगसलाई, कीताडीह, मकदमपुर, गोलमुरी, टेल्को, आदियापुर मुस्लिम बस्ती समेत कई इलाकों में शांतिपूर्ण जुलूस निकाला गया। इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। वहीं जिला प्रशासन भी काफी मुस्तैदी के साथ जुलूस को आगे बढ़ाते गए। अखाड़ा



जुलूस के निकलने का सिलसिला संध्या 7:00 बजे शुरू हुआ धातकीडीह मेन रोड होते हुए बिष्टुपुर से जुलूस गुजरा। जुलूस का समापन कर्बला में हुआ। इन अखाड़ों के लड़ाकों ने लाठी-डंडे, तलवार और भालों के साथ हैरतअंगेज करतब को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगा रहा डंके की धुन पर कलाकारों ने करतब दिखाए। जुलूस में शरबत एवं खिचड़ा का वितरण जगह जगह पर होता रहा।

## आजाद नगर के मोहर्रम अखाड़ों में एसडीओ को पगड़ी पहना किया सम्मानित

मोहर्रम की दसवीं तारीख को अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा, मांगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव,सर्कल ऑफिसर हरीश चंद्र मुंडा एवं बोडाम सीओ निविदेता नियति एवं आजादनगर थाना के जोनल मजिस्ट्रेट आजादनगर थाना इंचार्ज विकास कुमार और मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान ने आजादनगर थाना क्षेत्र के मुहर्रम अखाड़ों और इमामबाड़े जिसमे जाकिर नगर चौक अखाड़ा नंबर 1,वारिस कॉलोनी अखाड़ा, बगान शाही इत्तेहाद



अखाड़ा पहुंचे। इसी क्रम में गरीब नवाज कॉलोनी अखाड़ा नंबर 5 में इश्तियाक टाकू ने एसडीओ को पगड़ी पहनाया,अख्तर हुसैन ने मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को पहनाया,जुल्फाकार खान ने आजादनगर थाना प्रभारी को और लालू भाई ने मुख्तार आलम खान को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

## टेल्को कॉलोनी अध्यक्ष बने देवाशीष व जेम्को के संजय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में संगठनात्मक सशक्तिकरण हेतु टेल्को कॉलोनी मण्डल कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद पर देवाशीष घोष एवं जेम्को मण्डल कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद पर संजय कुमार को जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे जी के स्वीकृति पर नियुक्त किया गया। उपरोक्त विज्ञप्ति जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने जारी कर बताया।





## बनडीह व आमड़ा में मोहर्रम जुलूस में दिखाया करतब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के गुदड़ी पंचायत के बनडीह एवं आमड़ा गांव में शनिवार को मुहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस निकाला गया। ताजिया जुलूस में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। जुलूस के दौरान इमाम हुसैन की शादायें बुलंद थी। जुलूस के दौरान एक से बढ़कर एक करतब दिखाया गया।



लाठी,तरवाल के हैरतअंगेज करतब दिखाया गया। इस अवसर पर इमाम बाड़ा में फातेहा खानी भी किया गया । गाजे-बाजे के साथ जुलूस लाठी एवं तलवार खेल के साथ पुरे गांवों का भ्रमण किया। ईचागढ़ पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैदी के साथ दोनों जुलुसों में डटे रहे। वहीं थाना प्रभारी गौरव मिश्रा एवं अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो ने शांति पूर्ण तरीके से मुहर्रम जुलूस सम्पन्न होने से लोगों को बधाई दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से कमाल अंसारी, मुस्ताक अंसारी, असगर अंसारी, हासेन अंसारी, पानो अंसारी, साजिद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, रौशन अंसारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विनायक गार्डेन में बिल्डर ने किया जलापूर्ति बंद, लोगों ने किया जमकर विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया समीप स्थित विनायक गार्डेन के निवासियों ने बिल्डर द्वारा आवश्यकता के अनुसार जलापूर्ति नहीं किए जाने का विरोध करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि विगत माह मार्च 2023 से ही विनायक गार्डेन(विधि डेवलपर्स) से ही जलापूर्ति की समस्या है। किन्तु, बिल्डर द्वारा इस समस्या के निदान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विदित है कि अभी भी सोसाइटी का कार्य निर्माणाधीन है। यहां के निवासियों को पीने हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं होने के बावजूद भी बिल्डर द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। सोसाइटी के लोगों को सूचित किए बिना ही




बिल्डर द्वारा प्रत्येक अपार्टमेंट में आगामी एक अगस्त से जलापूर्ति बंद कर दिए जाने की सूचना चस्पा दी गई। आपातकालीन स्थिति के लिए भी इस सोसाइटी में जल की व्यवस्था नहीं है। लोगों ने बताया कि बिल्डर से आग्रह करने पर यहां के निवासियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन में विनायक गार्डेन के मनोज सिंह, कैलाश सिंह, अरविंद सिंह, ओमप्रकाश सिंह, संतोष कुमार, राकेश कुमार, सत्यजीत ओझा, नितेश कुमार, किशोर झा, मनोरमा देवी, प्रीति सिंह, अनीता झा, रीता सिंह, रवि कुशवाहा समेत काफी संख्या में सोसायटी के निवासी शामिल थे।

## मुसाबनी में आरवीएस स्किल्स एकेडमी बिरसा केन्द्र की शुरूआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मुसाबनी प्रखंड के गोहला पंचायत में आर. वी. एस. स्किल्स एकेडमी के बिरसा केन्द्र का आज उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने इस केन्द्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.वी.एस. एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमेन बिन्दा सिंह ने किया। अपने सम्बोधन में सोरेन ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कौशल विकास कार्यक्रमों से यहां केयुवाओं को फायदा उठाना होगा। उन्होंने कहा झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के अन्तर्गत मुख्यमंत्री सारथी योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में कौशल विकास करने की योजना है जिससे




युवाओं को रोजगार या स्वरोजगार से उनका भविष्य उज्जवल हो सकता है। आर.वी.एस. एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव भरत सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के इन दूरदर्शी योजनाओं से समाज का केवल भला नहीं होगा, अपितू उन्हें रोजगार के साथ-साथ स्वावलंबन भी मिलेगा। इससे पूर्व एकेडमी के प्रबंध निदेशक सह आर.वी.एस. एजुकेशनल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सत्रुघन सिंह ने विस्तार से इस कौशल विकास केन्द्र के प्रयोजन एवं उद्देश्य पर प्रकास डाला। मंच पर उपस्थित डी.एस.ओ. अजय कुमार ने भी सम्बोधित किया। अतिथियों का स्वागत नेशनल हेड राम कृष्ण लोढ़ा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर स्टेट हेड श्री विनीत श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं मंच संचालन डॉ सुधीर झा ने किया।

## हेंसालंग रेलवे स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** चांडिल से मुरी रेल मार्ग के अंतर्गत रेलवे स्टेशन हेंसालंग में रेलकर्मियों ने स्टेशन का सौंदर्यीकरण तथा वातावरण को शुद्ध रखने हेतु रेल स्टेशन परिसर में विभिन्न प्रकार का पौधा रोपण किए। रेलकर्मी के द्वारा कटहल, आम, अशोक एवम् अन्य प्रकार के दर्जनों भर पौधा लगाया गया। रेलकर्मी बताते है की इस सावन के महीना के अंदर और भी दर्जनों से ज्यादा पौधा रोपण किया जाएगा। वृक्षारोपण के कार्यो में मुख्य रूप से वाणिज्य विभाग के इंचार्ज के साथ साथ बाकी स्टेशन के सहकर्मी, स्थानीय लोगो का भी विशेष भूमिका रहा।

## बिष्टुपुर गोपाल मैदान में कंज्युमर एक्सपो 15 सितम्बर से

### राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय उत्पाद मिलेंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** ग्लोबल इंडिया, मिडिया मार्ट एवं काईजन एसोसिएट द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 15 सितम्बर से कंज्युमर एक्सपो का आयोजन गोपाल मैदान, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में आयोजित की जा रही है। बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, उद्योगपति एवं समाजसेवी नीरज सिंह, एवं समाजसेवी बी.बी. सिंह, भाजपा नेता आसिफ रिज़वान



खान एवं बंटीज टी के निदेशिका सह संस्थापक मधुमिता बनर्जी के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से मेले का विवरणिका लाँच किया गया। आयोजक भागिरथ छाबड़ा, आमोद कुमार एवं सुमित खुराना ने कहा कि कंज्युमर एक्सपो में अंतराष्टीय एवं राष्टीय के करीब 250 से अधिक स्टॉल लगेंगे। मेले में भाग लेने एवं स्टॉल की बुकिंग हेतु मोबाईल सं? 7004041958 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस ट्रेड फेयर में विभिन्न राज्यों के फूड स्टॉल, बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले,विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। गेम शो, फैशन शो, पेंटिंग कॉम्पटीशन, डांस और सिंगिंग कॉम्पटीशन रखा जायेगा, रोजाना लकी ड्रॉ के माध्यम से अनेक इनाम दिए जायेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से अतिथियों के अलावा विशिष्ट लोगों में त्रश्री छाबड़ा, संतोष कुमार, कुश अरोड़ा, राहुल सिंह, नरेश राव, सुभाष कुमार, बृज मोहन सहित इत्यादि आदि लोग उपस्थित थे।

## टाटा स्टील ने भारत रत्न जेआरडी टाटा की 119वीं जयंती मनाई, कई कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज भारत रत्न जेआरडी टाटा की 119वीं जयंती मनाई, जिसके तहत सभी ऑपरेटिंग लोकेशन्स में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पूरे समुदाय के लिए खेल, क्विज़, एयरो मॉडलिंग शो, वॉकथॉन और अन्य कार्यक्रमों जैसी कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे और विभिन्न अन्य स्थानों पर टाटा स्टील और अन्य समूह कंपनियों के गणमान्य व्यक्तियों और कर्मचारियों द्वारा जेआरडी टाटा को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य आकर्षण, गोपाल मैदान में एयरो



मॉडलिंग शो, इस अवसर का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में आए दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। शो में इंटरैक्टिव डिस्प्ले और नाइट्रो इंजन, टरबाइन इंजन और इलेक्ट्रिक इंजन से लेकर विभिन्न आकार और प्रकार के उल्लेखनीय मॉडल विमानों की शानदार प्रदर्शनी लगाई गई थी। शो में जमशेदपुर और कोलकाता की टीमें शामिल थीं। शो के दौरान विमानों और अन्य मॉडलों का स्टैटिक डिस्प्ले किया गया जबकि फन क्यूब, स्लो स्टिक और ट्विन इलेक्ट्रिक जैसे विमान उड़ाए गए।

**जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वॉकथॉन:** सुबह में, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के परिसर में एक वॉकथॉन का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल मिलाकर लगभग 400 लोगों ने भाग लिया, जिसमें अस्मिता दोरजी (एवरेस्ट पर्वतारोही), संतोष वर्गीस (पूर्व भारतीय एथलेटिक कोच), मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स टाटा स्टील और हेमंत गुप्ता, हेड स्पोर्ट्स टाटा स्टील उपस्थित थे। जिसमे पुरुष वर्ग में रामलखन दास-टेल्को, मुकेश कुमार-राजस्थान, संजीव-जमशेदपुर । महिला वर्ग में पूजा कुमारी- मानगो, लिप्सा-सिदगोड़ा, सुप्रिया बेसरा-आदित्यपुर। बच्चे वर्ग में काव्यांश श्रीवास्तव, हर्षमिल दक्ष और सात्विक कुमार विजेता रहे।

## पू. सिंहभूम के 18 प्रखण्डों के संगठन प्रभारी नियुक्त, अंसार बने पटमदा के प्रभारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने संगठन को मजबूत करने के लिए जिला के 18 प्रखण्डों में प्रखण्डवार संगठन प्रभारी नियुक्ति किया है। जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने इसकी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने उपरोक्त सभी 18 प्रखण्ड संगठन प्रभारी को निर्देश जारी किया कि सभी पदाधिकारीगण अपने अपने दायित्व वाले प्रखण्ड को सशक्त बनाने के लिए अविलंब बैठक आयोजित करें। सभी प्रखण्डों को



मिशन 2024 के लिए तैयार करे और भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ को डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के माध्यम से सफल बनायें। वहीं मौलाना अंसार खान ने कहा कि मैं जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे और जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

**प्रखण्डवार संगठन प्रभारी की सूची (2023):** 1) पटमदा प्रखण्ड - मौलाना अंसार खान (2) डूमरिया प्रखण्ड - अजय मंडल (3) मुसाबनी प्रखण्ड - तापस चटर्जी (4) घाटशिला प्रखण्ड - राज किशोर प्रसाद (5) धालभूमगढ प्रखण्ड - सिदाम चन्द्र हेम्ब्रम (6) गुडाबांदा प्रखण्ड - जितेन्द्र सिंह (7) बहरागोड़ा प्रखण्ड : बबलू झा (8) चाकुलिया प्रखण्ड - सनातन भकत,(9) पोटका प्रखण्ड - संजय प्रसाद अधिवक्ता(10) बोडाम प्रखण्ड - मोहनलाल बनर्जी,(11) जमशेदपुर ग्रामीण प्रखण्ड - कमर रजा खान(12) मानगो प्रखण्ड - बबन शुक्ला(13) कदमा-सोनारी प्रखण्ड - नितेश मित्तल(14) साकची प्रखण्ड - राजेश चौधरी(15) गोलमुरी प्रखण्ड - ज्योति मिश्र(16) बिरसानगर प्रखण्ड - सुनील प्रसाद लाली (17) टेल्को प्रखण्ड - सुभाष उपाध्याय(18) जुगसलाई प्रखण्ड : अपर्णा गुहा।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संपादकीय

# तीसरी अर्थव्यवस्था की गारंटी

**विपक्ष** की तर्ज पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी 'चुनावी गारंटी' परोसना शुरू कर दिया है। इधर उन्होंने दो खास गारंटियां दी हैं। पहली गारंटी भाजपा और एनडीए के नेताओं-सांसदों को दी है कि 2024 में भी उनकी जीत तय है और 50 फीसदी से अधिक जनमत मिलने का विश्वास है। ऐसे दावे तो विपक्ष भी कर रहा है कि मोदी सरकार का सफाया तय है। कमोबेश चुनावों तक ऐसे दावे और गारंटियां जारी रहेंगी। जनादेश ही सच का सत्यापित करेगा। बहरहाल प्रधानमंत्री की दूसरी गारंटी यह है कि उनकी सत्ता के तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। फिलहाल भारत 5वीं अर्थव्यवस्था है। जापान और जर्मनी क्रमशः तीसरे-चौथे स्थान पर हैं। देश की अर्थव्यवस्था का सकल श्रेय प्रधानमंत्री या सत्ताधीशों को नहीं दिया जा सकता। सीधा गणित है कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और आर्थिक विकास दर कितनी हैं। देश की वस्तुओं और सेवाओं का सकल मूल्य कितना है। जब 2014 में नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री चुने गए थे, तब भारत की जीडीपी 2039 अरब अमरीकी डॉलर की थी और हम 10वें स्थान की अर्थव्यवस्था थे। चूंकि उसके बाद आर्थिक विकास दर 5-6 फीसदी से भी अधिक रही, कभी 8 फीसदी को भी छुआ और अन्य कथित बड़े देशों की औसत आर्थिक बढ़ोतरी कम रही, नतीजतन भारत 2023 में 3737 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ 5वें स्थान पर है। यानी भारत आज भी कुल 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश नहीं है। जापान और जर्मनी 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्थाएं हैं। दरअसल जीडीपी में देश के आकार, आबादी, बाजार, खरीद-क्षमता, उत्पादन आदि की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत, जापान और जर्मनी की तुलना में, कई गुना विशाल और व्यापक देश है। अमरीका की आबादी करीब 33 करोड़ है, लेकिन वह 26 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था है। चीन विश्व का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है, जिसकी अर्थव्यवस्था 19 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की है। जब भारत 2027 में 5153 अरब डॉलर, अर्थात 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा, के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा, तब अमरीका 31 ट्रिलियन डॉलर से अधिक और चीन 25 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा अर्थव्यवस्था वाले देश होंगे। पहले और दूसरे स्थान पर उन्हीं का कब्जा और वर्चस्व रहेगा। चीन की अर्थव्यवस्था हमसे पांच गुना ज्यादा है। फिलहाल कोई मुकाबला नहीं किया जा सकता। यह सुखद और गौरवपूर्ण एहसास हो सकता है कि 2027 में, प्रधानमंत्री मोदी के संभावित तीसरे कार्यकाल में, भारत की अर्थव्यवस्था जापान, जर्मनी समेत ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, कनाडा, इटली और रूस सरीखे देशों की अर्थव्यवस्था से आगे और बेहतर होगी। दरअसल अर्थव्यवस्था एक नियमित और निरंतर प्रवाह है। उसमें सत्ता का ज्यादा दखल या श्रेयात्मक भूमिका नहीं होती। आयात और निर्यात में सरकारी नीतियों का लगातार हस्तक्षेप रहता है। फिर भी यह सवाल स्वाभाविक है कि बड़े देशों और कथित विकसित अर्थव्यवस्थाओं को पछाड़ कर भारतीय अर्थव्यवस्था आगे क्यों बढ़ती रही है? 2014-23 के दौरान भारत की जीडीपी करीब 83 फीसदी बढ़ी है। इसी अवधि के दौरान चीन की बढ़ोतरी करीब 84 फीसदी रही है। अमरीका ने 54 फीसदी ही बढ़ोतरी की है। इन तीन अर्थव्यवस्थाओं को छोड़ कर दुनिया की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाएं सिकुड़ रही हैं। 2027 में भारत की जीडीपी 2023 से करीब 38 फीसदी अधिक होगी, जबकि जापान, जर्मनी का यही औसत करीब 15 फीसदी होगा। तथ्य है कि 2004-14 की तुलना में भारत की आर्थिक बढ़ोतरी की गति 2014-23 के दौरान धीमी पड़ी है। उस दौर में, जब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, जीडीपी कुल 183 फीसदी बढ़ी। दूसरे, 10वें स्थान से 5वें स्थान तक आना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि देशों की जीडीपी में आपसी अंतर एक ट्रिलियन डॉलर या उससे भी कम होता है। अब तीसरी और पहली दो अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक फासला है, लिहाजा अब भारत का आगे बढना चुनौतीपूर्ण होगा।

जनादेश ही सच को सत्यापित करेगा। बहरहाल प्रधानमंत्री की दूसरी गारंटी यह है कि उनकी सत्ता के तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। फिलहाल भारत 5वीं अर्थव्यवस्था है। जापान और जर्मनी क्रमशः तीसरे-चौथे स्थान पर हैं। देश की अर्थव्यवस्था का कुल श्रेय प्रधानमंत्री या सत्ताधीशों को नहीं दिया जा सकता। सीधा गणित है कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और आर्थिक विकास दर कितनी है। देश की वस्तुओं और सेवाओं का सकल मूल्य कितना है। जब 2014 में नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री चुने गए थे, तब भारत की जीडीपी 2039 अरब अमरीकी डॉलर की थी और हम 10वें स्थान की अर्थव्यवस्था थे। चूंकि उसके बाद आर्थिक विकास दर 5-6 फीसदी से भी अधिक रही, कभी 8 फीसदी को भी छुआ और अन्य कथित बड़े देशों की औसत आर्थिक बढ़ोतरी कम रही, नतीजतन भारत 2023 में 3737 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ 5वें स्थान पर है।

## बोधि वृक्ष

# जीवन में चिंताओं और परेशानियों से मुक्ति के लिए सबसे पहले करें यह काम

**भगवद्गीता** में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि आत्मा न कट सकती है और न जल सकती है। आत्मा न पानी में घुल सकती है और न हवा से सूख सकती है। आत्मा अमर है, अटल है, स्थिर और सनातन है। श्री कृष्ण हमें बता रहे हैं कि हमारा असली अस्तित्व आत्मा है, जो शुद्ध और पवित्र है। चाहे हमारे साथ जो भी हो जाए, लेकिन हमारी आत्मा, हमारा केंद्र हमेशा पवित्र और पावन रहता है। यह अंदर ईश्वर का कण है। दूसरी ओर से देखा जाए, तो हम आत्मा से ईश्वर के साथ जुड़े रहते हैं। क्योंकि आत्मा ईश्वर की उस रचनात्मकता का प्रमाण है, जिससे भगवान ने हम सब को बनाया है। आत्मा इस बात का प्रमाण है कि भगवान ने सोचा कि दुनिया को कहीं न कहीं हमारी जरूरत है और उस जरूरत को पूरा करने के लिए उन्होंने हमारी रचना की। जिंदगी में कई बार हमें लगता है कि हम जैसे दिखते हैं उससे हमारी पहचान होती है। हमें लगता है कि चेहरे से या शरीर से हमारा अस्तित्व है। पर भगवान श्री कृष्ण के अनुसार शरीर वह है, जो हमें दिखता है, लेकिन हमारे अस्तित्व का सच्चा आधार आत्मा है। इसलिए कि यह भगवान का अंश है। इसी तरह, हमें कई बार यह लगता है कि हमारी सोच, हमारा दिमाग और हमारी बुद्धि, हमारे अस्तित्व का प्रमाण हैं। लगता है बुद्धि से धन-समृद्धि या सफलता प्राप्त करते हैं। सभी उपलब्धियां जीवन में सफल होने का मार्ग देती हैं। तो फिर सोचने लगते हैं कि जो बुद्धि हमें सब दिलाती है, वही हमारे जीवन का आधार है। पर भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार आत्मा का स्तर बुद्धि से कहीं ऊंचा है, क्योंकि बुद्धि ईश्वर की देन का एक पहलू है, पर आत्मा तो पूरा का पूरा ईश्वर का कण है। अब आप जानना चाहेंगे कि अगर आत्मा श्रेष्ठ है, तो फिर जीवन में शरीर और बुद्धि का क्या स्थान है? भगवान श्रीकृष्ण हमें समझाते हैं कि ये जीवन जीने के औजार हैं। जैसे अगर फल काटना हो, तो छुरी लेकर काट सकते हैं। शरीर और बुद्धि का सही उपयोग करना सीख लेना चाहिए। शरीर से हम भगवान की बनाई दुनिया को देख सकते हैं, महसूस कर सकते हैं और इसमें जी सकते हैं। दिमाग से अच्छा सोचते या बुरा सोचते हैं। आपका दिमाग या तो आपको सकारात्मकता की तरफ ले जाता है या नकारात्मकता की अंधेरी घाटियों में धकेल देता है। या तो आप इन औजारों का सही इस्तेमाल कर सकते हैं या इनके हाथों की कठपुतली बनकर रह सकते हैं। इस बात का चुनाव हमेशा आपके हाथों में होगा। तो अपने शरीर और दिमाग को ऐसा औजार बनाइए, जो इस दुनिया में सही काम करे। भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि आप इन औजारों से सही काम करें या गलत, यह चुनने की शक्ति हमेशा आपके पास होगी। देखिए, जैसे आप कुछ लिखने के लिए कलम का इस्तेमाल करते हैं, वैसे ही आपको अपने शरीर और बुद्धि का सही इस्तेमाल करना सीखना होगा। जैसे लिखने के लिए आप कलम को उठाते हैं और लिखने के बाद उसे रख देते हैं। उसी तरह जब शरीर का इस्तेमाल हो तब उसका इस्तेमाल कीजिए और फिर उसे आराम दीजिए। दिमाग का जितना काम हो, उतना काम उससे निकालिए फिर उसे भी आराम करने दीजिए। चिंता के गोल-गोल चक्कर में उसे घुमाना छोड़ दीजिए।

## संविधान में कुछ समुदायों को ट्राइब का नाम देकर उन्हें अलग से अनुसूचित किया गया

# मणिपुर में विवाद का मूल

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

मणिपुर में इम्फाल घाटी चारों ओर से पर्वतीय श्रृंखलाओं से घिरी हुई है। जाहिर है घाटी का क्षेत्रफल पर्वतीय क्षेत्र के मुकाबले बहुत ही कम है। मणिपुर के कुल क्षेत्रफल का दस प्रतिशत हिस्सा घाटी है और बाकी 90 फीसदी हिस्सा पहाड़ी है। लेकिन जहां तक आबादी का प्रश्न है, राज्य की लगभग साठ प्रतिशत आबादी इम्फाल घाटी में रहती है और शेष 40 प्रतिशत आबादी पहाड़ों में रहती है। मणिपुर में मुख्य तौर पर तीन समुदायों के लोग रहते हैं। ये समुदाय मैतेयी, कुकी और नागा के नाम से जाने जाते हैं। स्पष्ट रूप से समझना हो तो मैतेयी मोटे तौर पर इम्फाल घाटी में रहते हैं और कुकी व नागा पहाड़ में रहते हैं। मैतेयी की जनसंख्या मणिपुर की कुल जनसंख्या का लगभग साठ प्रतिशत है और शेष चालीस प्रतिशत कुकी-नागा की जनसंख्या है।

**मणिपुर** में मैतेयी और कुकी समुदाय को लेकर पिछले दो महीनों से भी ज्यादा समय से विवाद चल रहा है। यह विवाद 3 मई को शुरू हुआ था। यह विवाद हिंसक हो गया है, इसलिए दोनों समुदायों के सौ से भी अधिक लोग मारे जा चुके हैं। सबसे दुख की बात यह है कि दोनों समुदायों के इस झगड़े में औरतों को अपमानित किया जा रहा है। इस विवाद के कारणों की अपने-अपने ढंग से मीमांसा की जा रही है। कुछ तात्कालिक कारण हैं और कुछ स्थायी कारण हैं। लेकिन इस झगड़े में मजहब कोई कारक नहीं है। परन्तु दुर्भाग्य से विदेशी मूल की ईसाई मिशनरियां इस विवाद को मजहब यानी रिलीजन से जोडक़र एक नया विवाद खड़ा करने का प्रयास कर रही हैं। हाल ही में सीरिया-मालाबार कैथोलिक चर्च की तेल्लीचेरी की आर्कडायकोजी के आर्कबिशप जोसफ पम्पलाणी ने आरोप लगाया कि इस विवाद के बहाने मणिपुर से ईसाइयों की नस्ल खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। केरल से एक आर्कबिशप जो काफी समय बेल्जियम में भी रहा है, का मणिपुर के इस विवाद में चाल की तरह कूद पडऩा आश्चर्यचकित करता है। वह भी उस समय जब मणिपुर के चर्च भी इस प्रकार का आरोप लगाने से संकोच कर रहे हैं। कुछ समय बाद तेल्लीच्री के इस आर्कबिशप की इस टिप्पणी का सहारा लेकर विदेशों में चर्च इस प्रकार के दोषारोपण में सक्रिय हो सकता है। वैसे कुछ सीमा तक हो ही चुका है। क्या यह विवाद सचमुच ही ईसाई-हिन्दू विवाद है? इसके उत्तर के लिए मणिपुर के समाजशास्त्र के साथ साथ वहां के भूगोल को भी समझना होगा। मणिपुर में इम्फाल घाटी चारों ओर से पर्वतीय श्रृंखलाओं से घिरी हुई है। जाहिर है घाटी का क्षेत्रफल पर्वतीय क्षेत्र के मुकाबले बहुत ही कम है। मणिपुर के कुल क्षेत्रफल का दस प्रतिशत हिस्सा घाटी है और बाकी 90 फीसदी हिस्सा पहाड़ी है। लेकिन जहां तक आबादी का प्रश्न है, राज्य की लगभग साठ प्रतिशत आबादी इम्फाल घाटी में रहती है और शेष 40 प्रतिशत आबादी पहाड़ों में रहती है। मणिपुर में मुख्य तौर पर तीन समुदायों के लोग रहते हैं। ये समुदाय मैतेयी, कुकी और नागा के नाम से जाने जाते हैं। स्पष्ट रूप से समझना हो तो मैतेयी मोटे तौर पर इम्फाल घाटी में रहते हैं और कुकी व नागा पहाड़ में रहते हैं। मैतेयी की जनसंख्या मणिपुर की कुल जनसंख्या का लगभग साठ प्रतिशत है और शेष चालीस प्रतिशत कुकी-नागा की जनसंख्या है। लेकिन इन आंकड़ों के सहारे भी राज्य की समस्या को समझा नहीं जा सकता। इससे आगे का सवाल मणिपुर की जनसंख्या के आपसे संबंधों या उसकी



भीतरी हदबन्दी का है। यह हदबन्दी किसने की और क्यों की? ऊपर से देखने पर लगता है कि मणिपुर के ये तीनों परस्पर विरोधी हैं। अभी जो चल रहा है, उसे देखकर तो कोई भी यही कहेगा कि तीनों एक-दूसरे की जान के दुश्मन हैं। फिलहाल मणिपुर में मैतेयी और कुकी में संघर्ष चल रहा है, उसमें नागा कहीं नहीं हैं। लेकिन अभी तक मोटे तौर पर यह झगड़ा कुकी और नागा के बीच में चलता था। 1993 में हुआ कुकी-नागा संघर्ष कई महीने चला था जिसमें 230 से भी ज्यादा लोग मारे गए थे। नागा-कुकी संघर्ष में मैतेयी का सीधा संबंध तो नहीं होता था, लेकिन उसका संताप मैतेयी को भी झेलना पड़ता था क्योंकि इम्फाल घाटी तक पहुंचने का रास्ता उसके पहाड़ों से होकर ही आता है। कुकी-नागा के संघर्ष में ये रास्ते अवरुद्ध हो जाते थे और इम्फाल घाटी में दैनिक जीवन की वस्तुओं का भी संकट आ जाता था। एक प्रकार से कुकी-नागा संघर्ष में इम्फाल घाटी की घेराबन्दी हो जाती थी। लेकिन इस बार भिड़न्त कुकी और मैतेयी के बीच हुई है। इसलिए यह सोचना जरूरी है कि क्या ये तीनों समुदाय सचमुच परस्पर विरोधी और एक-दूसरे की जान के दुश्मन हैं? मणिपुर के साथ ही असम वगैरह में भी बड़ी संख्या में मैतेयी रहते हैं। असम की बराक घाटी में बहुत से मैतेयी रहते हैं। इसी प्रकार कुकी असम के अतिरिक्त मिजोरम में बड़ी संख्या में रहते हैं। लेकिन असम में अंग्रेजों के आने से पूर्व इन समुदायों में आपस में कोई झगड़ा नहीं था। मणिपुर में प्रचलित एक कथा के अनुसार मैतेयी, कुकी और नागा तीनों आपस में भाई हैं। दरअसल अंग्रेजों के आने से पूर्व कुकी और नागा नाम भी प्रचलित नहीं थे। मणिपुर में मैतेयी के अतिरिक्त तांखुल, कबुई, माओ, मरींग, पुरम, मराम, चीरू मथोन, अंगामी समुदाय के लोग रहते हैं। अंग्रेजों ने अपने उपनिवेशवादी हितों के लिए इन सभी समुदायों को नया नाम नागा का दिया। इसी प्रकार मणिपुर के दक्षिणी पहाड़ी क्षेत्र में थादौ, पाइते, हमार, बाइफै, गाइते, सिमते, चोथे, रालते इत्यादि पहाड़ी समुदायों के लोग रहते हैं। इन सभी के लिए अंग्रेजों ने कुकी शब्द का प्रयोग करना शुरू किया। 1857 की आजादी की पहली लड़ाई में मणिपुर के मगांग, लुवांग, खुमान, अंगोम, मोयरंग, चेंगली, खा नगांबा मैतेयी समुदायों ने महत्वपूर्ण हिस्सा लिया और कई काला पानी यानी अंडेमान निकोबार में जलावतन भी हुए। इसी प्रकार कालान्तर में कुकी के नाम से जाने वाले समुदायों का बीसवीं सदी के शुरू में अंग्रेजों से लम्बा युद्ध हुआ। इसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों ने नई प्रकार की फौज मणिपुर में उतारी। यह फौज ईसाई मिशनरियों की थी और दूसरी फौज नृविज्ञानियों यानि एंथ्रापोलोजिस्टों की थी। मिशनरियों ने इन समुदायों को मतान्तरित करना शुरू किया। नृविज्ञानियों ने कुछ समुदायों को एक साथ रख कर उनको कुकी की नई पहचान दी। इसी प्रकार शेष बचे समुदायों को एकत्रित कर नागा कहना लिखना शुरू किया। इस प्रकार सात समुदायों के लोग मैतेयी कहे जाने लगे। शेष 31 समुदायों के लोग दो हिस्सों में विभक्त होकर कुकी और नागा कहलाने लगे। लेकिन अभी भी इन तीनों समुदायों का मौखिक इतिहास इन्हें आपस में जोड़ता था। उस मौखिक इतिहास को ब्रिटिश इतिहासकारों और नृविज्ञानियों ने मिथक कह कर ख़ारिज करना शुरू कर दिया। ये सभी समुदाय अन्य लोगों की तरह प्रकृति के अनेक रूपों की पूजा उपासना करते थे। जैसे जल, अग्नि, वायु, आकाश और पृथ्वी के विविध रूपों की। आत्मा के अस्तित्व को लेकर इन समुदायों में अनेक अवधारणाएं थीं। लेकिन इनके लिए यूरोपीय भाषाओं में प्रचलित एनीमिस्ट शब्द का प्रयोग करना शुरू किया। मैतेयी समुदाय में तो ग्राम देवता की अवधारणा प्रचलित थी। किसी भी शुभ अवसर पर ग्राम देवता का आह्वान किया जाता था। उधर यूरोपीय मिशनरी मणिपुर के इन समुदायों को मतान्तरित करने में लगे थे, इधर उनके ही नृविज्ञानी मैतेयी, कुकी और नागा की अलग पहचान ही स्थापित नहीं कर रहे थे, बल्कि उनको एक दूसरे के विरोध में भी स्थापित कर रहे थे। जल्दी ही इसके परिणाम भी आने शुरू हो गए। मैतेयी तो इतनी ज्यादा संख्या में ईसाई नहीं बने (आज उनकी संख्या दो-तीन लाख के बीच है), लेकिन कुकी और नागा तो लगभग शत प्रतिशत ही ईसाई हो गए। अंग्रेजों के चले जाने के बाद सभी रियासतों पर देश का संविधान लागू हो गया। संविधान में कुछ समुदायों को ट्राइब का नाम देकर उन्हें अलग से अनुसूचित किया गया। बोलचाल की भाषा में इन समुदायों को एसटी कहा जाने लगा।

# उफनती नदियां, ढहते पहाड़ और भ्रष्टाचार

आपदा के बीच कुछ सवाल हैं जिनका जवाब ढूंढना आवश्यक है। क्या इस त्रासदी से आम जनमानस और हमारी सरकारों ने सबक लिया है? क्या हम उन कार्ययोजनाओं, पाबंदियों पर काम कर रहे हैं जिन्हें ग्रीन ट्रिब्यूनल ने समय-समय पर अपने आदेशों के जरिए लगाया था। मानवीय भूलों और प्रकृति के प्रति अत्याचारों को दैवीय आपदा कहा जाना कहीं न कहीं इनसानों को गलत राह पर ले जाने का कार्य ही करता है। बेशक सरकारें प्लान बनाती हैं, नियम भी बनाती हैं, लेकिन भ्रष्ट समाज और सरकारी तंत्र में उनका कितना पालन होता है, सब जानते हैं। अब वक्त आ गया है जब सरकारों को इस विषय में दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के अनुसार नदियों के किनारे से 25 मीटर की दूरी तक कोई निर्माण नहीं हो सकता, लेकिन रसूखदारों ने एनजीटी के नियमों के विरुद्ध बड़े-बड़े भवन खड़े कर लिए।

**आसमानी** आफत ने कुल्लू घाटी समेत पूरे हिमाचल में बर्बादी के वो निशान छोड़े हैं जिन्हें चाह कर भी मिटाया नहीं जा सकता। आपदा के बीच कुछ सवाल हैं जिनका जवाब ढूंढना आवश्यक है। क्या इस त्रासदी से आम जनमानस और हमारी सरकारों ने सबक लिया है? क्या हम उन कार्ययोजनाओं, पाबंदियों पर काम कर रहे हैं जिन्हें ग्रीन ट्रिब्यूनल ने समय-समय पर अपने आदेशों के जरिए लगाया था। मानवीय भूलों और प्रकृति के प्रति अत्याचारों को दैवीय आपदा कहा जाना कहीं न कहीं इनसानों को गलत राह पर ले जाने का कार्य ही करता है। बेशक सरकारें प्लान बनाती हैं, नियम भी बनाती हैं, लेकिन भ्रष्ट समाज और सरकारी तंत्र में उनका कितना पालन होता है, सब जानते हैं। अब वक्त आ गया है जब सरकारों को इस विषय में दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के अनुसार नदियों के किनारे से 25 मीटर की दूरी तक कोई निर्माण नहीं हो सकता, लेकिन रसूखदारों ने एनजीटी के नियमों के विरुद्ध बड़े-बड़े भवन खड़े कर लिए। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी संबंधित विभागों को नहीं है, लेकिन फिर भी यह सब प्रकृति के विरुद्ध हुआ और हो रहा है। जिन विशाल पर्वतों को दुश्मन देशों के प्रहरी के रूप में मानकर उन पर जाने पर प्रतिबंध होना चाहिए था, आज उन पहाड़ों को पर्यटन के रूप में विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। जैसे कि सर्वविदित है, हिमाचल एक संवेदनशील राज्य है जिसकी सीमाएं शत्रु देशों से सटी हैं। बावजूद इसके हमारे राजनीतिक आकाओं और स्थानीय लोगों ने राज्य को पर्यटन के लिए अंधाधुंध खोल कर एक बड़ा खतरा मोल लिया है। लाहौल-स्पीति की लद्दाख और किन्नौर जिले की सीमा चीन से सटी है। पाकिस्तान से कारगिल युद्ध में मनाली-लेह मार्ग ने सेना को रसद और गोला-बारूद पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी। हिमाचल की करीब 50 किलोमीटर सीमा चीन से लगती है। दो ढाई वर्ष पूर्व भी लद्दाख की गलवां घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हिंसक झड़प में सेना के एक अधिकारी और दो जवानों की शहादत के बाद हिमाचल के दो जिलों लाहौल-स्पीति और किन्नौर में अलर्ट जारी कर दिया गया था। मनाली के पलचान और दालंग ट्रांजिट कैंप से सामरिक महत्व के लेह मार्ग पर भी सेना के वाहनों की मूवमेंट बढ़ा दी गई थी। इतनी हलचल होने के बावजूद देश और प्रदेश की सुरक्षा को ताक पर रख कर पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा दिया गया। मनाली फोरलेन और नौ किलोमीटर लंबी अटल टनल का निर्माण सेना एवं सुरक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण था, परन्तु इस मार्ग और टनल का उपयोग पर्यटन व्यवसाय के उद्देश्य से करना शायद कुदरत को मंजूर न हुआ। अटल टनल भारतीय सेना को सामरिक रूप से मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई थी। अटल टनल के निर्माण से सेना को सीमा में पहुंचने के लिए 46 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ती थी और कम समय में बर्फबारी के दौरान सैन्य सामान पहुंचाना भी आसान हुआ था। इसको कुदरत से छेड़छाड़ और बढ़ते मानवीय और गाडियों के बोझ से निकलती ऊष्मा, पिघलते ग्लेशियर, कूड़े-कचरे के अंबारों ने ग्रहण लगा दिया। आज चंडीगढ़-मनाली फोरलेन के एक बहुत बड़े हिस्से को ब्यास नदी अपने अंदर समा चुकी है। भगवान न करे अगर चीन को कोई शरारत सूझी और वो फिर अपने कदम इस दिशा में बढ़ाने लगा तो हमारी सेना को कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, यह किसी ने नहीं सोचा! हम अगर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों और नियमों की ही बात करें तो यह नियम कायदे हिमालय और यहां से निकलने वाली नदियों की अस्मिता पर प्रहार करने वालों के आगे बौने नजर आते हैं। हर वर्ष सडक़ निर्माण, होटल निर्माण, घर और भवन निर्माण का लाखों टन गर्दा, धूल, मिट्टी डंपिंग ग्राउंड में डालने के बजाय सीधे नदियों में गिरा दिया जाता है। इससे नदियों के प्राकृतिक मार्ग सिल्ट से अवरुद्ध होकर बाढ़, आपदा की संभावना को प्रबल करते हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, अवैध खनन, भू-माफिया की सक्रियता, राजस्व विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार प्राकृतिक आपदाओं के द्वार खोलने का कार्य करता है। अंधाधुंध भवन और होटल निर्माण, पर्यटन व्यवसाय का निजीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों को टीसीपी के दायरे से बाहर रखना इत्यादि पर अब सरकार को अपना रुख बदलना पड़ेगा। अगर निजी भूमि पर पीपल, बरगद, आम, जामुन इत्यादि के हरे-भरे पेड़ों को काटने पर प्रतिबंध है तो निजी भूमि वाले पहाड़ों की अवैज्ञानिक तरीके से खुदाई पर प्रतिबंध क्यों नहीं? नब्बे डिग्री पर सीधे खड़े पहाड़ों वाली निजी भूमि पर खुदाई कर उन्हें समतल बनाने पर पूर्णतया प्रतिबंध होना चाहिए और यह आदेश सख्ती से लागू होना चाहिए। इस पर अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। निजी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देकर सरकारों ने पूंजीवाद को तो बढ़ावा दिया ही है, साथ में पर्यावरण को भी तहस नहस किया है। काली कमाई और काले धन की बुनियाद पर खड़ा होटल व्यवसाय न केवल पहाड़ी संस्कृति को बर्बाद कर रहा है, बल्कि नशा और व्यभिचार के लिए उत्तम स्थान भी बन चुका है। अधिकतर होटल बाहरी प्रदेशों से आए लोगों, भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं के हैं जबकि प्रदेश का युवा कामकाज की तलाश में बाहरी राज्यों को पलायन कर चुका है या कर रहा है।

## देश दुनीया से

# पहाड़ों, नदियों पर कचरा फैला रहे हैं टूरिस्ट

**पिछले** वीकेंड उत्तराखंड के एक शांत से हिल स्टेशन लैंसडाउन की शॉर्ट ट्रिप पर गए। मसूरी, नैनीताल, शिमला की तरह यहां न ट्रैफिक का शोर है, न कंक्रीट के जंगल। बेहद कम बसाहट और हरे-भरे पहाड़ों से घिरे लैंसडाउन की खूबसूरती मॉनसून सीज़न में देखने लायक थी। यहां की सुनसान सड़कों पर बादलों के बीच ड्राइव करने का अपना ही मज़ा है। हालांकि, यह मज़ा उस समय थोड़ा किरकिरा हुआ, जब कई जगह पर्यटकों की छोड़ी हुई निशानियां देखने को मिलीं। हिल टॉप पर बसा छावनी एरिया तो एकदम साफ-सुथरा था, लेकिन दूसरे पहाड़ी कई रास्तों के किनारे पड़ी बीयर की बोतलें और प्लास्टिक के कचरे को देख दुख हुआ कि कितना ही समझा लें, लोग नहीं सुधरेंगे। इतनी सुंदर जगह को गंदा करने का कोई सोच भी कैसे सकता है। खा-पीकर खाली रैपर्स और बोतलें वहीं फेंकी और आगे बढ़ गए। जिन दूसरे पर्यटकों के लिए ये गंदगी छोड़कर जा रहे हैं, क्या खुद इसी जगह बैठना पसंद करेंगे। दूसरों का नहीं, तो कम से कम इस प्रकृति का ही ख्याल कर लें, जिसे निहारने इतनी दूर से वहां पहुंचते हैं। खाली बोतलों और कचरे को अपनी गाड़ी में ही रखें और जहां डस्टबिन दिखे, वहां उसमें डाल दें। यह हाल हर पॉपुलर हिल स्टेशन का है। अभी हाल में नैनीताल का एक ऐसा ही विडियो काफी वायरल हुआ, जिसमें सफाई अभियान के दौरान हज़ारों की संख्या में निकलीं शराब की खाली बोतलों को एक दीवार पर लाइन से रखा हुआ है। नीचे ज़मीन पर प्लास्टिक कचरे समेत पर्यटकों की फेंकी हुई ढेर सारी गंदगी बिखरी पड़ी है। समझ नहीं आता कि लोग घर से इतनी दूर पहाड़ों पर या नदियों के किनारे क्या सिर्फ पीने के लिए ही आते हैं? उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई लोकप्रिय पर्यटन स्थलों से भी नदी किनारे शराब की बोतलों के ढेर मिलने की तस्वीरें आती रहती हैं। नदी में बैठकर लोग नशा करते हैं और बोतलें या कैन पानी में ही फेंक चले जाते हैं। नशा करने के बाद ये न सिर्फ गंदगी फैला रहे हैं, बल्कि उसी हालत में ड्राइव कर खुद के साथ ही दूसरों की जिंदगी भी खतरे में डाल रहे हैं। इस बीच, उत्तराखंड के चारों पवित्र धाम एक दूसरे तरह के कचरे से जूझ रहे हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में पिछले दो महीनों में चले सफाई अभियान के दौरान भागीरथी और यमुना नदी से सात क्विंटल कपड़े निकले हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या साड़ियों की थी। यहां आने वाले तीर्थयात्री स्नान के बाद पुराने गीले कपड़े नदी में ही बहा दे रहे हैं। सभी घाटों पर नदी में कपड़े न बहाने से संबंधित चेतावनी बोर्ड लगे हैं और लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट भी किया जाता है, तब भी लोग लगातार कपड़े और अन्य कचरा नदी में बहाए जा रहे हैं। ऐसा करते पकड़े जाने पर एक हज़ार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है, पर उसका भी कोई असर नहीं दिख रहा। घाटों पर प्लास्टिक और अन्य कचरा भी भारी मात्रा में मिला है। साफ-सफाई को लेकर हमारा रवैया इतना बेपरवाह सा क्यों है कि जहां बैठे, वहीं गंदगी फैला दी। सावन की शुरुआत में अभी जगह-जगह राहगीरों को मीठा शरबत पिलाने के स्टॉल लगे देखे। कई जगह नियमों के विपरीत प्लास्टिक के गिलासों में शरबत पिलाया जा रहा था और डस्टबिन रखे होने के बावजूद सभी लोग गिलास सड़क पर ही फेंक कर चले जा रहे थे। उस भले काम की पवित्रता कितनी बढ़ जाए, अगर हम साफ-सफाई का भी ध्यान रखें। अक्सर यह हाल प्रमुख त्योहारों के समय हमारे धर्मस्थलों का भी हो जाता है। धार्मिक कार्यक्रम के बाद बची हुई पूजन सामग्री प्लास्टिक की पन्नियों में भरकर नदियों में डाल दी जाती हैं। प्रतिबंध के बावजूद इस पर रोक नहीं लग पा रही है।

हिल टॉप पर बसा छावनी एरिया तो एकदम साफ-सुथरा था, लेकिन दूसरे पहाड़ी कई रास्तों के किनारे पड़ी बीयर की बोतलें और प्लास्टिक के कचरे को देख दुख हुआ कि कितना ही समझा लें, लोग नहीं सुधरेंगे। इतनी सुंदर जगह को गंदा करने का कोई सोच भी कैसे सकता है। खा-पीकर खाली रैपर्स और बोतलें वहीं फेंकी और आगे बढ़ गए। जिन दूसरे पर्यटकों के लिए ये गंदगी छोड़कर जा रहे हैं, क्या खुद इसी जगह बैठना पसंद करेंगे। दूसरों का नहीं, तो कम से कम इस प्रकृति का ही ख्याल कर लें, जिसे निहारने इतनी दूर से वहां पहुंचते हैं। खाली बोतलों और कचरे को अपनी गाड़ी में ही रखें और जहां डस्टबिन दिखे, वहां उसमें डाल दें। यह हाल हर पॉपुलर हिल स्टेशन का है।

## नागरिक बोध

# सिरमौर की जनजातीय गणना

**हिमाचल** में ट्राइबल समुदाय में बढ़ोतरी का एक और मील पत्थर राज्यसभा में हाटी शब्द को परिमार्जित कर गया। हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के प्रस्ताव को लोकसभा के बाद राज्यसभा की मंजूरी के बाद अब केवल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर का इंतजार है। इस तरह आइंदा हिमाचल के जनजातीय समुदाय में करीब पौने दो लाख की आबादी बढ़ जाएगी, जबकि सिरमौर जिला के चार विधानसभा क्षेत्रों की 154 पंचायतों को इससे संबंधित अधिकार प्राप्त होंगे। एक लंबी सियासी लड़ाई की परिणति में अंततः सिरमौर के एक बड़े भाग को सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक न्याय मिल रहा है। इस फैसले की अंतिम मोहर लगाने के बाद जो परिवर्तन आपेक्षित हैं, उनमें केंद्रीय व राज्य की ट्राइबल नीतियों के लाभ, सरकारी नौकरियों में आरक्षण का स्थान तथा विभिन्न परियोजनाओं में प्राथमिक आधार पर आबंटन का आधार बढ़ जाएगा। जाहिर है इसे उपलब्धि मानने के सबब से कहीं अधिक राजनीतिक जीत के रूप में प्रचारित किया जाएगा। भाजपा की तत्कालीन जयराम सरकार के प्रयास और केंद्र में मोदी सरकार के आशीर्वाद से हाटी समुदाय ने आजादी के बाद अपने अस्तित्व की सदी हासिल की है। अब तक किन्नौर, भरमौर, पांगी और लाहुल-स्पीति आदि क्षेत्रों को जनजातीय आधार पर आंका गया था, जबकि अतीत में शांता कुमार कांगड़ा के गद्दियों को भी ट्राइबल दर्जा मुहैया करवाने के सूत्रधार बने थे। ऐसे में अब हिमाचल का एक खास तपका जनजातीय आधार पर न केवल पहचान, बल्कि राजनीतिक, भौगोलिक व सामाजिक दबदबा कायम कर सकता है। हालांकि भौगोलिक दुरुहता के आधार पर कांगड़ा का छोटा व बड़ा भंगाल तथा शिमला का डोडरा-क्वार क्षेत्र अभी भी अपने पिछड़ेपन के कारण जनजातीय दर्जा पाने की ठोस वजह रखते हैं, लेकिन इनकी मांग बेअसर रही है। दूसरी ओर सिरमौर जिला लगभग पूरी तरह जनजातीय रंग में रंग गया है। सिरमौर के साथ लगते शिमला जिला के भी कई इलाके कमोबेश ऐसी ही परिस्थितियों से जूझ रहे हैं, तो प्रश्न उस विवेक से रहेगा जो केवल सीमित परिपाटी में ऐसे विषयों का मूल्यांकन करती रही है। हिमाचल में कबायली राजनीति में एक साथ पौने दो लाख लोगों का शामिल होना, निश्चित रूप से राजनीतिक शक्ति में नया धुरव पैदा करेगा। ऐसे में आगे चलकर लोकसभा सीटों का परिसीमन होता है, तो हिमाचल में कम से कम एक ट्राइबल बढ़ सकती है। दूसरी ओर ट्राइबल सब प्लान के तहत बजटीय आबंटन से कई विकासात्मक तथा सामाजिक उत्थान के कार्य संभव होंगे। हिमाचल में चंबा के बाद सिरमौर जिला का एक इलाका ट्राइबल प्लानिंग से अपनी आर्थिक उन्नति कर सकता है। कहना न होगा कि केवल जनजातीय दर्जा देने मात्र से समाज या क्षेत्र का उत्थान संभव है, बल्कि देखना यह होगा कि केंद्र इस मद में कितना धन आबंटित करता है। जनजातीय क्षेत्र या जनजातीय समुदाय की स्थायी बेहतरी के लिए योजनाओं-परियोजनाओं की प्राथमिकता से ही आर्थिक और सामाजिक आधार पुख्ता होगा, वरना जनजातीय प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरी का आवेदन आगे चलकर किस्तों में केवल रोजगार के कुछ अवसर ही पैदा करेगा। जनजातीय दर्जे के बीच हिमाचल के सामाजिक उत्थान का परिदृश्य किन्नौर, लाहुल-स्पीति से पांगी-भरमौर तक सुदृढ़ हुआ है। हिमाचल की प्रशासनिक व राजनीतिक परिदृश्य में इन क्षेत्रों व इनसे जुड़े लोगों का प्रभाव बढ़ा है। इतना ही नहीं ट्राइबल समुदाय ने अपनी आर्थिक क्षमता से मनाली, सोलन, धर्मशाला व पालमपुर जैसे शहरों में खास रुतबा बनाया है। अनारक्षित विधानसभा क्षेत्रों में भी जनजातीय उम्मीदवारों को तरजीह मिल रही है, तो इससे सामाजिक समरसता का परिचय मिलता है। बहरहाल सिरमौर के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा मिलना, आगे चलकर प्रदेश की तरक्की में एक नई हलचल तो जरूर पैदा करेगा।

# बालूमाथ पुलिस ने चोरी का सोलर प्लेट लदा पिकअप वैन किया जब्त, दो गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पिकअप वैन में लदा दर्जनों सोलर प्लेट और प्लास्टिक पाइप को जब्त किया है ।इस संबंध में शुक्रवार को बालूमाथ थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की बालूमाथ पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वैन जेएच02एन 4683 जो चतरा जिले राजपुर से रांची की ओर जा रही है ।जिसमे चोरी का सोलर प्लेट लदा हुआ है ।सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी टीम का गठन किया गया ।गठित टीम के द्वारा मारंगलोईया ग्राम के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया ।इस दौरान पुलिस चेकिंग लगा देख एक पिकअप वैन का ड्राइवर वाहन छोड़कर भागने लगा ।और पिकअप वैन में सवार अन्य चार लोग भी गाड़ी छोड़कर भागने लगे ।जिसमे से दो लोगो को पुलिस के जवान द्वारा खदेड़ कर पकड़ लिया गया ।जिसमें प्रभु कुमार 20वर्ष पिता रामचंद्र प्रजापति ग्राम गोरेपा थाना पथलगड़ा (चालक), कोमल गंझू 22वर्ष पिता मोहन गंझू ग्राम एदला थाना सिमरिया निवासी शामिल है ।जिसके बाद पुलिस द्वारा पिकअप वैन और उसमे लदा 18 पीस सोलर प्लेट,20 पीस प्लास्टिक पाइप को जब्त कर लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार लोगों द्वारा यह बताया गया कि उन लोगों के द्वारा बरही से सोलर प्लेट चोरी कर ला रहे थे।जब्त सोलर प्लेट व पाइप की बाजार कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। वही गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों को बालूमाथ पुलिस ने मंडल कारा लातेहार भेज दिया । इस छापेमारी दल में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के साथ एस0आई मनोज मुर्मू,ए0एस0आई पारसनाथ प्रसाद,संजय चौधरी शामिल थे ।

# केंद्रीय विद्यालय परिसर में अनंत सेवा के द्वारा किया गया पौधारोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता


**लातेहार :** जिला मुख्यालय के किनामाड़ स्थित केंद्रीय विद्यालय परिसर में नई शिक्षा नीति के 3 वर्ष पूरा होने पर शिक्षकों एवं छात्रों के साथ अनंत सेवा एनजीओ ने पौधारोपण किया। इस मौके पर परिसर में 100 पौधे लगाए गए। बच्चों का संबोधित करते हुए प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने कहा कि वृक्ष मानव की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ प्राणवायु ऑक्सीजन भी प्रदान करता है।इसलिए पौधा लगाना जरूरी है। उन्होंने वर्षा के मौसम में सभी से पौधारोपण की अपील की।वहीं अनंत सेवा के अध्यक्ष जय कुमार सिंह, एग्जीक्यूटिव मेंबर विवेक चंद्र श्रीवास्तव, मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए पौधे लगाना आवश्यक है। पेड़-पौधे न सिर्फ वातावरण को संतुलित करते हैं वरन प्राकृतिक आपदाओं से भी सुरक्षा देते हैं।

## महुआंड़ाड में निकाला गया मोहर्रम का जूलूस

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहर्रम इंत्तजामिया कमिटी के जनरल खलीफा लाडले खान और नायब खलीफा शाहजद आलम, राशिद खान परवेज आलम अब्दुल मतीन उर्फ गुड्डू के नेतृत्व मे शनिवार को पूरे प्रखंड में मोहर्रम का जुलूस शान के साथ निकाला गया। यह जुलूस जरहाटोली से शुरू होकर गुरगुटोली, अम्बोवाटोली, डीपाटोली, महुआडांड़ बिरसा चौक, फुलवार बगीचा, बिरसा मुंडा चौक, रामपुर चौक होते हुए दीपाटोली पहुंची और फिर उसी रास्ते से वापस जरहाटोली पहुंची। जुलूस के दौरान पूरा प्रखंड या अली और या हुसैन के नारे से गूंज उठा। और सभी चौक चौराहों पर लाठी डंडा तलवार भाला गड़ासा आदि से जुलुस में शामिल लोगों के द्वारा खेल करतब भी दिखाए गए। इस दौरान जिस ओर से जुलूस गुजर रहा था वहां के स्थानीय लोगों के द्वारा जुलूस के लिए शरबत पानी नाश्ता वगैरह का इंतजाम किया गया था इस मौके पर सभी लोगों को अंजुमन कमेटी व मोहर्रम कमेटी के और से बधाई एवं धन्यवाद दिया गया।जूलूस के संबंध में जानकारी देते हुए नायब खलिफा शहजाद आलम ने बताया कि रविवार के दिन भी पूरे जोर-शोर के साथ जुलूस निकाला जाएगा और बस पड़ाव में खेल करतब दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से मनिका विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री रामचंद्र सिंह भी शामिल होंगे।

## राष्ट्रीय निशानेबाज से ठगी करने वाले आरोपी को चतरा पुलिस ने मेरठ से किया गिरफ्तार

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा के राष्ट्रीय निशानेबाज नीतीश कुमार को उत्तर प्रदेश के मेरठ के आत्रेय शर्मा ने झांसा देकर करीब दो लाख रुपए की ठगी कर ली।इस बावत नितिश कुमार ने सदर थाना में लिखित आवेदन के आधार पर अभियुक्त विवेक आत्रेय शर्मा के द्वारा 198300.16 (एक लाख अंठावन हजार तीन सौ सोलह पैसा ) ठगी करने के आरोप में सदर थाना कांड सं0 318/17 दिनांक 11.10.2017 धारा 420 भा0द0वि0 के.अन्तर्गत कांड को पंजीकृत किया गया था।पुलिस ने करवाई करते हुए आरोपी आत्रेय शर्मा को उत्तरप्रदेश के मेरठ से गिरफ्तार कर लिया है। छापामारी दल में पु0अ0नि0 निरंजन कुमार,स0अ0नि0 सचिदानन्द सिंह,पुलिस जवान अकाश सिंह, दिगेश्वर कुमार सिंह और जसमिता मिंज शामिल थे।



# बालूमाथ में बारिश नही होने से खेतो में लगे 90 बिचड़े सूखे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में बारिश नहीं होने से इन दिनों के सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है ।किसानों ने बीज दुकानों से खेती के लिए बीज तो खरीद लिया लेकिन बारिश नहीं होने के कारण बिचड़ा तैयार नही कर पा रहे है ।वही कई स्थानों पर लगा बिचड़ा खराब होने लगा है ।जुलाई माह खत्म होने को है लेकिन अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से किसान चिंतित है ।किसानों को डर सता रहा है कि कहीं अकाल ना पड़ जाए । किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर बाजार से बीज खरीदा था ताकि खेती बारी कर सके लेकिन बारिश नहीं होने की स्तिथि में वे लोग कर्ज में डूब जाएंगे । इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे ने बताया कि जून माह में 250 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए ।लेकिन महज 66 मिलीमीटर ही बारिश हुई ।वही जुलाई माह में 350 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए लेकिन 50 मिलीमीटर ही बारिश हुई । कम वर्षा होने के कारण मक्का की फसल 75त्न बुवाई हुई लेकिन 50त्न फसल बारिश नहीं होने के कारण खराब हो गई । वहीं धान का बिचड़ा 60त्न किसानों ने किया लेकिन बारिश नहीं होने के कारण 50त्न बिचड़ा सुख गया । किसानों ने इस संबंध में झारखंड सरकार से बालूमाथ प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की है ।

# पोखरीकला चौताल पर विभिन्न क्षेत्रों से निकाली गई ताजिया का हुआ मिलान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखण्ड के पोखरी कला चौताल पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी पोखरी कला, बेतला और सरईडीह के तत्वाधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने शिरकत किया वहीं वरिष्ट समाजसेवी हाजी मुमताज अली के साथ-साथ बीडीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.आशीष रंजन, वरिष्ट नेता सलाम अंसारी, समाजसेवी मनान अंसारी, समाजसेवी हेसामुल अंसारी, यूथ कांग्रेस प्रदेश कॉर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह और प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता सहित कई गणमनाय लोग मौजूद रहे,कार्यक्रम का संचालन कर रहे बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने सभी मेहमानों और ताजियादारों का गर्मजोशी से इस्तेकबाल किया यहां पोखरी, सरईडीह, कुटमू और बखोरीडेरा डेरा के साथ- साथ बेतला, तूरी टोला, बगीचा और कोलपुरवा आदि क्षेत्रों से निकाली गई ताजिया का मिलान हुआ।चौताल पर आयोजित विभिन्न ताजियादारों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया,जिसमें विधायक रामचंद्र सिंह और हाजी मुमताज अली, बीडीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, डॉ आशीष रंजन, हासिब अंसारी, हदीश अंसारी, महबूब आलम सहित कई लोगों ने प्रदर्शन दिखाया, वहीं अतिथियों का पगड़ीपोषी कर किया स्वागत गया।

## बारिश से किसान खुश, फसलों को पहुंचेगा फायदा



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला मुख्यालय में जोरदार वारिश हुई जिससे ऊमस भरी गर्मी से परेशान लातेहार शहरवाशीयों को बड़ी राहत मिली है। वहीं बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। धान और मक्का की फसल के लिए बारिश संजीवनी साबित होगी। तेज धूप और गर्मी से फसलों में सिंचाई की जरूरत पड़ रही थी।अब कुछ दिन तक खेतों में काफी नमी रहेगी। जुलाई माह में पूरा महीना वारिश नहीं होने से काफी गर्मी बढ़ गई थी। किसानों के अंदर धान रोपाई कि आशा टूट चुकी थी जो एक बार फिर से यह वारिश किसानों के उम्मीद को जगाया है। कुछ स्थानों पर ही हल्की बूंदाबांदी होती रही। शनिवार को उमड़ उमड़कर बादल छाए और फिर बारिश शुरू हो गई। किसानों के चेहरे खिल गए। बारिश से धान, मक्का समेत कई फसलों को फायदा पहुंचेगा। सूखे खेतों की प्यास बुझ गई ।

# 2 किलो गीला अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया पुलिस ने शनिवार को 2 किलो गीला अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में विजय गंझू और लीलो गंझू का नाम शामिल है। दोनों पत्थलगडा थाना क्षेत्र के मेरमगड्डा के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से अफीम के अलावा एक स्कूटी, एक मोबाइल फोन और 500 ग्राम अफीम निर्माण में काम आने वाला पाउडर जब्त किया है। मामले को लेकर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग चलाई जा रही है। इस क्रम में बिरहु के पास चेकिंग पोस्ट पर स्कूटी पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें खदेड़ कर पकड़ा। स्कूटी की तलाशी करने के बाद उसके डिक्की में रखे 2 किलो अफीम बरामद किया गया। चेकिंग अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा शीला ओपी प्रभारी रामदेव वर्मा, एएसआई निवास सिंह, विद्यानंद शर्मा और शिला ओपी के सशस्त्र बल शामिल थे।

हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया क्षेत्र में मुहर्रम पर्व

# लाठी तलवार भाला से दिखाए गए कई तरह के खरनाक करतब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र के तमाम गाँवों में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया मुहर्रम का पर्व। मुहर्रम के पर्व में जहां मुस्लिम धर्मावलम्बियों द्वारा रोजे रखे जाते हैं वहीं इमामे हसन व हुसैन की शहादत की याद में गम मनाते है। इसी माह में इस्लाम के खातिर यजीदियों के हाथों अपना सहादत दे दिए लेकिन उनके सामने सर नहीं झुकाए। यही है मुहर्रम का पर्व । जबकि यजीदियों द्वारा इमामे हसन व हुसैन एवं उनके परिवारों पर पानी तक पहरा लगा दिया गया। किन्तु भूख प्यास में भी उन लोगों के साथ आखरी दम तक लड़ाई जारी रखा अंत में इसी माह में सहादत हो गए। इमामे हसन व हुसैन की सहादत की याद में प्रत्येक वर्ष मुहर्रम मनाया जाता है। इधर मुस्लिम धर्मावलम्बियों द्वारा मेला का आयोजन कर लाठी तलवार भाला गड़ासा से एक से बढ़ कर एक हैरत अंगेज करतब दिखाया गया। जहां मौजूद लोगों ने देख दाँतों तले अंगुली दबा लिए। मेले में इस्लामी झंडा, ताजिया,साउंड के साथ पहुंचते हैं ग्रामीण। मेले में हजारों की भीड़ होती है ।

शान्ति पुर्ण तरीके से मुहर्रम त्यौहार का हुआ समापन प्रखंड प्रसासन की दिखी कड़ी सुरक्षा

# प्रचंड गर्मी में भी अखाड़े में थिरकते दिखे मुस्लिम धर्मावली के नवयुवक, हार मानी गर्मी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत हो रहे मुहर्रम त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। प्रशासन की कड़ी व्यवस्था के साथ लगभग सभी अखाड़ों में दिखे। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने जगह जगह पर सभी अखाड़ों में प्रशासन की व्यवस्था बनाए हुए थे।बताते चलें कि गांगपुर, द्वारी, तरी, बरटा, सलीमपुर, किरकिरा के अलग-अलग अखाड़ों में जुलूस ताजिया के साथ निकाली गई जुलूस में लोगों ने या अली या हुसैन के नारे लगाए एवं लाठी तलवार गड़ासा से अपना कला प्रदर्शन किया। केंदुआ समीप अखाड़ा में गिद्धौर सहित आसपास के सभी अखाड़ा के लोगों ने अपनी अपनी ताजिया लेकर पहुंचे।औरअपना-अपना ताजिया का मिलान किया।एवं सभी जगह शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार को संपन्न किया गया है। जगह जगह पर जनप्रतिनिधि राजनीतिक दल से जुड़े लोग साथ-साथ समाजसेवी लोग भी मौजूद थे।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित साहू ने मिलकर दी बधाई

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सिमरिया प्रखंड के सबानों गांव निवासी एवम भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने रांची आवास में मिलकर अंगवस्त्र भेट कर एवम मुंह मीठा कराकर बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दिया। अमित साहू ने बताया की आपके सांगठनिक कौशल एवं ऊर्जा से भाजपा संगठन प्रदेश एवम देश में नई ऊंचाइयो को प्राप्त करेगा। साहू ने उनके उज्वल भविष्य की कामना भी किया।



## हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात , मवेशी को उतारा मौत के घाट



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया है। घरों व फसलों को क्षतिग्रस्त कर दिया और एक मवेशी को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया है। जहां घर के बाहर बांधे एक गाय व दो बछड़ा को कुचल कर मार डाला, घर मे रखे अनाज खाया, फसल भी किया बर्बाद। अचानक हाथियों के दस्तक से लोगो मे है दहशत। हाथियों के उत्पात से सोहराई उरांव, प्रेम उरांव, शशि उरांव के पहुंचाया भारी नुकसान। सूचना पाकर सरादु मुखिया व टंडवा वन विभाग की टीम पहुँचा सुइयाटांड़ गांव।

# जिले में मुहर्रम के जुलूस को लेकर दिया गया था विशेष निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** मोहर्रम इस्लामिक नव वर्ष की 10वी तारीख को मनाया जाता है। यह कुर्बानी और इंसाफ का पैगाम के साथ साथ बुराई पर अच्छाई और शराफत की जीत का पैगाम देता है। इस अवसर पर बड़े पैमाने पर जुलूस निकाला जाता है। साथ ही ताजिया का प्रस्तुतिकरण जुलूस के साथ किया जाता है। चतरा जिले में भी मुहर्रम के अवसर पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बारे पैमाने पर जुलूस निकाला जा रहा है।जिला प्रशासन चतरा के द्वारा मोहर्रम की आलोक में सुरक्षात्मक एहतियात बरतने के लिए निम्नलिखित निर्देश जारी किए हैं। सभी मोहर्रम और अखाड़ा कमेटी से अनुरोध है कि निम्नलिखित निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।मुहर्रम रुट की उचित समीक्षा की जाय ताकि किसी भी परिस्थिति में रुट में बदलाव ना किया जाए।जुलूस के रूट में पड़ने वाले विधुत तार का आकलन कर लें तथा आश्वस्त हो लें कि ताजिया तार के सम्पर्क में न आये।क्षेत्र में अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसकी सूचना अविलंब वरीय अधिकारी, कंट्रोल रूम को दें।कार्यक्रम के दौरान सौहार्द का माहौल बनाए रखें।ग्रामीण,शहरी क्षेत्रों में जुलूस के मद्देनजर हर प्रकार की सावधानी अपनाई जाए। जानकारी का प्रसारण, जानकारी का संग्रह, स्थानीय लोगों में आपसी समन्वय स्थापित करने हेतु सभी महत्वपूर्ण कदम उठाये जाए।

# दो हाथियों के झुंड ने किसानों के धान का बिचड़ा किया साफ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के मुरवे गाँव में इन दिनों हाथियों का आतंक जारी है। दिन को पास जंगल में करते है आराम रात्रि होते हीं गाँवों घुस मचाता है आतंक। इस तरह हाथियों के आतंक से जहां ग्रामीण और किसान डर के साए में है वहीं अपनी बर्बादी से परेशान हैं ।साथ हीं किसानों को लगे धान के बिचड़ा को सफाचट कर दिया जा रहा है। नुकशान हुए धान का बिचड़ा लगभग 30 से 40 एकड भूमि में धान की रोपाई की जाती। किन्तु अब रोपाई नहीं हो सकती।हाथियों द्वारा धान का बिचड़ा नुकशान में मिठू सिंह,भोला सिंह,कृष्णा सिंह,उपेंद्र सिंह,गंगा सिंह, उगदेव सिंह, सरजू सिंह, रितेश कुमार सिंह, केश्वरी भुइंया, करमूल मियाँ,कुँवर सिंह,उमेश सिंह, बिनोद विश्वकर्मा आदि का नाम शामिल है। किसान मिठू सिंह ने बताया कि हम लोगों के खेत के ऊपर तलाब है और तलाब के नीचे 50 एकड़ भूमि है वर्षा नहीं होने के कारण हम किसान उक्त तलाब से पानी पटा कर बिचड़ा को तैयार किया था। शनिवार को पानी पटा कर धान रोपने की तैयारी की गयी थी किंतु शुक्रवार के मध्य रात्रि को हीं दो हाथियों के झुंड ने बिचड़े को सफाचट तथा रौंद कर बर्बाद कर दिया गया। इस तरह बिचड़े की बर्बादी से अब धान की रोपाई नहीं की जा सकती है चुकी एक तरफ वर्षा नहीं हो रही है तो दुशरी ओर समय नहीं बच रहा है वैसे में हम किसानों को खेत बेकार हो गया है। अब हम लोगों के बीच भुखमरी की समस्या उतपन्न हो जाएगी। आगे कहा कि वन विभाग को कई बार इसकी सूचना दी गयी है लेकिन हाथियों को भगाने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। यदि हम लोग बचाव के लिए हाथियो को मारते हैं तो वन अधिनियम लगा कर जेल भेज दिया जाता है। अब हम किसानों को जितना एकड़ धान का बिचड़ा नुकशान हुआ है उसका क्षति पूर्ति किया जाय। अन्यथा वन विभाग के विरुद्ध मुख्य सड़क पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## तेज रफ्तार वाहन ने ली एक की जान, सड़क जाम

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कल्याणपुर में तेज रफ्तार अज्ञात कोल हाईवा वाहन ने चौंक समीप घर एवं दुकान को बनाया अपना निशाना। घर के लोग बाल-बाल बचे,वही ग्रामीणों द्वारा उग्र होकर कोल ट्रास्पॉटिंग 12 घण्टे बन्द कर दिया है। बताया जाता है कि कल्याणपुर चौक स्थित मंजू देवी और इनकी तीन बच्चों तथा अपनी नन्द ललिता कुमारी के साथ हीं अपना गुजर-बसर किसी प्रकार करती है। कोल ट्रास्पॉटिंग हाईवे के दुर्घटनाग्रस्त ने गरीब परिवार की आशियाना को उजाड़ दिया है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त देखा जा रहा है।वही कंपनियों द्वारा इस विषय पर कोई पहल अब तक नहीं किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत सचिव से मारपीट के मामले को जगदीश महतो ने बताया बेबुनियाद

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ खरना पंचायत के पंचायत सचिव के द्वारा मारपीट के लगाए गए आरोप में जगदीश महतो ने आरक्षी अधीक्षक को लिखित आवेदन दिया जिसमें जगदीश महतो अपने पक्ष को रखते हुए पंचायत सचिव देवनंदन प्रसाद की मनमानी को उजागर किया ।आवेदन अनुसार जगदीश महतो ने कहा कि पंचायत सचिव खरना में बने पंचायत सचिवालय में कभी भी उपस्थित नही रहते इस वजह से मैं 26 जुलाई 2023 को करीब दो बजे अपराह्न मैं मनरेगा योजना संख्या 3416006006/ढ्ढ स्न/7080902466647 के मस्टर रोल में हस्ताक्षर करवाने प्रखण्ड कार्यालय विष्णुगढ़ गया तो पता चला कि खरना पंचायत के पंचायत सचिव देवनंदन प्रसाद अपने किराए के आवास में है। उपरोक्त मस्टर रोल में हस्ताक्षर करने को बोला तो उन्होंने कहा कि योजना का 05 प्रतिशत जोड़कर कुल 24000 हजार रुपये होते है,ये पैसा दो तो हम हस्ताक्षर करेंगे नही तो आप जा सकते है ।पैसे देने में असमर्थता जताई तो मुझे धक्के देकर अपने घर से बाहर करने लगें इसी धक्का-मुक्की में खुद गिर गए और मेरे विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई जो बेबुनियाद है।जगदीश महतो ने अपने दिए आवेदन में यह भी बताया कि मैं लकवा से ग्रसित हूँ, और मेरा बायाँ हाथ ठीक से काम भी नही करता शारीरिक रूप से कमजोर भी हूँ ,ऐसे में मैं किसी दूसरे पर हाथ कैसे उठा सकता हूँ । पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए मामले की तह तक जाने की विन्रम अपील भी जगदीश महतो के द्वारा की गई ।

इस मुद्दे पर विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो ने कहा कि दोनों ओर से आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे है,मुहर्रम की छुट्टी के बाद इस मुद्दे पर विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से चर्चा जरूर की जायेगी ।रही बात प्रखण्ड के सभी पंचायत सचिवों की तो खरना पंचायत सचिव ने थाने में मामला दर्ज करा दिया है,जो अब न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है,मुझे इसमें कुछ नही कहना,परन्तु अखबार के माध्यम से पता चला कि आरोपी जगदीश महतो को गिरफ्तार करने के लिए प्रखण्ड के पंचायत सचिवों ने 02 अगस्त 2023 को हड़ताल पर जाने की जो धमकी दी जा रही है,वो जायज नही है ऐसे में एक मामले की वजह से पूरा प्रखण्ड में मजदूरो की रोजी रोटी और विकास के कार्य मे अवरोध पैदा करेगी जो बिल्कुल जायज नही है ।

भारतीय जनता पार्टी भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष हिरामन महतो ने अपनी बात मुखरता से रखते हुए कहा कि पंचायत सचिव देवनंदन प्रसाद विष्णुगढ़ प्रखण्ड में पदस्थापित हुए करीब एक वर्ष भी नही हुआ है,और बेड़ाहरियारा,विष्णुगढ़ और गोविंदपुर के बाद अभी खरना में है। कुछ महीनों के कार्यकाल में तीन पंचायत से हटाया जा चुका है,इतने कम समय मे किसी भी पंचायत में एक वर्ष भी पूरे नही कर सके। हिरामन महतो ने कहा कि इनके मनमानी पूर्वक रवैये के कारण ही पूर्व के पंचायतो से इन्हें हटाया गया है ।जगदीश महतो को कुछ महीने पहले लकवा मार दिया था,जिसकी वजह से ये अपनी मुट्ठी भी नही बाँध पाते तो ये किसी को मारकर कैसे घायल कर सकता है,इस पर लगाये गये सारे आरोप बेबुनियाद है । यह पूरा मामला पैसे की लेन-देंन से उपजा है ।पंचायत सचिव के इस कदम से गांव के युवा और ग्रामीण काफी गुस्से में है,पंचायत सचिव के विरोध में आने वाले चंद दिनों में धरने की तैयारी की जा रही है ।

### कोडरमा में बदलाव संकल्प सभा को संबोधित करेंगे संजय मेहता

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के स्थानीय मुद्दों नियोजन नीति, स्थानीयता, पुनर्वास नीति, विस्थापन नीति और जनसमस्याओं को लेकर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का आंदोलन लगातार जारी है। समिति के मुख्य वक्ता एवं सदस्य झारखंड के विभिन्न लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र में जनसभा का आयोजन कर अपनी राय लोगों के समक्ष रख रहे हैं।ज्ञात हो कि 16 जुलाई को हज़ारीबाग के गांधी मैदान में बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में जनसैलाब दिखा। उसके बाद गिरिडीह के डुमरी और धनबाद के झरिया में जनसभा किया गया। जहाँ लोगों का जनसैलाब उमड़ा।अब यह जनसैलाब कोडरमा में भी दिखेगा। समिति द्वारा आगामी 3 अगस्त को कोडरमा में बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया जा रहा है। सभा गुरुवार को झुमरी तिलैया स्थित ब्लॉक मैदान में सुबह 10 बजे से शुरू होगी।इस आयोजन को लेकर समिति की तैयारियां जोरों से चल रही है। महासभा को लेकर कोडरमा क्षेत्र की आम-अवाम काफी उत्साहित हैं। सभा में मुख्य तौर पर स्थानीय हक अधिकारों पर जयराम महतो एवं बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सोशल एक्टिविस्ट संजय मेहता सहित झारखंड के अन्य वक्ता अपनी राय रखेंगे। महासभा में कोडरमा सहित चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ और गिरिडीह जिले के लोग शामिल होंगे। विशेषकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र एवं अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के छात्र - नौजवान, बड़े - बुजुर्ग शामिल होंगे। इस सभा का मुख्य मुद्दा स्थानीय एवं नियोजन नीति होगा। साथ ही झारखंड समेत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर भी वक्ता अपनी राय रखेंगे।निजी क्षेत्र के उद्योगों में स्थानीय को 75 प्रतिशत नौकरी, बड़कागांव के गोंदलपुरा आंदोलन को समर्थन, पकरी - बरवाडीह परियोजना में अब तक कई रैयतों को मुआवजा नहीं मिल पाना, बरही में जियाडा भूमि पर स्थापित उद्योगों से हो रहे प्रदूषण, रामगढ़ के बूढ़ाखाप में चल रहे आंदोलन, जमीनों की लूट, छात्रों को अब तक छात्रवृति नहीं मिल पाना, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, हजारीबाग से लंबी दूरी की ट्रेनों की माँग, एनएच चौड़ीकरण में कई प्रभावित रैयतों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाना आदि माँगों एवं समस्याओं को लेकर वक्ता अपने - अपने विचार रखेंगे।

## किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त किसानों को नहीं मिलने से दिख रही हैं मायूसी

# रैंडम वेरिफिकेशन किए जा रहे हैं बाद में आ जाएगी राशि : सीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** किसानों को काफी समय से किसान सम्मान निधि के पैसों का इंतजार था।अब किसान सम्मान निधि की 14वी किस्त को लेकर किसानों को एक बड़ा झटका लगा।

**क्या कहते हैं किसान :** बरही क्षेत्र के किसानों को पूछे जाने पर बताया कि हम लोगों को अपने अपने क्षेत्र में कृषक मित्रों के द्वारा सूचना दी गई कि आपको किसान सम्मान निधि की रकम अगर पानी है तो जमीन का रसीद, मोबाइल नंबर,आधार कार्ड,बैंक पासबुक, की फोटो कॉपी जमा करें।हम सभी कृषक मित्रों को अंचल कार्यालय के द्वारा मांगा जा रहा है। किसानों ने सभी कार्य को छोड़कर अपने-अपने कृषक मित्रों के पास जाकर उन्होंने पेपर को जमा कर दिया। लेकिन जब किसान सम्मान निधि की 14 वी किस्त जारी की गई तो बरही प्रखंड के लगभग 90त्न किसानों का जिन्होंने अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र जाकर ईकेवाईसी करवाया। किसानों का कहना है कि ईकेवाईसी के नाम पर भी ?100 तो कहीं 200 लिया गया।लेकिन आखिरकार हम किसानों को जो उम्मीद थी। प्रधानमंत्री सम्मान किसान निधि योजना के तहत हर वर्ष ?6000 हम लोगों को मिलती थी।वह नहीं मिलने से हम सभी किसानों में काफी मायूसी है।

**क्या कहते हैं बरही अंचलाधिकारी - अरविन्द देवाशीष टोप्पो :** सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि क्रॉस सत्यापन किए जा रहे हैं कई किसानों का गलत ईकेवाईसी का भी मामला सामने आया है। इसके लिए कुछ दिन पूर्व पीएम किसान की टीम ने प्रखंड आकर सत्यापन करने का कार्य किया था। सत्यापन रैंडमली किए जा रहे हैं। सत्यापन के बाद शीघ्र ही किसानों के खाते में राशि हस्तांतरित की जाएगी।

**जीप उपाध्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष :** जीप उपाध्याय संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 14 वी किस्त के राशि नहीं आना कहीं ना कहीं इसके लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी सहित अंचलाधिकारी की लापरवाही को दर्शाता है। किसानों ने सभी दस्तावेज जमा किए।इसके बावजूद राशि का नहीं आना दुर्भाग्यपूर्ण है।इसके लिए किसान मित्र भी काफी हद तक जिम्मेदार है।

## उपायुक्त ने किया जिले के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जुलूस के दौरान लोगों से सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने एवं अन्य आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की वहीं उन्होंने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर संयुक्त जिला आदेश के तहत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस बल के जवानों को हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## ओमान में फंसे प्रवासी मजदूर, सरकार से लगाई घर वापसी की गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड के 6 मजदूर अपनी कंपनी की मनमानी के कारण ओमान में फंसे हुए हैं। कंपनी की मनमानी की वजह से खाने-पीने के लिए सभी मजदूर दाने-दाने को मोहताज हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में फंसे इन मजदूरों ने केंद्र और राज्य सरकारों से शोसल मीडिया के माध्यम से विडियो वायरल कर स्वदेश वापसी की गुहार लगाई है।ये सभी मजदूर गिरिडीह,हजारीबाग और बोकारो जिले के रहनेवाले है।ये सभी मजदूर पिछले 22 दिसंबर 2022 को मोबाइल टॉवर खडे करनेवाली कंपनी में काम करने के लिए ओमान की राजधानी मस्कट गये थे।जहां पिछले पांच महीने से वेतन नहीं मिला हैं।जिसके कारण सभी मजदूर दाने-दाने को मोहताज हो गये है।इधर फंसे मजदूरो के परिजन परेशान हैं।कंपनी ने मजदूरो का पासपोर्ट भी जब्त कर लिया गया हैं।मजदूरों की आवाज उठाने वाले सिकंदर अली ने केंद्र व राज्य सरकार से फंसे मजदूरो को मदद करने की अपील की है। कहा कि यह पहली घटना नहीं है। काम की तलाश में मजदूर विदेश जाते हैं, वहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। बड़ी मुश्किल से वे वतन लौट पाते हैं। पहले भी कई ऐसे मामले सामने आए हैं।ऐसे में सरकार को इस पर ठोस कदम उठाने की जरूरत हैं। वहां फंसे मजदूरों में हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेरकी के संजय महतो,उच्चाघाना के महादेव महतो,अम्बाडीह के दिनेश महतो, अर्जुन महतो, गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत महुरी के किशोर महतो और बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरिया के युगल महतो शामिल है।

## रामगढ़ पार्टी कार्यालय में ऐक्टू की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** रामगढ़ पार्टी कार्यालय में ऐक्टू की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महादेव मांझी ने किया। इस अवसर पर रामगढ़ जिला स्तरीय ऐक्टू का संयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें अमल घोषाल, महादेव मांझी, बिजेंद्र प्रसाद, सरयू बेदिया,शिव शंकर उरांव, चंद्रिका राम, वंशी बेदिया,बृज नारायण मुंडा,सुखराम उरांव, जगदेव रजवार, रूदल राय,तथा डॉ आशीष कुमार समिति में चुने गए।इस अवसर पर भाकपा-माले के जिला सचिव कामरेड भुनेश्वर बेदिया बैठक में शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 9 अगस्त को रांची में मजदूर महापड़ाव में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर बैठक के बाद मणिपुर की ?घटना की कड़ी नींदा करते हुए कहा कि मणिपुर में जो जघन्यतम घटना हुई है देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया शर्मसार हुई है। इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। और प्रधानमंत्री और देश गृहमंत्री को अविलंब इस्तीफा दे देना चाहिए। इस अवसर पर विरोध करने में जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,अमल घोषाल, महादेव मांझी, बिजेंद्र प्रसाद,सरयू बेदिया,शिव शंकर उरांव, बृज नारायण मुंडा, वंशी बेदिया, चंद्रिका राम,सुखराम उरांव, जगदेव रजवार, रूदल राय, तथा डॉ आशीष कुमार मौजूद थे।

## नईसराय में मुहर्रम जुलूस निकाला गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** हजरत इमाम हुसैन के शहादत में मनाया जाने वाला पर्व मुहर्रम के मौके पर शनिवार को रामगढ के नईसराय में पहले पहर जुलूस उत्साह के साथ निकाला गया । यह जुलूस नईसराय बस्ती मोहर्रम कमेटी के द्वारा निकाला गया। रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में यह जुलूस भ्रमण किया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन भी काफी मुस्तैद दिखी । इस जुलूस में अध्यक्ष मोहम्मद राजा सेक्रेटरी मोहम्मद मेहताब खान खजांची मोहम्मद इमरान राजा सैयद कॉलोनी मेंबर मोहम्मद अमन वाजिद रमीज राजा राजा इमरान खान अफरीदी अरमान एवं इस जुलूस में रामगढ़ शहर के गणमान्य लोग भी मौजूद हुए जिनमें कमल बगड़िया अरविंद जयसवाल मनोज सिंह सूरज शर्मा संजय गांधी बालेश्वर ठाकुर आसिफ इकबाल फारुक अली मोहम्मद इम्तियाज सोनू खान एवं हजारों की संख्या में नईसराय के बूढ़े बच्चे जवान सभी शामिल हुए।

## शांति सौहार्दपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चरही :** इस्लाम के त्योहार मोहर्रम में चुरचू प्रखंड सहित पूरे कोलयाचल के विभिन्न जगहों पर जुलूस तथा लाठी खेल प्रतियोगिताएं अत्याधिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें इस्लाम धर्म का पहला महीना मोहर्रम है जिसमें 9 और 10 तारीख को लोग रोजा भी रखते हैं और जुलूस भी निकाला जाता है यह जुलूस हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाला जाता है जिसमें सैकड़ों धर्मावलंबी भाग लेते हैं। मान्यता है कि यदि बादशाह के खिलाफ इमाम हुसैन और उनके साथियों ने अपनी शहादत देकर इस्लाम का परचम लहराया था जिसके बाद से ही इमाम हुसैन और उनके साथियों की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। 9 और 10 तारीख को लोग रोजा भी रखते हैं क्योंकि यह बहुत ही पुण्य माना जाता है। मोहर्रम में लोगों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला क्योंकि जुलूस में मुस्लिम धर्मावलंबियों की बड़ी मात्रा में भीड़ दिखाई दी। मोहर्रम का आयोजन जहां-जहां किया जाता है वहां पर चरही पुलिस द्वारा लगातार अपनी गश्ती जारी रखी गई। सभी स्थानों पर त्यौहार पुलिस की देखरेख में ही किया गया। मोहर्रम के त्यौहार में जुलूस के साथ साथ कई तरह के करतब और खेल का भी आयोजन किया जाता है। यह सब होने के बाद लोग कर्बला पर आकर फातिहा करवाते हैं और इसके साथ ही यह त्यौहार समाप्त हो जाता है। वही ताजिया का नकासी शाहबाज़ अंसारी ने किया ।

मुख्य रूप से चरही इस्लाहुल मुस्लेमीन कमिटि के सदर जलील अंसारी, सिग्रेटरी मिनहाज अंसारी, इस्तियाक अंसारी, आज़ाद अंसारी, चरही मस्जिद इमाम हाफिज इफ्तेखार जियाई, पंचायत समिति आशा राय समाजसेवी उमेश सिंह, अजीत सिंह, वार्ड सदस्य गब्बर सिंह मोजाबर हनीफ अंसारी, अमीन अंसारी, अमज़द अंसारी, मुमताज़ अंसारी ,नोसाद अंसारी, तबारक अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी,मुस्लिम अंसारी ,शहजाद अंसारी, अज़ीम अंसारी, तैयब अंसारी, जमीर अंसारी , यासीन अंसारी,साथ मे सेकड़ो धर्मलंबी शामिल हुए।

## रांची में संपन्न हुई जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुचीता सिंह की अध्यक्षता में रांची के एक सभागार में संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी,विशिष्ट अतिथि ममता सहगल एवं मंच संचालन राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण मुरारी ने किया।

मंचस्थ अतिथियों ने राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत किया। इस दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक में रामगढ़ से उपस्थित हुई जेएसएफ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह शिक्षिका सिंधु झा ने कहा की जनसंख्या समाधान फाउंडेशन राजनीति से अलग देश में बढ़ रही जनसंख्या दर को कम करने और इसकी वजह से देश के संसाधनों पर बढ़ती भर को कम करने के लिए संघर्षरत है। इसके जेएसएफ राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में हुई थी जिसमे हम सभी राज्यों के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर अपनी आवाज को बुलंद करने का काम किया था जिससे केंद्र सरकार इसपर कड़ा कानून बनाए।

और आज झारखंड की राजधानी में भारी संख्या में उपस्थित होकर हमने आगामी अक्टूबर को दिल्ली सीमा से प्रधानमंत्री कार्यालय तक जनसंख्या नियंत्रण कानून को सख्ती के साथ लागू करने हेतु भारी संख्या में पैदल मार्च करने का निर्णय किया है जिसकी पूरी जानकारी कार्यकारिणी के समापन सत्र में मीडिया के सामने रखी जाएगी।इस की बैठक में मुख्य रूप से जेएसएफ की प्रदेश अध्यक्ष (महिला विंग) प्रो. सम्पत्ति देवी,नीतू सिंह, एसबी बबली, डॉक अनुरंजिता सिंह,लक्ष्मी बखला, उषा देवी,मंजू सिंह इत्यादि महिलाए उपस्थित हुई।

# बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन परियोजना शुरू कर लाभुकों को दे लाभ : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में समाज कल्याण कार्यालय एवं शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यो तथा डीएमएफटी के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।समाज कल्याण कार्यालय की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से विभिन्न योजनाओं एवं रामगढ़ जिला अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में सेविका व सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्रों के सभी रिक्त सेविका व सहायिकाओं के चयन हेतु तत्काल आमसभा आयोजित करने का निर्देश दिया वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को ससमय दिव्यांग उपकरणों का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को नियमित रूप से स्वाधार गृह व वात्सल्य धाम का निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया। शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में रेल परियोजना लागू करते हुए नियमित रूप से बच्चों के लिए यूनिट टेस्ट आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के वैसे बच्चे जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ दी है को वापस स्कूल तक लाने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से प्रतिदिन अपनी उपस्थिति विद्यालयों में दर्ज करें वही उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर बच्चों को विद्यालय के माध्यम से मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

डीएमएफटी के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नियमित रूप से योजनाओं का निरीक्षण करने व गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण कर लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने बंद पड़ी खदानों में मत्स्य पालन परियोजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत सरकारी विद्यालयों के चारदीवारी सहित अन्य कार्यों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# त्याग और बलिदान का पर्व मोहर्रम बड़कागांव में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजरत इमाम हसन हुसैन की सच्चाई के प्रति बलिदान की याद में मुहर्रम पर्व बड़कागांव प्रखंड में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। अखाड़ों में युवाओं ने एक से बढ़कर एक खेल दिखाकर अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया। मोहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मुहर्रम पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में अकीदत के साथ मनाया गया। हर अखाड़े के साथ सैकड़ों लोग उत्साह बढ़ाने को चल रहे थे। अखाड़ों में इस बार शासन की गाइडलाइंस के अनुसार मुस्लिम समुदाय के युवाओं और बुजुर्गों ने लाठी, डंडों और पारंपरिक हत्यारों से एक से बढ़कर एक



हैरतअंगेज करतब दिखाया। प्रखंड के ग्राम बादम, बड़कागांव, सिरमा, महुगाई, बलिया, महुदि, चट्टी, डाडी, सिंदूवरी, चेपा कला, बेला, चंदौल, सहित अन्य गांव में ताजिया के साथ जुलूस निकली गई।

**शांतिपूर्वक मोहर्रम संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद**

जुलूस को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए जगह-जगह पुलिस बल मौजूद रहा। इंस्पेक्टर अनिल सिंह, थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में एसआई रितेश कुमार राव, अभय कुमार, चनेश्वर किस्कू, प्रदीप कुमार महतो, जीवन आइंद, रामाशीष यादव, एएसआई हादी खान, शिवानंद प्रसाद, संजय कुमार, बसंत भगत, राम निवास सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान अखाड़ों का भ्रमण करते रहे। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच सभी अखाड़े तय रूट से होते हुए गंतव्य तक पहुचें। बड़कागांव को छोड़ कर पूरे प्रखंड में देर शाम मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।

**आइये जानते हैं क्यों मनाया जाता है मोहर्रम?**

मुस्लिमों के अंतिम नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोग मुहर्रम मनाते हैं। मुहर्रम के महीने की 10वीं तारीख को कर्बला की जंग में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। इस्लाम और न्याय की रक्षा के लिए उन्होंने खुद को कुर्बान कर दिया था।

# हजारीबाग जिले में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न : डॉ आरसी मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मुहर्रम पर्व सौहार्द पुर्ण वातावरण में संपन्न । हिंदू मुस्लिम सर्वधर्म एकता का झलक देखने को मिला। हजारीबाग जिला प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था संतुलित सुदृढ़ परिमार्जित संतोषप्रद रहा। एसडीओ विद्याभूषण हजारीबाग छड़वा डैम स्थित मेले के अपने देखरेख में मुस्तैदी से मंच पर उपस्थित रहे। हजारीबाग के पुलिस कप्तान मनोज रतन चौथे संपूर्ण जिले के हर प्रखंड पर नजर रखें, इसके लिए पुलिस कप्तान बधाई के पात्र हैं हजारीबाग प्रशासन एवं सर्व धर्म के लोग कदम में कदम मिलाकर मुस्तैद से अपना कर्तव्य का निर्वहन किए बुद्धिजीवियों एवं सर्व धर्म लंबिया ने जगह-जगह शरबत पानी हो एवं जलपान की व्यवस्था किए। तमाम देशवासियों से निवेदन है हर कौम का त्यौहार को इसी तरह शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनावे। सभा स्थल में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, कटकमसांडी सीईओ, कटकमसांडी वीडियो ,डीएसपी राजीव कुमार मुस्तैदी से उपस्थित रहे। सभा का संचालन कांग्रेस इंटेक्स के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साजिद अली खान, कांग्रेस मीडिया प्रभारी निसार खान ,पूर्व प्रमुख बाबर अंसारी, माशूक अंसारी ,पूर्व मुखिया पन्नू महतो ,विनोद कुशवाहा, जमशेद खान ,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सरफुल हक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह पंचायत अध्यक्ष वसंत राम , इत्यादि हजारों हजारों की संख्या में त्योहार के सभा एवं मेले में शरीक हुए।

# प्रवासी मजदूर के मौत पर मृतक के आश्रितों को सांत्वना दिए पूर्व विधायक



**बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड बरकट्ठा ग्राम पंचायत गयपहाडी निवासी जगदीश राणा उम्र 38 वर्ष पिता स्व- छोटी राणा जो मुम्बई जीवकोपार्जन हेतू गए थे। मुम्बई से घर आने के क्रम में ट्रेन में अचानक तबियत बिगड़ने से ट्रेन में ही निधन हो गया।जिनका पार्थिव शव उनके पैतृक गाँव गयपहाडी लाया गया।सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उनके घर जाकर इस दुःख की घड़ी में परिजनों को ढाढ़स बंधाए व गहरी शोक संवेदना प्रकट कर, शव यात्रा में सम्मिलित हुए।स्व-जगदीश राणा अपने पीछे छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए। उनका निधन की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में मातम छा गया है। मौके पर महेंद्र प्रसाद,यमुना प्रसाद,उपेंद्र शर्मा, जागेश्वर प्रसाद,अर्जुन प्रसाद,रामेश्वर चौधरी,संतोष राणा,प्रकाश राणा,किशुन राम,दुर्गा प्रसाद, चोलो ठाकुर दुलारचंद यादव, संजय राणा, राजेश तुरी, महावीर राणा एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता शव यात्रा में सम्मिलित थे।

# नि:शुल्क परामर्श एवं बांझपन निवारण शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के डिस्ट्रिक्ट में स्थित आरोग्यम अस्पताल मे शनिवार को वर्ल्ड आईवीएफ डे के शुभ अवसर पर अजय भी आरोग्यम फर्टिलिटी केयर एंड एंडोस्कोपी विभाग द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में किया गया। जिसमें 100 से भी अधिक लोगों ने अपना पंजीकृत करवाया। सुबह 9ः00 बजे से आयोजन विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ जिसके बाद शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न लोग इस आयोजन का लाभ लेने के लिए आरोग्यम अस्पताल पहुंचे।मौके पर निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि



अस्पताल परिसर में निःशुल्क परामर्श एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 से भी अधिक लोगों ने अपना पंजीकृत करवाया। लोगों के चेहरे पर खुशी लाने की प्रयास आईवीएफ की शुरुआत आरोग्यम अस्पताल में की गई। ऐसे बहुत से दंपति निराश हो जाते थे आप उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है आरोग्यम अस्पताल में कम दर पर इसका इलाज किया जा रहा है।वही आईवीएफ सेंटर की विशेषज्ञ डॉक्टर रंजना शरण ने बताया कि जो बच्चा चाह रहे हैं और उन्हीं बच्चे की प्राप्ति नहीं हो रही है वैसे कपल जो 2 वर्षों एवं उससे अधिक समय से एक साथ बगैर किसी प्रोटेक्शन के रह रहे हैं। एवं वैसे कपल जिनका प्रथम बच्चा खराब हो गया हो वह आरोग्यम अस्पताल में आईवीएफ के लिए जरूर आए।

# कटकमदाग थाना क्षेत्र के कूद में 40 वर्षीय महिला की हुई निर्माम हत्या, संदेहास्पद स्थिति में हुआ शव बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कटकमदाग थाना क्षेत्र हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 24 स्थित ग्राम कूद की 40 वर्ष की उम्र की दलित महिला मुनिया देवी की निर्मम हत्या जिस क्रूरता के साथ उनके घर से महज 300 मीटर की दूरी पर कर दिया गया वह बेहद ही विभत्स और पीड़ादायक है। मुनिया देवी के पति राजु राम मानसिक रूप से कमजोर हैं। शनिवार की सुबह महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ जिसके बाद पूरे क्षेत्र में यह घटना कोलाहल का विषय बन गया। इस घटना की जानकारी जैसे ही विधायक मनीष जायसवाल को मिली पूरे मानसून सत्र के चलते राजधानी रांची में रहने के कारण तत्काल उनके निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर



अस्पताल पहुंचे और पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और न्याय का भरोसा जताया। मृतक महिला के परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। मृतिका के दो विवाहित पुत्र और एक अविवाहित पुत्री है। इनके पति की मानसिक स्थिति अच्छी नहीं है। परिजनों के मुताबिक रात में परिवार के लोग भोजन कर सो गए और सुबह उठे तो महिला का शव घर के सामने ही खुले टांड़ में संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ। परिजनों के आग्रह पर तीन सदस्यीय चिकित्सकों की टीम के द्वारा दंडाधिकारी की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों की टीम में डॉ. अजय भेंगरा, डॉ.अमरेंद्र सिन्हा और डॉ.चंचला गुप्ता एवं दंडाधिकारी के रूप में कटकमदाग बीडीओ शालिनी खलखो मौजूद रही । पोस्टमार्टम होने के बाद शव को विधायक मनीष जायसवाल के सहयोग से एम्बुलेंस के जरिए घाट तक भेजवाया गया द्य। पीड़िता के परिजनों के आग्रह पर विधायक मनीष जायसवाल की ओर से उनके प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़ और रंजन चौधरी ने तत्काल अत्येष्टि आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया गया और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया इधर विधायक मनीष जायसवाल ने इस घटना पर गहरा शोक जताया और समाज के लिए इस प्रकार की घटना को कलंक बताया।

# फिजिक्स वाला ने कंप्यूटर साइंस और एआई के चार वर्षीय रेजीडेंशिल प्रोग्राम के लिए पीडब्ल्यू इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन शुरू किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तकनीकी शिक्षा में भारत के अग्रणी तकनीकी शिक्षण संस्थान फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने पीडब्ल्यू इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन शुरू किया है। इस इंस्टीट्यूट में कंप्यूटर साइंस और एआई का चार वर्षीय रेजीडेंशिल प्रशिक्षण दिया जाएगा।भारतीय सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री की अहम चुनौतियों के समाधान के उद्देश्य से इंस्टीट्यूट को भारत की सिलिकॉन वैली, बैंगलोर में खोला गया है। इस कोर्स को इंडस्ट्री के लिए जरूरी कौशल से परिपूर्ण करने और प्रोफेशनल्स की मांग एवं आपूर्ति के अंतर को पाटकर उन्हें भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार करने के अनुरूप बनाया गया है। चार साल के रेजीडेंशिल प्रोग्राम में शिक्षा के अनोखे और समग्र दृष्टिकोण के साथ प्रशिक्षित किया जाएगा। इंस्टीट्यूट के पास अनुभवी शिक्षक हैं। साथ ही शीर्ष कंपनियों के लीडर्स मेंटर के रूप में उपलब्ध हैं। इंडस्ट्री के काबिल कोर्स हैं। 100 प्रतिशत छात्रवृति की व्यवस्था है। वास्तविक दुनिया के लिए कारगर प्रोजेक्टस हैं। इन सारी सुविधाओं के साथ छात्रों को अपने प्रोफेशनल जीवन की सफल यात्रा के लिए तैयार किया जाएगा। व्यक्तिगत मार्गदर्शन, चार व्यापक इंटर्नशिप, नेटवर्किंग के अवसर, ग्लोबल एक्सपोज़र और एक अत्याधुनिक परिसर इस कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बनाते हैं। कोर्स को बाजार के प्रौद्योगिकी रुझानों के अनुरूप बनाया गया है। छात्रों को किसी प्रमुख संस्थान के समानांतर स्नातक की डिग्री हासिल करने का अवसर भी उपलब्ध रहेगा। यह डिग्री छात्रों को भारत या विदेश में आगे की शिक्षा के अवसर तलाशने और उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में बैठने के योग्य बनाती है।

# हजारीबाग यूथ विंग के प्रयास से गर्भवती महिला को कराया गया रक्त उपलब्ध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा लगातार जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई जा रही है इसी क्रम में वीणा हॉस्पिटल में इलाजरत रानी कुमारी 18 वर्षीय चतरा सिमरिया निवास को चिकित्सकों के द्वारा तत्काल रक्त उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया गया। जिसके उपरांत परिजनों ने ए पॉजिटिव रक्त के रक्तदाता की खोजबीन में जुट गए। कोई रक्तदाता ना मिलने पर परिजनों ने हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया जिसके बाद यूथ विंग के पदाधिकारियों ने ए पॉजिटिव रक्तदाता की खोजबीन में जुट गए जिसके बाद हजारीबाग निवासी मोहम्मद तनवीर से रक्तदान करने का आग्रह किया गया। जिसके बाद उन्होंने अपने मोहर्रम त्यौहार के बीच मानवता के प्रति संवेदनशील होकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर महिला की जान बचाई।हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने रक्तदाता मोहम्मद तनवीर के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के द्वारा रक्त दान, किसी जरूरतमंद व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करता है और इससे ज्यादा सुकून की बात किसी रक्तदाता के लिए नहीं हो सकती।

# सेशिनकाई कराटे के खिलाड़ी कोलकाता के लिए हुए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के बच्चों में शिक्षा के साथ खेल के प्रति भी काफी उत्साह देखने को मिल रही है इसी उत्साह के बीच हजारीबाग सेशिनकाई कराटे के 55 खिलाड़ी शिहान उदय कुमार के नेतृत्व में कोलकाता के लिए बुधवार को देर रात्रि रवाना हुए हैं। सातवीं अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप 2023 का आयोजन कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में किया गया है। इस प्रतियोगिता में भारत देश के अलावा 7 अन्य देशों के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता 29 जुलाई एवं 30 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।हजारीबाग से खिलाड़ियों को बुधवार को देर रात्रि युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा सभी खिलाड़ियों को ससम्मान कोलकाता के लिए रवाना किया गया।मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी हजारीबाग के लिए गौरव हो। आपकी जीत हजारीबाग की जीत होगी। आप सभी खिलाड़ी कोलकाता में जीत दर्ज कर राज्य तथा हजारीबाग का नाम रौशन करें साथ ही कहा कि खिलाड़ियों में खेल के प्रति काफी आत्मविश्वास है इनकी जीत निश्चित है।

# प्रधानमंत्री का भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है : डॉ एहसाल उल हक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ओएसिस स्कूल में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का कार्यक्रम लाइव शनिवार को देखा गया. इस कार्यक्रम को स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक के नेत्तव में सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने देखा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बातों सुना. अखिल भारतीय शिक्षा समागम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्राथमिकता है भारत के हर युवा को समान शिक्षा मिले. शिक्षा के समान अवसर मिले. समान शिक्षा का मतलब है शिक्षा के साथ-साथ संसाधनों तक पहुंच. हर बच्चे की समझ और चॉइस के हिसाब से उसे विकल्प का मिलना. स्थान वर्ग क्षेत्र के कारण बच्चे शिक्षा से वंचित ना रहे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी की एक बड़ी बात यह है कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित ना रहे बल्कि प्रैक्टिकल रनिंग इसका हिस्सा बने.आज दुनिया जानती है कि जब सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी की बात आयेगी तो भविष्य भारत का है.जब स्पेसटेक की बात होगी तो भारत की क्षमता का मुकाबला आसान नहीं है. जब डिफेंस टेक्नोलॉजी की बात होगी तो भारत का लो कॉस्ट आफ बेस्ट क्वालिटी का मॉडल ही हिट होगा. डॉ एहसान उल हक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का भारत को विश्व गुरू बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

# तमाड़ के बारुकांड़े में जोवार मुंडारी ओल पढ़ाव ईतुन आखड़ा का उद्घाटन किया गया



**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के राजस्व ग्राम -बारूकाण्डे में शुक्रवार को जोवार मुंडारी ओल पढ़ाव ईतुन अखाड़ा ÷ का उद्घाटन मंजू देवी और संगीता सिंह मुंडा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अखाड़ा में मुंडारी भाषा के सरंक्षण , संवर्द्धन , पारंपरिक रूढ़ी व्यवस्था,रिती रिवाज सभी तथ्य में विस्तार पूर्वक से नामांकन छात्र /छात्राओं को साप्ताहिक ओल पढ़ाव हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया जिसमें सभा का संचालन अनिल सिंह मुंडा (बारूकाण्डे)के द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्थानों से आए हुए अगुआ झारखण्ड मुण्डा समाज के उप कोषाध्यक्ष सह समाज सहायक दीना सांडील्य, हीरामनी मुण्डा, सबरण सिंह मुंडा,सारुबाला कुमारी ने अपने विचार व्यक्त किये।इसके साथ कार्यक्रम में मुख्य रूप से तेज सिंह मुंडा, प्रक्षित सिंह मुंडा,रामदयाल मुंडा,बंधन लाल सिंह मुण्डा, सुरजू सिंह मुंडा,उमाकांत सिंह मुंडा,पंचानन सिंह मुंडा, फुलमनी देवी, सोनामनी देवी ,भारती देवी, सुनिया देवी, हेमसिंह मुंडा,विमला देवी, प्रकाश सिंह मुंडा, बाबी देवी, धनमनी देवी,अमृता देवी,बुधनी देवी,सविता देवी,जानकी देवी ,लखीमनी देवी,सोमवारी देवी,रीता कुमारी,शिवानी कुमारी,बारी देवी सहित कई लोग शामिल हुए।

## मुहर्रम त्यौहार पहलाम का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुहर्रम त्यौहार पहलाम का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके व हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। प्रखंड क्षेत्र के विशुनपुर,नगर उंटारी, कधवन,कोलझिकि, नरही, हुलहुला खुर्द,कुशदण्ड, जंगीपुर, सोनबरसा,बरडीहा, बम्बा सहित अन्य गांव में मोहर्रम की छोटी चौकी का जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने हजरत इमाम-हुसैन की शहादत को याद किया। जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के द्वारा **या अली या हुसैन कर्बला दूर है जाना जरूर है** सहित अन्य नारे लगा रहे थे। जगह जगह पर फ़ातिहाखानी पढा गया।जुलूस में पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव,जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो वरिष्ठ नेता ताहीर अंसारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाहक अंसारी मुख्य रूप शामिल थे।

# फाउंडेशन ने सभी धर्म प्रेमियों को शरबत पिलाकर स्वागत किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाने वाला मुहर्रम पर बरही चौक पर ताजिया के साथ निकले सभी अखाड़ा धारियों को विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के द्वारा शरबत पिलाकर स्वागत किया गया।हिंदू मुस्लिम आपसी भाईचारा का संदेश दिया। अखाड़ा धारियों के स्वागत में विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के सदस्यों के साथ कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता,सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि शामिल रहे।मौके पर उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप ने कहा बरसों से हिंदू मुस्लिम स्वभाव की खुशबू बिखेरता आ रहा है। मुहर्रम धार्मिक सहिष्णुता की महान परंपरा को दर्शाता है। वहीं फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा सभी धर्मों के धर्म प्रेमियों को साथ लेकर चलना फाउंडेशन का मूल उद्देश्य है संस्था के द्वारा जनहित में कई




कार योजनाएं लाई जाएगी। जिसका विस्तृत रूपरेखा तैयार किया जा रहा। है।कार्यक्रम में फौंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप,कुणाल कतरियार, यमुना यादव,नरेश सिंह,शरीफुल हक, देवचंद यादव,प्रमोद सिंह,सुशील केसरी,उर्फ नुनु,गाजो यादव,मनोहर यादव,करियातपुर मुखिया मनोज कुमार,मोहन प्रजापति,टिंकू केसरी, वहीं पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा,तौकीर रजा ,पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम,राजेंद्र मद्धेशिया, फाउंडेशन के सदस्यों में डब्लू यादव, पंकज यादव,धर्मेंद्र यादव, मनीष यादव, नरेश यादव, अमित यादव, सूरज यादव, टिंकू यादव, राजेश यादव, यशवंत सिंह,डब्लू केसरी सहित कई सामजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रमना प्रखंड के आस पास के क्षेत्रों में मुहर्रम का त्यौहार हुआ शांतिपूर्ण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** प्रखण्ड मुख्यालय सहित आस-पास के क्षेत्रों में मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। मुहर्रम इंतजामिया कमेटी रमना के तत्वावधान में शनिवर की सुबह ताजिया एवं सिपहड़ के साथ जुलूस निकाला गया। जूजूस विभिन्न चौक-चौराहो से होते हुए मड़वनिया पंचायत भवन पहुंचा जहां मड़वनिया,जुडवनिया एवं कबिसा से आये हुए ताजिया का मिलान किया गया।इस अवसर पर लोगो ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाये।इस दौरान या अली,या हुसैन के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो ध था। इधर मिलनी स्थल पर आयोजित लंगरखाने का उद्घाटन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव,जिप अध्यक्ष शांति देवी,प्रमुख करुणा सोनी,सीओ सतीश कुमार सिन्हा एवं मुखिया स्वीटी वर्मा ने फीता काटकर किया।

# मुहर्रम को लेकर उपायुक्त ने किया जिला मुख्यालय सहित प्रखंडो का दौरा

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत मुहर्रम का पर्व आज आपसी सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मनाया जा सके, इस निमित्त जिले में विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त,खूंटी लोकेश मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक,खूंटी अमन कुमार ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न प्रखंड व पंचायतों का



दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जिले में शांति-व्यवस्था कायम रखने के क्रम में पदाधिकारियों के लिए जारी किये गये निर्देशों के अनुपालन का जायजा लिया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# एनडीआरएफ की टीम ने निकाला गोफ में गिरे युवक का शव, बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ लोगों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** घनुडीह गांधी चबूतरा के पास शुक्रवार 28 जुलाई को गोफ़ की दरार में गिर कर 40 वर्षीय परमेश्वर चौहान की मौत के बाद शव निकालने की मशक्कत शुरू हुई। परिजन, पुलिस व बीसीसीएल प्रबंधन के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। परंतु गोफ से जहरीली गैस रिसाव के कारण बीसीसीएल की रेस्क्यू टीम ने हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद शनिवार 29 जुलाई को लगभग 10 बजे सुबह रांची की एनडीआरएफ की 15 सदस्यीय टीम इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची। झरिया अंचलाधिकारी प्रमेश कुशवाहा भी मौजूद थे। लगभग 11 बजे बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू के सुपरिटेंडेंट प्रमोद रंजन मुखर्जी भी टीम के साथ पहुंचे व गोफ से निकल रही गैस व आसपास का टेम्प्रेचर नापा। 11 बजे शव निकलने का कार्य प्रारंभ हुआ और 12-30 बजे सफलता मिली।

**गल चुका था शरीर का अधिकांश हिस्सा :-** गोफ से निकल रही गैस में मीथेन की मात्रा अधिक थी। एनडीआरएफ के जवानों ने रस्सी व लोहे की सरिया की मदद से दो घंटे की मशक्कत के बाद शव का कुछ हिस्सा गोफ से बाहर निकाला। इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह ने बताया कि जहां पर बॉडी गिरी हुई थी, वहां ज़मीन बहुत गर्म था। काफी मशक्कत के बाद टीम ने लोहे के सरिया का एंगेल बनाकर रस्सी के सहारे फंसा कर शव निकाला। हालांकि शव का कुछ हिस्सा ही बच सका है। अधिकांश हिस्सा गल चुका था।

**बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ दिखा आक्रोश :-** एनडीआरएफ की टीम के घटनास्थल पर पहुंचने की जानकारी मिलते ही मृत युवक के पिता बेलगाड़िया निवासी रामू चौहान, भाई विजय चौहान, बहन सुनीता देवी, रेखा देवी, राधा देवी व भतीजा सुमित भी पहुंच गए। परिजनों को रोता बिलखते देख स्थानीय लोगों में बीसीसीएल के खिलाफ आक्रोश देखा गया। बता दें कि इसके पहले भी गांधी चबूतरा में 2002 में जमींदोज होने की बड़ी घटना घटी थी। उस समय कोहराम मच गया था। बीसीसीएल और जिला प्रशासन के खिलाफ आक्रोश फूट पड़ा था।

# सौहार्दपूर्ण महौल में मनाया गया मुहर्रम

## शांति व्यवस्था बनाये रखने को ले पुलिस प्रशासन दिखी मुस्तेद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर शनिविर को शांति माहौल में समाज के लोगो ने मुहर्रम त्यौहार मनाया। मधवाडीह बरियारपुर में मुहर्रम अखाड़ा में शांति सौहार्द भाईचारे हिन्दू मुस्लिम एकता कायम कर अखाड़ा में मुखिया सदीक अंसारी सहित समाज के लोग थे। इधर मोहमदिया डंका य अली या हुसैन के नारो से पूरा इलाका गुंज उठा प्रखंड के महेशमुंडा, बरियारपूर, मुंडहरी, फिटकोरिया, लुप्पी, मोहनपूर समेत विभिन्न मुस्लिम बहुल क्षेत्र में अखाड़ा खेल हुआ। इस दौरान समाज के लोगो ने मधवाडीह मुखिया सदीक अंसारी को अखाड़े में माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मुखिया ने पंचायत के लोगो को सौहार्द वातावरण में मुहर्रम त्यौहार मनाने की अपील की



साथ ही समाज के अमन चैन की दुआ की। वहीं मधवाडीह मुखिया सदीक अंसारी और गांडेय के बडकी टांड मुखिया प्रतिनिधि ने गर्मजोशी के साथ महेशमुंडा चौक पर मुहर्रम अखाड़े में अपने खेल को दिखाया। इधर शांति ब्यवस्था के लिए चौक चौराहों पर पुलिस प्रशासन मुसतेद दिखें ।

# श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन, 2 से 9 अगस्त तक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री हित भागवत सेवा समिति, गोविंदपुर द्वारा आगामी 2 अगस्त 2023 से 9 अगस्त 2023 तक सावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन गांधी मेला पथ, गोविंदपुर, धनबाद में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 2 अगस्त को सुबह 6 बजे से 1100 कलश के साथ भव्य कलश यात्रा एवं कथा प्रारंभ होगा तथा 9 अगस्त को हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह, विमल यादव, प्रणव सिंह, उमाशंकर सिंह, विकाश दुबे, कन्हैया उपाध्याय, प्रिंस उपाध्याय, रंजीत पांडे, नयन मिश्रा, नंद किशोर पांडे, मुकुल पांडे, नोवमी सिंह, जयप्रकाश सिंह, शशि सिंह सहित समस्त श्री हित भागवत सेवा समिति, गोविंदपुर धनबाद श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन करती है।



# कर्बला की शहादत से हमें सीख लेने की जरूरत : परवेज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मोहर्रम इस्लाम का पहला महीना है और इस्लाम का दर्शन इसी महीना से शुरू होता है। इस महीने में मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत हुई। इस्लाम वाले के लिए फख्र की बात है क्योंकि यह जंग हक और बातिल के बीच थी और हमने हक को कबूल किया और शहादत नोश फरमाया लेकिन बातिल के हाथों पर बैत नहीं किया। इसलिए कहा जाता है ÷क़त्ल-ए-हुसैन अस्ल में मर्ग-ए-यज़ीद है, इस्लाम ज़िंदा होता है हर कर्बला के बाद"। इसका तात्पर्य यह हुआ कि कर्बला की जो शहादत हुई है उसमें यजीद मरा है। उसकी गलत नीतियां व बातिल हारा है और हक का सर बुलंद हुआ। कर्बला मे हुई इस शहादत से मानव समाज को सिख लेने की ज़रूरत है। आज के दिन इस्लाम हमें पैगाम देता है की, चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न हो, गर्दन भी क्यों न कट जाए लेकिन हक का दामन हमें नहीं छोड़ने चाहिये। जो कुरान और मोहम्मद साहब के रास्ते हैं, हम उसी पर ही चलेंगे तभी हमारी जिन्दगी कामयाब होगी और हमारा आखिरत भी संवर जाएगा। उक्त सारी बातें मगध विश्व विद्यालय के सहायक प्रोफेसर परवेज अख्तर ने कही।



# मोहर्रम को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुमारधुबी :** मोहर्रम को लेकर चिरकुंडा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह, कुमार धुबी ओपी प्रभारी संदीप यादव, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी अशफाक आलम के नेतृत्व में चिरकुंडा थाना से लेकर कुमारधुबी क्षेत्र होते हुए गलफरबाड़ी ओपी तक फ्लैग मार्च निकाल तीनों थानों के पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल कर एवं शांति ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की। कहा कि अश्लील एवं डीजे पर गाने बजाने से परहेज करें। वहीं थाना प्रभारियों ने भ्रमण कर लोगों को शांति का संदेश देते हुए किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना के घटित होने की संभावना दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की।

# नवजवान एकता फाउंडेशन ने प्राथमिक उपचार शिविर का किया आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मोहर्रम के मौके पर नव जवान एकता फाउंडेशन ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। बतौर मुख्य अतिथि सिन्द्री के पुलिस उपाधीक्षक ने फीता काट कर प्राथमिक उपचार शिविर का उद्घाटन किया। शिविर के माध्यम से मोहर्रम के अखाड़ा मे चोटिल हुए प्रदर्शनकारियों को बिल्कुल मुफ्त मे प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उप्लब्ध कराई गई। वहीं इस शिविर मे उपस्थित हुए शहर के कई गणमान्य लोगों ने नवजवान एकता फाउंडेशन के इस पहल की काफी प्रसंशा की। मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष शाहनवाज़ खान, सचिव मो शाहनवाज़ खान, कोषाध्यक्ष गियासुद्दीन, इकबाल, अकबर, इमरान मल्लिक, इसराफिल, आबिद अंसारी, जावेद गद्दी, ज़ाकिर, मुस्तकीम, सोनू, आज़ाद, तारिक खान, सद्दाम सहित झरिया प्रशाशन, इंतेजामिया कमेटी, शांति समिति और फाउंडेशन के सभी सदस्य मौजूद थे।

# भाजयुमो ने सांसद पीएन सिंह का किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर द्वारा जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह के नेतृत्व में धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह का भव्य स्वागत किया गया। अमलेश सिंह ने कहा की सांसद पशुपतिनाथ सिंह के प्रयास से रेलवे ने शहर के सबसे जाम मार्ग गया पूल चौड़ीकरण की स्वीकृति दी थी जिसकी एनओसी मिल चुकी है और जल्द ही धनबाद को एक जाम मुक्त गया पुल सड़क मिलने वाला है। सांसद ने धनबाद में एयरपोर्ट की भी मांग जोर शोर से उठाई जिसमें यह साफ हो गया कि एयरपोर्ट के लिए राज्य सरकार से जमीन मांगी गई थी जिसकी एनओसी अभी तक राज्य सरकार ने केंद्र को उपलब्ध नही करवाई जिसके वजह से आज तक धनबाद एयरपोर्ट से वंचित है। सांसद ने धनबाद में काम कर रहे आउटसोर्सिंग मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी के लिये एचपीसी के तहत वेतन देने की बात कही। स्वागत समारोह में भाजपा युवा मोर्चा से तमाल राय, सुमित सिंह, जयंत सिंह चौधरी, रवि मिश्र, पिंटू सिंह, सुमित प्रामाणिक, दिनेश रवानी, तरुण शर्मा, जीत सोनी, राजेश सोनकर, गोविंदा पासवान, आशीष पांडेय, दीपक कर्मकार, सोमनाथ रॉय, प्रितपाल सिंह अजमानी, मौसम सिंह राजीव रंजन आदि मौजूद थे।

# प्रोफेसर परवेज अख्तर ने मुख्यमंत्री से मुआवजे की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बेरमो अनुमंडल के बोकारो जिला में ताजिया उठाने के दौरान 11000 तार के चपेट में आने से चार लोगों की हुई मृत्यु की दर्दनाक घटना पर मगध यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर परवेज अख्तर ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कहा की इस घटना से वो काफी मर्माहत हैं तथा मरने वालों और उनके परिजन के हक मे अल्लाह से दुआ करते हैं। प्रोफेसर परवेज अख्तर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हुए कहा है कि प्रत्येक मृतक को 20 लाख रुपए मुआवजा के तौर पर दिया जाये और घायलों का समुचित इलाज सरकार अपने खर्च से कराए। कहा की सभी मरने वालों के परिवार के साथ हम सब की हमदर्दी है, इस सदमे को शब्दों मे बयां नहीं किया जा सकता।



# सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने संघ से दिया इस्तीफा

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोदना क्षेत्र के बरारी कोलियरी में गठित राकोमस ददई गुट के कमिटी के सचिव राधेश्याम यादव सहित कमिटी के सभी पदाधिकारी एवं सभी सदस्यों ने शनिवार को संघ से इस्तीफा दे दिया है। संघ के सचिव श्री यादव ने कहा कि संघ में बड़े पदाधिकारियों से ना तो सम्मान मिल रहा था और ना ही कर्मियों का कोई काम किया जा रहा था। जिससे क्षुब्ध होकर आज संघ के शाखा अध्यक्ष रवि सिंह एवं सचिव राधेश्याम यादव के नेतृत्व में पुरी कमिटी के पदाधिकारी और सदस्यों ने अपना इस्तीफा महामंत्री को दे दिया है। मालूम हो कि राधेश्याम यादव इन दिनों जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के संपर्क में तथा उनके लगभग हर कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहे है जिसको लेकर उसे तथा उसके समर्थकों को बच्चा गुट में शामिल होने कि आशंका जताई जा रही है।

# जनता श्रमिक संघ के पदाधिकारी सिजुआ जीएम से मिले



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में शनिवार को जनता श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने जीएम अनूप राय सहित अन्य पदाधिकारीयो से औपचारिक भेंट कर गुलदस्ता देकर संगठन के माध्यम से मजदूर से जुड़े दो मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई। सेन्द्र बाँसजोड़ा कोलियरी के 318 प्रभावितों की तत्काल सुरक्षित स्थान पर बसाने व जोगता फायर एरिया के ग्रामीणों को छठ घाट जाने के बंद किये गए मार्ग को अविलम्ब पुनः चालू करवाने की मांग पर प्रबंधन ने रास्ता निकालने का आश्वाशन दिया। मौके पर जनता श्रमिक संघ के सिजुआ क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव विशाल बर्णवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह, केंद्रीय सदस्य रामशंकर महतो, शंकर तुरी, फेकू सिंह, शिव चौहान, नीरज गुप्ता, मनोज सिंह, दुर्विजय राजभर, अजय रवानी, लालचंद चौहान, अरुण सिंह, धर्मेन्द्र मिस्त्री, निखिल अग्रवाल, राकेश सिंह, नवीन वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बाघ संरक्षण पर निबंध लिख बिरनी के युवक ने जीता द्वितीय पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** बिरनी वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस और पलामू टाइगर रिजर्व के 50 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में बिरनी प्रखंड के ग्राम झांझ निवासी सहायक शिक्षक नागेश्वर प्रसाद वर्मा के पुत्र जितेंद्र कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, यह पुरस्कार शनिवार 29 जुलाई को राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर उन्हें डिप्टी डायरेक्टर ऑफ पलामू टाइगर रिजर्व व फील्ड डायरेक्टर नॉर्थ डिविजन के द्वारा प्रदान किया गया। आपको बता दें कि उक्त कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र , बेतला नेशनल पार्क में लोगों के बीच पलामू टाइगर रिजर्व के ऐतिहासिक कहानियों को बताने के लिए बाघ, जंगली जानवरों समेत पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए आयोजित की गई थी। जिसमें जितेंद्र कुमार ने अपने निबंध में बाघों की पर्यावरण में भूमिका, जंगली जानवरों के शिकार, पारिस्थिति तंत्र में पेड़ पौधों, पालतू जानवरों, जंगली जानवरों की मानव जीवन में भूमिका समेत कई महत्पूर्ण मुद्दे लिखे थे। इसके पहले भी प्रतिभा के धनी जितेन्द्र कुमार कई राष्ट्रीय स्तर के पुरुस्कार व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चर्चा में जनवरी में भाग ले चुका हैं।

## मायुमो 21 अगस्त को नगर निगम का घेराव प्रदर्शन करेगी


# धनबाद नगर निगम बना नरक निगम : आनंद महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार 29 जुलाई को मार्क्सवादी युवा मोर्चा की एक बैठक मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड पुराना बाजार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो एवं संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने की। बैठक में मुख्य रूप से मासस केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र नरक निगम क्षेत्र बन गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारी का प्रकोप जारी है। बरसात में यत्र - तत्र, नाला - नालियों में मच्छरों का प्रकोप जारी है। नगर आयुक्त को मक्खी- मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कर लोगों को राहत देना चाहिए था। लेकिन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। यहां तक कि निगम द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन का बिछाव या अन्य विकास के कार्यों में खोदे गए गड्ढे को भरने या मरम्मति करने में महीनों लगा देते हैं। जिससे क्षेत्र प्रदूषित होता चला जाता है। होल्डिंग टैक्स, पानी टैक्स साफ सफाई टैक्स और कितने टैक्स आम जनता पर लगाए जाते हैं। इन्हीं सभी जनसमस्याओं को लेकर 21 अगस्त को नगर आयुक्त कार्यालय का घेराव प्रदर्शन किया जाएगा।



# भोजपुरी फिल्म दोस्ती व प्यार की टीम हुई सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोल्डन सनराईज प्रोडक्शन द्वारा निर्मित भोजपुरी फ़िल्म दोस्ती और प्यार की सफलता पर समाजसेवी दिलीप सिंह ने फ़िल्म निर्माता रणविजय सिंह तथा दोस्ती और प्यार फ़िल्म में काम करने वाले सभी कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रणविजय सिंह ने कहा कि भोजपुरी फ़िल्म दोस्ती और प्यार को लोगों ने काफी पसंद किया। इससे कलाकारों और साथ ही फ़िल्म निर्माता कम्पनी गोल्डन सनराईज प्रोडक्शनहाउस का मनोबल भी काफी बढ़ा है।

# सिंदरी में 1019 लोगों को खाली करनी होगी जमीन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सिंदरी के 1019 लोगों को एफसीआई की जमीन और आवास खाली करना होगा।एफसीआई के संपदा पदाधिकारी के न्यायालय ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बेदखली का आदेश पारित कर दिया है।

एफसीआई के प्रशासनिक अधिकारी देवदास अधिकारी ने बताया कि पीपी कोर्ट ने किसी नोटिसधारक को समय नहीं दिया है। पीपी कोर्ट ने 1019 लोगों को नोटिस दिया था। इनमें 908 लोगों ने व्यक्तिगत रूप से अथवा सामूहिक रूप में पीपी कोर्ट में उपस्थित होकर समय देने की मांग की, परंतु कोर्ट ने किसी नोटिसधारक को समय नहीं दिया।

आदेश पारित होते ही एफसीआई प्रबंधन ने अतिक्रमणकारियों के बीच पीपी कोर्ट के बेदखली आदेश का वितरण शुरू कर दिया है। डीडी अधिकारी ने बताया कि सभी लोगों को 15 दिनों में भूमि खाली करने का आदेश दिया गया है। साथ ही कहा गया कि जो व्यक्ति आदेश की अवहेलना करेगा, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पीपी कोर्ट के बेदखली आदेश के बंटते ही पूरे शहर में दहशत कायम हो गया है। लोगों के सामने आशियाना उजड़ने और रोजी-रोटी का खतरा पैदा हो गया है।

सिंदरी के सभी राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने झुग्गी-झोपड़ी के लोगों को उनकी अस्तित्व रक्षा का सब्जबाग दिखाया था। वे सभी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। तीन दिन पहले एफसीआई के यूनिट इंचार्ज विजय कुमार चौधरी ने भी बेदखली के निर्णय का संकेत दे दिया था। कहा था कि पुनर्वास की कोई योजना नहीं है।

बताते चलें कि पीपी कोर्ट के नोटिस के बाद भाजपा, कांग्रेस, वामदल, जश्रसंघ, चैंबर ने आंदोलन की शुरुआत की थी। लोगों को उम्मीद थी कि जनभावना को देखते हुए एफसीआई प्रबंधन राहत देगा, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

त्याग व बलिदान का त्यौहार मुहर्रम के अवसर पर आयोजित हुआ मेला

# मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ताजिया व गाजे-बाजे के साथ निकाला जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा :** लोहरदगा त्याग और बलिदान का पर्व मोहर्रम को लेकर सेन्हा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित हुआ मेला शनिवार को ताजिया व बाजे गाजे के साथ निकाला गया जुलूस। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव,उगरा एवं डांडू में मुहर्रम त्यौहार को लेकर मेला का आयोजन किया गया। जहां सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन दण्डधिकारी के साथ तैनात रहे। विदित हो कि त्याग और बलिदान का त्यौहार मुहर्रम के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। इस दौरान या अली या हुसैन के नारों से इलाका गूंज उठा मुहर्रम जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए। जबकि मेला स्थल पर जुलूस पहुंचते ही बने अखाड़ा में लोगो ने तलवार,भाला,गड़ासा,लाठी सहित विभिन प्रकार के पारम्परिक हथियार से कई तरह का खेल करतब दिखाया और वही बताया जाता है। कि हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। लेकिन झूठ के आगे अपने सिर नहीं झुकाया इस्लाम को मानने वाले लोग हजरत इमाम हुसैन के याद में जुलूस के साथ मैदान-ए-जंग का दृश्य बड़े ही आकर्षक और अनोखे अंदाज में पेश किया। सभी अखाड़ा कमेटियों का मिलन भड़गांव मेला मैदान में हुआ। आयोजित मेला के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। जो झूला,मिठाई गुब्बारे खरीद अपनी खुशी का इजहार कर रहा था.जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा डीएसपी परमेश्वर प्रसाद पुलिस इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा के नेतृत्व में किया गया था।

# पीडीएस कार्डधारक ने सोना सोबरन योजना का उठाया लाभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा :** लोहरदगा झारखंड सरकार द्वारा संचालित सोना सोबरन महत्वाकांक्षी योजना के तहत बुटी पंचायत के झखरा में धोती साड़ी का वितरण कार्डधारियों के बीच किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में पीडीएस कार्डधारक के बीच सोना सोबरन योजना के अंतर्गत जन वितरण प्रणली संचालक के माध्यम से धोती साड़ी का वितरण प्रति लाभुक से 10 रुपया प्राप्त कर किया जा रहा था। जो बीच में किसी कारण को लेकर लम्बे समय तक बन्द था। परंतु झारखंड सरकार द्वारा संचालित सोना सोबन योजना का लाभ पीडीएस कार्डधारियों को देने हेतु पुनः योजना को आरम्भ किया गया। इस संदर्भ में बुटी पंचायत के झखरा ग्राम में संचालित पीडीएस दुकान संचालक अनिल जयसवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि 110 कार्डधारियों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण बुटी पंचायत उपमुखिया सुनील उराँव द्वारा किया गया। योजना का लाभ आशा देवी,झरियो देवी, प्यारी देवी,रहिमन खातुन, सरिता देवी, परदेशिया उराँव सहित 110 कार्डधारियों को दिया गया।

# लोहरदगा सहित पूरे राज्य को सुखाड़ घोषित किया जाए : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर कहा कि लोहरदगा सहित पूरे राज्य सुखाड़ के चपेट में है। बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपाई नहीं हो पाई है इसलिए किसान हित में लोहरदगा सहित पूरे राज्य को सुखाड़ घोषित करने की मांग किए। साहू ने कहा कि राज्य में सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बारिश नहीं होने कारण किसान चिंतित है। सावन माह लगभग समाप्त होने को है नदी नाले झरने पोखर सभी सूखे पड़े हैं। लोहरदगा के किसान बैंकों सहित कई स्थानों से लोन लेकर खेतों में बीज बोए हैं लेकिन बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपाई और भदई फसल उनके खेत में ही सुख रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा जिले के किसान कृषि पर निर्भर है लेकिन समय पर बारिश नहीं होने के कारण किसानों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस स्थिति में तत्काल लोहरदगा सहित पूरे राज्य में राहत कार्य चालू करने की व्यवस्था की जाए।

# मोदी सरकार की योजनाओं से आया स्वच्छता मित्रों के जीवन में बदलाव : अमित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री कुमार अमित आज शहर के स्वच्छता मित्रों से मिल कर उन्हें केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सफ़ाई उनके लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं उसके लाभों से अवगत कराया। श्री कुमार अमित ने इन स्वच्छता मित्रों से मिल कर मोदी सरकार की पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों से भी उन्हें अवगत कराते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किए गए कार्यों का बुकलेट भी सभी को दिया। अमित ने इन स्वच्छता मित्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के स्वच्छ भारत मिशन से स्वच्छता के क्षेत्रों कार्य कर रहे कर्मियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। आज देश सफाई कर्मियों के कामों को सम्मान की नज़र से देखने लगा है। सफ़ाई कर्मियों की सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर देने के लिए मोदी सरकार ने नमस्ते योजना को लाया है। यह योजना केन्द्र सरकार के समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय एवं आवास एवं शहरी कार्य विभाग मंत्रालय का संयुक्त पहल है जो कि सफ़ाई कर्मियों के लिए स्वच्छता संरचना और संचालन व्यवस्था का विकास कर सक्षम इकोसिस्टम का निर्माण करता है जिससे स्वच्छता कर्मियों को दीर्घकालिक आजीविका का अवसर,उनमें क्षमता निर्माण उनकी व्यावसायिक सुरक्षा में बढ़ोत्तरी होती है एवं उन्हें सुरक्षा उपकरणों और मशीनों तक बेहतर पहुंच प्राप्त होती है। कुमार अमित ने इन स्वच्छता मित्रों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आगामी मन की बात कार्यक्रम को साथ में सुनने हेतु अपने बूथ पर आमंत्रित भी किया है। स्वच्छता मित्रों ने भी मन की बात कार्यक्रम को साथ में सुनने की बात कही है। अमित ने इन कर्मियों से उनके कार्य के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं को भी उनलोगों से जाना एवं उसके समाधान हेतु पहल करने की भी बात कही। इस दौरान भाजयुमो महामंत्री लालबाबू,कृष्णा कालिन्दी,राम कालिन्दी,रंजन कालिन्दी,अनूप डोम, प्रसेनजित कालिन्दी,विष्णु कालिन्दी,अविनाश कालिन्दी,राजेश राम आदि स्वच्छता मित्र उपस्थित थे।

# सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा है जरूरतमंदों को लाभ : मधुलिका रानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो :** लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 29 जुलाई शनिवार को प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानो मे सोना-सोबरन साड़ी धोती योजना के अंतर्गत कार्डधारियो के बीच किया जा रहा है साड़ी,धोती,व लुंगी का वितरण।इस अवसर पर प्रखंड के पंचयात कैरो के पीडीएस दुकानदार दुर्गा महिला मंडल एवं नसीर आलम के दुकान मे प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी,प्रखंड 20-सुत्रि सद्स्य,सढाबे मुखिया सुमित्रा उराँव,कैरो मुखिया बीरेन्द्र महली व वार्ड सदस्य उज्वेला तिग्गा ने कार्डधारियो के बीच धोती, साड़ी, व लुंगी का किया वितरण। मौके पर प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने लाभूको से कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जरूरतमंदो को मिल रहा है लाभ। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भीम उराँव ने सभी पीडीएस दुकानदारों से उक्त योजना मे वितरण प्रणाली को युद्ध स्तर पर शत प्रतिशत कार्डधारियों के बीच वितरण करने का निर्देश प्रखंड के दुकानदारों को दी है। आज प्रखंड के पीडीएस दुकान दुर्गा महिला मंडल कैरो,सूर्या महिला मंडल कैरो,रजनी महिला मंडल पंचागाई,पोखरा महिला समूह खरता,सरिता महिला समूह गितिलगढ़,नन्दनी महिला समूह गराडिह,नसीर आलम कैरो,लखन उराँव सढाबे,मनींद्र शाह चरिमा,ब्रजकिशोर साहू उतका,सुरेन्द्र साहू खन्डा,मेघनाथ उराँव एडादोन,मो0 खुर्शीद हनहट,मो0 सईद हनहट, दीपक साहू गुड़ि इत्यादि दुकानदारों के दुकान मे किया गया धोती साड़ी का वितरण।

# झारखण्डी जनता के जन भावना को एक बार फिर छलने का काम कर रही है हेमंत सरकार : राजू गुप्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि अगामी विधान सभा सत्र मे महामहिम राजपाल के द्वारा त्रुटिपूर्ण खतियान अधारित नियोजन व स्थानीय निती व पिछड़ी जाति को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के बिधेयक को पुनः हेमंत सोरेन सरकार सत्र में लाने की तैयारी कर रही है। सच्चाई तो यह है कि सरकार चाहती ही नहीं है कि विधेयक राज्य में लागू हो। सबसे पहले राजभवन से वापस विधेयक को सर्वदलीय बैठक बुलाकर व महाधिवक्ता से सलाह ले कर त्रुटियों को सुधार कर बिधान सभा सत्र मे जनहित मामले को चर्चा में लाये। मगर इन्हें ये विधेयकों को स्वीकृत कराना ही नही हैं। केवल नौटंकी ड्रामा कर जनता को गुमराह करने व बरगलाने के अलावा कुछ भी नहीं है। सरकार का अन्तिम समय चल रहा है। इसी मुद्दे पर सवार होकर चुनावी बैतरनी पार करने की दिवा स्वप्न देख रहे है। जनता को मुर्ख बहुत बनाया। कभी 60-40 का मुद्दा बनाया, कभी खतियान अधारित नियोजन निती बन ही नहीं सकता, कभी आरक्षण का मुद्दा, कभी सरना धर्म कोड, कभी साढ़े तीन लाख का आवास, कभी डिजल पेट्रोल मे सब्सिडी, कभी 100 युनिट तक बिजली मुफ्त, मॉब लिचींग के लिए कठोर कानून। अपने चुनावी घोषणा पत्र का एक भी घोषणा को अपने अन्तिम समय तक लागू नहीं किया। झारखंडी जनता इनके असली चेहरा को पहचान गयी है। अगामी लोक सभा व विधानसभा चुनाव में हेमन्त सरकार को सबक सिखाने का मन बना लिया है।लुट झुठ भ्रष्टाचार मे संलिप्त युपीए सरकार पुन~ सत्ता में वापसी करने का सपना देखना बन्द कर दे।

# जिप सदस्यों के अनुशंसा पर हो डीप बोरिंग, मवेशी वितरण और दुधारू गाय का वितरण : जोसिमा खाखा

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिप सदस्य जोसिमा खाखा जिला परिषद सदस्यों की समस्याओं को लेकर काफी गंभीर नजर आ रही है। वे जिला परिषद सदस्यों के हित मे कई मांग सरकार के समक्ष लगातार रख रही है। शुक्रवार को भी पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, बाँसजोर जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो के साथ कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिला परिषद सदस्यों के हित मे सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग की। जोसिमा खाखा और समरोम पौल तोपनो ने बताया कि कृषि विभाग के अधीन होने वाले कार्यो में जिला परिषद सदस्यों से कोई सुझाव तक नहीं लिया जाता है। बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों के बीच हल जोतने वाले मवेशी का वितरण किया जाता है। लेकिन जिला परिषद सदस्यों से इसके लिए अनुसंशा करने का कोई प्रावधान नहीं है। नतीजन विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी अपने मनमुताबित मवेशी का वितरण कर रहे हैं। इस कारण जरूरमंद किसान योजना का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं। जिप सदस्यों का ग्रामीणों के साथ बढ़िया तालमेल है। ऐसे में जिला परिषद सदस्यों के अनुसंशा पर मवेशी और दुधारू गाय का वितरण कराया जाता तो योजना का लाभ जरूरत मंद किसानो को मिलता। जोसिमा ने कहा कि जिप सदस्यों की अनुसंशा पर कृषि कार्य हेतु होने वाले बोरिंग कराने की सुविधा दी जाय। जिप सदस्यों ने किसानों के हित में भी कार्य करने की मांग की।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन साल के बच्चे की दर्दनाक मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के बगडू थाना क्षेत्र के अरेया गांव में खेत में हल चला रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन साल के बच्चे की मौत हो गई। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पीट कर मार डाला। घटना स्थल पहुंच कर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय नाबालिग ट्रैक्टर चालक विशाल कुमार लक्ष्मण साहू का खेत जोत रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद नीरज कुमार का 3 साल का बेटा श्रेयांश ट्रैक्टर के हल की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना से आक्रोशित बालक के परिजनों और कुछ ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चला रहे विशाल की जमकर पिटाई कर दी। और उसे ट्रैक्टर के रोटावेटर के नीचे डाल दिया। इससे उसकी भी मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे बगडू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा पूरी मामले की पड़ताल कर रहे हैं।

3 वर्षों बाद धूमधाम से निकला मोहर्रम का जुलूस

# इमामे हुसैन जिन्दाबाद के नारों से गुंजा लोहरदगा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** या हुसैन जिंदाबाद के नारों से गूंजा लोहरदगा लगभग 3 वर्षों के बाद लोहरदगा जिला में मुहर्रम का जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। विभिन्न मुहल्लों का अखाड़ा और जुलूस सर्वप्रथम जामा मस्जिद के समक्ष एकत्रित हुआ। जिसके बाद अंजुमन इस्लामिया सदर अफसर कुरैशी सेक्रेटरी सफदर आलम एवं अब्दुल जब्बार उर्फ जवारूल अंसारी के नेतृत्व में विभिन्न मोहल्लों से आए जुलूस शहर में भ्रमण किया इस दौरान शहीदे कर्बला की याद में लोगों ने जमकर नारे लगाए तथा इमामे हुसैन जिंदाबाद,इमामे हसन जिंदाबाद शहीदाने करबला जिंदाबाद के नारे लगाए गए तथा शहीदे कर्बला की याद में कलाम गाए गए। साथ ही विभिन्न मोहल्लों के अखाड़ों के द्वारा हैरतअंगेज करतब भी दिखाए गए। वही विभिन्न मोहल्लों से निकले जुलूस में मोहर्रम को लेकर झांकी भी बनाई गई थी तथा अखाड़ों के द्वारा जगह-जगह रुककर करतब भी दिखाए जा रहे थे। जुलूस में मुख्य रूप से कुरैशी मोहल्ला, थाना टोली, बूचन गली, न्यू रोड, अमला टोली,मिल्लत कॉलोनी, इस्लामनगर, राहत नगर तैगी नगर बांग्ला आजाद बस्ती पावर गंज अंजुमन मोहल्ला करचा टोली जुरिया निगनी गंगू पारा सहित विभिन्न मोहल्लों के जुलूस शामिल थे। वही जुलूस को लेकर जिला प्रशासन भी सतर्क नजर आई संवेदनशील जगहों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा कई जगह बैरिकेडिंग कर यातायात को नियंत्रण किया गया था।

हिंडाल्को सीएसआर के तहत नाशपाती बागवानी को दिया जा रहा बढ़ावा

# बिमरला में सीएसआर के नेतृत्व में वन महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मिनरल्स एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा संचालित बिमरला बॉक्साइट माइन्स में वन महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच नाशपाती के पौधे लगाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इससे पूर्व आज सामूहिक रूप से वरीय खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार की अगुवाई में संकल्प लिया गया कि प्रकृति के संरक्षण के लिए बढ़-चढ़कर पौधरोपण करने हैं। अपने कार्य क्षेत्र एवं अपने निवास स्थल के आसपास बाग बगीचे में पौधरोपण करेंगे। खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने कहा कि पौधा लगाना ही नहीं पौधे का पालन पोषण बच्चे की तरह करने भी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह पौधे आपके भविष्य के साथी बनेंगे। खनन अंतर्गत अब तक 4000 पौधे पौधरोपण किए जा चुके हैं। इसके अलावा आसपास के सभी ग्रामों के ग्रामीणों को पौधरोपण के प्रति जागरूक कर प्रेरित किया जा रहा है। नाशपति बागवानी को प्रोत्साहन के लिए इस वर्ष भी लगभग 1500 पौधे पौधरोपण किए जा चुके हैं। हिंडालको के महाप्रबंधक राजेश अंबस्ट के मार्गदर्शन में पर्यावरण अधिकारी अभिलाषा सिंह, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार के सहयोग से बिमरला माइंस में पौधरोपण का कार्यक्रम तीव्र गति से संचालित किए जा रहे ।

# निलम्बनमुक्त विधायक विक्सल कोंगाड़ी का हुआ जोरदार स्वागत

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की के नेतृत्व में निलंबन मुक्त हुए कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक विक्सल कोंगाड़ी का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने विधायक विक्सल कोंगाड़ी का स्वागत किया। साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को निलंबन करने के बाद जांच करने के बाद दोषमुक्त होने की स्थिति में निलंबन मुक्त करती है। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बुके देकर एवं फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विधायक को गले लगाकर पार्टी में स्वागत किया।जिले में कांग्रेस के मजबूती की ताकत से प्रदेश और पड़ोसी राज्य को भी मिलेगी ऊर्जा~ विधायक भूषण बाड़ा सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि पार्टी के आलाकमान ने कांग्रेस के तीनों विधायकों को निलंबन मुक्त कर सराहनीय पहल किया है। तीनो विधायक के निलंबन मुक्त की घोषणा से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय जी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी, विधायक दल के नेता माननीय आलमगीर आलम जी सहित आलाकमान के सभी पदाधिकारी का यह घोषणा स्वागत योग्य है। अब हमारे विधायक विक्सल कोंगाड़ी के नेतृत्व में हमारे कांग्रेस के कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे। जिससे संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि झारखंड के अलावे ओड़िसा और छत्तीसगढ़ राज्य में भी कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाय। जिले में कांग्रेस के मजबूती की ताकत से प्रदेश और अन्य पड़ोसी राज्य को भी ऊर्जा मिलेगी। तीनो विधायक के घर वापसी के बाद आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की जीत का रास्ता साफ हो गया है।

आजसू पार्टी ने जन पंचायत कार्यक्रम का किया आयोजन

# स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सारे सपने आजसू पूरा करेगी : विलियम कुजुर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** प्रखंड अंतर्गत हेसल पंचायत के कुजी महुरंगटोली में आजसू पार्टी द्वारा सोमरा उरांव की अध्यक्षता में जन-पंचायत कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोहरदगा जिला महासचिव विलियम कुजुर जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी और उपाध्यक्ष समीम अंसारी विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित आजसू पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए विलियम कुजूर ने कहा कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सारे सपने आजसू पार्टी पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि आजसू जो कहती है वह करती है। आजसू की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है यही कारण है कि पूरे झारखंड में आजसू पार्टी के प्रति लोगों में विश्वास काफी बढ़ा है। जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में आप सभी के सहयोग से निश्चित रूप से लोहरदगा में आजसू पार्टी का विजय झंडा लहराएगा और हम सब मिलकर क्षेत्र का सर्वागीण विकास करने में कामयाब होंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि अन्य समुदाय के लोगों के साथ-साथ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का आजसू पार्टी के प्रति जिस प्रकार का रुझान देखने को मिल रहा है उससे यह लग रहा है कि आने वाले समय में झारखंड की राजनीति में एक अलग तरह की भुचाल आएगी और झारखंड की राजनीतिक बागडोर आजसू के हाथों में होगी । बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि हम कमल किशोर भगत के सराहनीय कार्यो को भूले नहीं हैं। 2024 में हम आजसू पार्टी के साथ तन-मन से खड़ा दिखेंगे। जन पंचायत कार्यक्रम में बरतु उरांव, भोला उरांव, डेविड उरांव, लिटू उरांव, सीमा उरांव, मंजू उरांव, करल उरांव, विनीता उरांव, सीमा उरांव, कलावती उरांव, मीना उरांव, अमृत उरांव,पुजा उरांव, हीरा मुनी उराव, खुशबू उरांव, शिलो उराव, भोला उरांव,पुणे उरांव, सोमरा उरांव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कैरो प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम त्योहार हर्षोल्लास शांति एवं सौहार्द के साथ हूआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो :** लोहरदगा दसवीं मुहर्रम को लगने वाला मुहरम मेला प्रखण्ड क्षेत्र चरीमा और कैरो में हर्षोउल्लास के साथ शांति एवं सौहार्द के साथ सम्पन्न हो गया। इससे पूर्व सातवी मुहर्रम से ही कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गए कैरो उतका नवाटोली का जुलूस लगातार तीन दिनों तक निकाली गई।नवीं मुहर्रम को मुहर्रम कमिटी उतका के द्वारा पगड़ी पोषि कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गण्यमान्य लोग भी सामील हुए जिन्हें मुहर्रम कमिटी के द्वारा पगड़ी पोसी कर सम्मानित किया गया तथा उनके द्वारा बड़की चौकी कार्यक्रम का सुरुआत किया गया।दसमी के दिन कैरो, नवाटोली, उतका, नरौली, गजनी, गराड़ीह, चाल्हो, सढ़ाबे, गितिलगढ़ आदि गांव के जुलूस कैरो मेला टांड़ पहुंचकर लाठी डंडा खेल का प्रदर्शन किया वही आयोजन समिति के द्वारा अतिथिओ को पगड़ी पहना कर मेले में भी सम्मानित किया।

# आगामी 7 सितंबर 2023 को लचरागढ़ के ईद टांड़ मैदान में चार दिवसीय स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

सिमडेगा ~ स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता लचरागढ़ के आयोजन को लेकर खेल समिति और स्थानीय विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के बीच बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन लचरागढ़ में बैठक कर चर्चा की गई जिसमें भव्य टूर्नामेंट का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।खेल का प्रारंभ 7 सितंबर 2023 को होगा जिसकी समाप्ति 10 सितंबर 2023 को होगा। खेल में प्रथम पुरस्कार 1,21,000 खस्सी शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 75,000 साथ में खस्सी शील्ड है और इसमें एंट्री फीस 7100 है।

## चलते चलते एक नजर

# पब्लिक-प्रशासन के समन्वय से समेकित विकास संभव है : अविनाश देव




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के दोनों आलाधिकारियों की तबादला हो गया। एक की जवाबदेही विकास की थी दूसरे अपराध को देखते थे। इक्का दुक्का छोड़ पब्लिक के बीच काफी सराहनीय थे। दोनों को काम करने का तरीका अलहदा था। हम बात कर रहे हैं पलामू उपायुक्त ए डोडे व पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा की। उपायुक्त ने जनता दरबार लगाकर मिलने के तरीकों को जो अपनाया गरीबगुरबों के दिल को जीत लिया। सुदुर गांव जाकर वंचित वर्ग से बेजौड़ मिलना आनेवाले पदाधिकारियों को यह संदेश दे गए की जनता के लिए जनता के द्वार जाना होगा क्यों कि आपकी सेवा ही जनता के लिए है। चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के चरण स्पर्श कर उपायुक्त महोदय ने अपने संस्कार का परिचय दिए देते लोगों के दिल जीत लिए। यह संस्कार से पलामू वासी प्रेरणा लेते कभी नहीं भूलेंगे। पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपराधियों पर जो शिकंजा कसा उससे सब को पिल्ही छटक गया। बेहतरीन सेवा देकर जाना बीते पल से आदमी भावुक हो जाता है। मैं दोनों महोदय से मिला। आशीर्वाद लिए और मोमेंटो देकर पलामू को यादगार बनाये।

## बिहार के बांका में ताजिया के हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से 10 झुलसे

**पटना :** बिहार के बांका में सुईया थाना क्षेत्र के जुलूस अबरखा के शनिवार को मुहर्रम पर निकाले गये ताजिया के हाईटेंशन तार के संपर्क में आ जाने से जुलूस में शामिल 10 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सभी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है। बताया जा रहा है कि मुहर्रम के मौके पर सुईया थाना क्षेत्र के जेरुआ मुस्लिम टोला के रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजिया का जुलूस निकाला था। जैसे ही जुलूस अबरखा मोड़ के पास पहुंचा, वहां बड़ा हादसा हो गया। ताजिया सड़क के ऊपर बिजली के 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आ गया, जिससे ताजिया के पास मौजूद 10 लोग बुरी तरह से झुलस गए। झुलसे लोगों को आनन-फानन में कटोरिया के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बांका डीएम और एसपी अस्पताल पहुंचे और झुलसे लोगों का हाल जाना। उल्लेखनीय है कि मुहर्रम को लेकर सुबह से ही ग्रामीण इलाकों में बिजली को काट दी गई थी। फिर भी यह हादसा हो गया। लोग इस हादसे को बिजली विभाग की लापरवाही बता रहे हैं।

### हरतुआ मे धूम-धाम से निकला मोहर्रम का जुलूस, बेहतर ताजिया के लिए रियाज मियां हुए सम्मानित

# अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है मुहर्रम : शुक्ला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** हरतुआ गांव के निम मुहल्ला ने मातम का त्योहार मोहर्रम पर भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम धर्मावलंबी या हुसैन या अली का नारा बुलंद करते चल रहे थे। जुलूस में हुसैनीयों द्वारा लाठी डंडे और तलवार का एक से बढ़कर एक कर्तब दिखाया जा रहा था। प्रत्येक वर्ष कि तरह इस वर्ष भी निम मुहल्ला के मिल्लते इस्लामियां कमिटि द्वारा पगड़ी पोशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमे कमिटि के सभी पदाधिकारियों समेत सभी सदस्यों के साथ साथ मुखिया अरविंद शुक्ला, कांग्रेस विंग के प्रोफेशनल कार्डिनेटर सह पूर्व विधायक प्रत्याशी रूद्र शुक्ला , पंसस दीपक गिरी और पुर्व जिला परिषद निर्मला बहन को कमेटी ने पगड़ी पोशी, माला और तलवार से सम्मानित किया। मौके पर समाजसेवी निर्मला बहन ने रियाजुदिन



अंसारी द्वारा बनाए? गए ताजिया का भूरी भूरी प्रसंसा करते हुए प्रखंड मे नंबर 1 का दर्जा देते हुए 5000 रुपया का ईनाम दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल के संस्थापक सह नायब सदर मों शफीक अंसारी ने कहा कि इमाम हुसैन अमन चैन और इंसाफ के लिए शहीद हो गए थे उन्होंने? हमेशा अन्याय और अहंकार के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद रखें। मुखिया अरविंद शुक्ला ने कहा हजरत इमाम हसन व हुसैन कि सहादत हमे सच्चाई कि राह पर चलने कि सिख देती है। मौके पर समाजसेवी रूद्र शुक्ला ने कहा अधर्म पर धर्म का जीत का प्रतीक है मोहर्रम। समाजसेवी मुस्तकीम मियां ने लोगो से हिंदु मुस्लिम भाईचारगी बनाए रखने की अपील की। मौके पर हाजी खलील मास्टर, पंसस दीपक गिरी, वार्ड सदस्य नसीर अंसारी, मुकेश पुरी, हदीस अंसारी, नसीम अंसारी, साजीद अंसारी, कारो गीरी, अफजल शफीक, अवधेश सिंह, बहीसा बीबी ,आशीष राम, रामजतन राम, धर्म गिरी , अंगद गिरी, बालमुकुंद गिरी , जाकिर मियां, हाफिज नासिर, बसंत पासी, हाजी खलील मास्टर, जाकीर, मुख्तार अंसारी, विश्वनाथ राम, अफताब अंसारी, अभय गीरी ,अब्दुल मियां, अफज़ल शफीक, हदीस अंसारी, जाकिर हुसैन, सरोज मियां, जहदुल मियां, अब्बास अंसारी, जसमुदिन अंसारी, सुदीन मियां , मुमताज अंसारी, असगर अंसारी, इदरीस अंसारी, सदीक अंसारी, फीरोज आलम , असफाक अंसारी, बसीर अंसारी, सहीत हजारों कि संख्या मे गांव के लोग मौजूद थे।

## हॉकी लीजेंड अशोक ध्यानचंद अब्दुल कलाम अवार्ड से पुरस्कृत

**झांसी :** भारत के महानतम वैज्ञानिक, मानवता के अग्रदूत और मनीषी, राष्ट्र ही जिनके लिए सर्वोपरि था, उन भारतरत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की 8 वीं पुण्यतिथि पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शनिवार की शाम हॉकी लीजेंड ओलंपियन अशोक कुमार ध्यानचन्द को अब्दुल कलाम अवार्ड से सम्मानित किया गया। मेजर ध्यानचंद के पुत्र अशोक ध्यानचन्द की उपलब्धियों की बात करें तो भारत सरकार ने उन्हें 1974 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। अशोक ने तीन विश्व कप खेले, वह 1975 के विश्व कप जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे।

# मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों का हो सकता है हाथ : पूर्व आर्मी चीफ



एजेंसी

**नई दिल्ली :** मणिपुर हिंसा को लेकर देश में घमासान मचा हुआ है. संसद के मानसून सत्र में इस मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामा हो रहा है. इसी बीच पूर्व सेना प्रमुख जनरल (रिटायर्ड) एमएम नरवणे ने मणिपुर हिंसा में विदेशी ताकतों के शामिल होने का शक जताया है.


उन्होंने कहा कि मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता.जनरल एमएम नरवणे ने कहा कि सीमावर्ती राज्यों में अस्थिरता देश की समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अच्छी नहीं है. उन्होंने मणिपुर में विद्रोही संगठनों को चीन की ओर से दी जा रही मदद का भी जिक्र किया. पूर्व आर्मी चीफ दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय सुरक्षा परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित एक चर्चा के दौरान मणिपुर हिंसा को लेकर संवाददाताओं के सवालों का जवाब दे रह थे. एमएम नरवणे ने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि जो लोग सत्ता पर हैं और जो भी कार्रवाई की जानी चाहिए उसे करने के लिए जिम्मेदार हैं, वे अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं. मैं कहता हूं कि विदेशी एजेंसियों की भागीदारी से इनकार नहीं किया जा सकता. वे निश्चित रूप से इस हिंसा में शामिल हैं. उन्होंने चीन पर आरोप लगाते हुए कहा कि चीन कई सालों से इन विद्रोही संगठनों की मदद कर रहा है और अब भी ऐसा करना जारी रखेगा.

# जयपुर में मूसलाधार बारिश कई इलाकों में भरा पानी

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में जयपुर समेत लागातार हो रही मूसलाधार बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है. इसके चलते जयपुर के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई है. जयपुर की सड़कों और निचले इलाकों में बारिश का पानी भरने से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. मौसम विभाग के अनुसार, जयपुर समेत अन्य जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान कहीं भारी बारिश हुई है, तो कहीं शुक्रवार रात से ही हल्की बूंदा-बांदी हो रही है. भारत मौसम विभाग जयपुर के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है.

जयपुर में शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण हुए जलभराव से यातायात बाधित हो गया है. लोगों को



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं, अगर ओल्ड जयपुर की बात करें, तो वहां के मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्तिथि बनी हुई है, जिससे आम जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है.राजस्थान में मौसम केन्द्र के अनुसार, पूर्वी राजस्थान के अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग में अभी मानसून सक्रिय रहेगा. अधिकतर भागों में बारिश और कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है. वहीं जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और एक-दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है. वहीं, आज पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भरतपुर, जयपुर कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में मानसून सक्रिय रहने और बारिश जारी रहने की संभावना है.

# रशीद उस्ताद गनी उस्ताद के नारों के साथ निकाला कांटाटोली का मुहर्रम जुलूस

परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र

रांची। इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों से विभिन्न अखाड़ा धारियों के खालीफाओं ने भी इमाम हुसैन और या अली के नारे के साथ अपने-अपने क्षेत्रों से मोहर्रम का जुलूस निकाला। लीलू अली अखाड़ा ,धवताल अखाड़ा, सेंट्रल मोहर्रम कमेटी सहित कई अखाड़ों के खालीफाओ ने अपने-अपने क्षेत्रों से मुहर्रम का जुलूस निकाला है । इस मौके पर 10 से अधिक ताजिया और 200 से अधिक झांकियां भी निकाली गई। प्रतीकात्मक के रूप में चंद्रयान-3,मिस्र का मीनार सहित कई प्रतीकात्मक झांकियां देखने को भीड़ उमड़ पड़ी। वही विभिन्न अखाड़ों में आए अखाड़ा धारियों के बीच अस्त्र-शस्त्र का बेहतर प्रदर्शन किया गया, वहीं पुलिस प्रशासन के सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विभिन्न क्षेत्रों से जिसमें रातू रोड , बरियातू , कांके, लालपुर ,थड़पकना, डोरंडा,कांटा टोली, गुदरी होते हुए सभी जुलूस उर्दू लाइब्रेरी होते हुए कर्बला चौक पहुंची और फिर वापिस देर रात जुलूस अपने अपने घर की ओर लौट गई।

**रशीद और गनी उस्ताद के नारों से गुंजा कांटा टोली:** करीब बीस सालों के बाद लीलू अली



अखाड़ा के अंतर्गत कांटा टोली जमीयतुल कुरैश पंचायत का मुहर्रम का जुलूस अस्त्र-शस्त्र खेलों के साथ निकाला गया । कांटा टोली क्षेत्र का मौलाना आजाद कॉलोनी, गढ़ा टोली, रजा कॉलोनी , कांटाटोली चौक, रमजान कॉलोनी से बड़ी जुलूस नहीं निकाली गई, सिर्फ कांटाटोली कुरैशी मुहल्ले से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया।इस दौरान बुजुर्गों ने छूट लाठी,बलम और तलवार का खेल पेश कर सभी को हैरत में डाल दिया।इस मौके पर या हुसैन,या अली के अलावा रशीद उस्ताद और गनी उस्ताद के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजनमय रहा। इस मौके पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैशी के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कांटा टोली यूनियन बैंक के पास सभी अखाड़ा धारियों , खिलाड़ियों को पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किये। मुख्य रूप से जाबीर कुरेशी , जहूर कुरेशी, बूधन कुरैशी, मतला कुरेशी, तैयब, मुस्तफा, कुरैशी,बुतरु कुरैशी,मुजीब कुरैशी सहित कई लोगों ने खेल का प्रदर्शन किये। वहीं कांटाटोली जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस पप्पू, महासचिव परवेज कुरैशी, अंजुमन इस्लामिया नूरिया के कासीम खान, सहजाद,इरफान खान,जियाल,बारीक कुरैशी,बबलू कुरैशी खलीफा, मुस्ताक कुरैशी, फरहाद कुरैशी,अनीस,यासीन कुरैशी, कुरैशी, मुन्ना कुरैशी,कमरान कुरैशी,मुजाहिद कुरैशी, मोइनुद्दीन कुरैशी,सरफराज, समीम , दानिश,अशब कुरैशी, अफजल, कैफ़ी कुरैशी,अरशद कुरैशी,तालिब सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। खादगढ़ा टीओपी प्रभारी आकाश भरद्वाज , मंटू सिंह सुरक्षा को लेकर जुलूस के साथ साथ यूनियन बैंक से लेकर कांटा टोली चौक के आगे तक तैनात रहे। वहीं शहर में एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी सुभांशु जैन, ट्रैफिक एसपी हरीश बिन जमा, डीएसपी दीपक कुमार, प्रकाश सोंय, प्रभात बरवार , राजा मित्रा,प्रवीण कुमार सहित विभिन्न थाना के थाना प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में जुलूस की सुरक्षा को लेकर तैनात रहे।

# पाकिस्तान के बिजनेसमैन ने अंजू को भेंट किया प्लॉट



एजेंसी

**काबुल :** पाकिस्तान के एक बिजनेसमैन ने अंजू से फातिमा बनी भारतीय महिला को प्लॉट भेंट किया है. साथ ही मदद के तौर पर एक चेक भी सौंपा है. हालांकि, चेक में कितने पाकिस्तानी रुपए अंकित हैं, इसका जिक्र नहीं है. राजधानी इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में नसरुल्ला के घर तोहफा लेकर पहुंचे बिजनेसमैन ने अंजू उर्फ फातिमा को अपनी कंपनी में भी नौकरी देने का वादा किया है.

पाक स्टार ग्रुप ऑफ कंपनीज के सीईओ मोहसिन खान अब्बासी ने कहा कि दूसरे मुल्क से आई महिला ने इस्लाम को अपनाया है. इसलिए हमारी जिम्मेदारी बनती है कि उसको किसी भी तरह की दिक्कत न हो. पाकिस्तान में कोई कमी महसूस न हो. बिजनेमैन अब्बासी ने बताया कि उनकी पाक सिटी कंपनी रियल एस्टेट के क्षेत्र में काम करती है. हमारे बोर्ड मेंबर्स ने तय किया कि अंजू उर्फ फातिमा को शहर में 10 मारला (272.251 वर्ग फीट) साइज का प्लॉट घर के लिए दिया जाए. इसके साथ ही पाकिस्तान में भारतीय महिला के दस्तावेजों की कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही उसे पाक स्टार ग्रुप नौकरी भी देगा और साथ ही घर बैठे सैलरी देगा.खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ऊपरी दीर जिले पहुंचे बिजनेसमैन अब्बासी ने इस्लाम के अंदर दाखिल होने पर ईसाई महिला अंजू का तहेदिल से इस्तकबाल किया. उन्होंने पाकिस्तानी सरकार से भी अंजू और नसरुल्ला की फैमिली को सपोर्ट करने की गुहार लगाई.

यही नहीं,बिजनेसमैन अब्बासी ने पाकिस्तान के दूसरे अमीर लोगों से भी अंजू को तोहफे देने की गुजारिश की. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में भी बहुत पैसे वाले लोग हैं. उनको भी मदद के लिए आगे आना चाहिए.

## मध्य प्रदेश 785 टाइगर की संख्या के साथ फिर बना चैंपियन, कर्नाटक 563 की संख्या के साथ दूसरे स्थान पर

**रामनगर :** उत्तराखंड के रामनगर के ढिकुली में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा पर स्थित एक होटल में शनिवार को ग्लोबल टाइगर दिवस पर सम्मेलन देश के सभी 53 बाघ अभयारण्यों का परिणाम राज्यवार आंकड़े जारी किए गए। पिछली बार की तरह इस बार भी मध्य प्रदेश बाघों की संख्या के मामले में चैंपियन बना हुआ है। कर्नाटक और उत्तराखंड क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। देश के टाइगर रिजर्वों में कॉर्बेट में 260 बाघ होने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2018 में यहां 231 बाघ थे। उत्तराखंड प्रदेश में कुल बाघ ब?कर 560 हो गए हैं, जबकि वर्ष 2018 में यह संख्या 442 थी। उत्तराखंड के दूसरे टाइगर रिजर्व राजाजी में बाघों की संख्या 54 बताई गई है, इससे पहले यहां 38 बाघ पाए गए थे। देश भर के लगभग सभी जोनों में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।


डेंगू रोधी माह
(जुलाई 2023)

डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है




याद रखें- प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट- अपने घर एवं आस पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

**क्या करें**

- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

**क्या नहीं करें**

- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें।
- शरीर को पूरी तरह न ढकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।

ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

104 स्वास्थ्य सलाह के लिए डायल करें

PR NO-303550 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार